* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

01 अक्टूबर, 2023
अश्विन, शुक्ल पक्ष, द्वितीय
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 08, अंक 341

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

भोपाल में एयर-शो : सूर्य किरण ने बनाया डायमंड शेप, एयरक्राफ्ट ने हवा में भरा फ्यूल









अमेरिका में कनाडा पर चढ़े विदेश मंत्री, कहा

## अभिव्यक्ति की आजादी पर सीख नहीं चाहिए: जयशंकर

कनाडा में दूतावास पर बम फेंके, डिप्लोमैट्स को धमकाया, ये साधारण नहीं

एजेंसी



**वॉशिंगटन।** भारत और कनाडा के बीच तनाव बढ़ रहा है। इस बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने वॉशिंगटन में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत को अभिव्यक्ति की आजादी पर किसी और से सीखने की जरूरत नहीं है। अभिव्यक्ति की आजादी को इस हद तक बढ़ावा नहीं दिया जा सकता कि वह हिंसा भड़काने के लिए इस्तेमाल होने लगे। यह बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। वह कनाडा पर जम कर बरसे। जयशंकर ने कहा कि हमारे मिशंस पर स्मोक बॉम्ब फेंके जाते हैं। डिप्लोमैट्स को धमकाया जाता है और उनके खिलाफ जगह-जगह पोस्टर लगाये जाते हैं। क्या यह आम बात है? अभी ये भारत के खिलाफ हुआ है, ये किसी और देश के खिलाफ किया गया होता, तब भी क्या इस मामले को इतना ही सामान्य समझा जाता? कनाडा में जो कुछ भी हुआ, वह कोई छोटी या आम बात नहीं है।

जयशंकर ने सवाल पूछते हुए कहा कि अगर किसी और की एंबैसी और लोगों पर हमले हो रहे होते तो वे कैसे रिएक्ट करते? हम बताना चाहते हैं कि हमारे दरवाजे बंद नहीं हैं, अगर किसी के पास कोई ठोस जानकारी है, तो आप उसे साझा करें। हम इस पर बात करने के लिए तैयार हैं।

पीएम भाजपा की संकल्प यात्रा में हुए शामिल

## पीएससी घोटाला करनेवालों को नहीं छोड़ेंगे : नरेंद्र मोदी

- कांग्रेस पर साधा निशाना, कहा, छत्तीसगढ़ में सिर्फ घोटाले ही घोटाले

आजाद सिपाही संवाददाता



**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिलासपुर में भाजपा की परिवर्तन यात्रा का समापन करने पहुंचे। उन्होंने अपने भाषण की शुरूआत जह जोहार से करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में परिवर्तन तय हो गया है। हमारा एक ही नेता है कमल, हमारा एक ही उम्मीदवार है कमल। हर बूथ पर जब तक कमल नहीं खिलेगा हम चैन से नहीं रहेंगे। मोदी ने अऊ नहीं सहिबो, बदल के रहिबो का नारा लगाया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने युवाओं के साथ धोखा किया। लेकिन भाजपा की सरकार बनते ही पीएससी घोटाले की जांच कर कठोर कार्रवाई की जायेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सिर्फ घोटाले ही घोटाले हैं। हर योजना में भ्रष्टाचार हावी है। छत्तीसगढ़ अब कांग्रेस को हटाने और भाजपा को लाने के लिए पूरी तरह तैयार है। पूरा प्रदेश कुशासन से त्रस्त है। भाजपा ने छत्तीसगढ़ के लोगों के सामर्थ्य को समझा। अटल जी ने छत्तीसगढ़ का निर्माण किया। मोदी ने कहा कि आज मैं गारंटी देने आया हूं, आपके सपने को साकार करने के लिए मोदी कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगा। आपका सपना अब मोदी का संकल्प है। छत्तीसगढ़ में भी अब भाजपा सरकार होगी।

प्रधानमंत्री ने केंद्र सरकार की उपल्बधियों को गिनाया और कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि गरीब के साथ अन्याय कांग्रेस के अलावा किसी ने नहीं किया। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा गरीब कल्याण अन्न योजना, महिलाओं, किसानों, युवाओं, विश्वकर्मा योजना, महिला आरक्षण समेत अन्य उपल्बधियों को गिनाया।

शाजापुर सभा में भाजपा पर साधा निशाना

## आरएसएस ने मोदी को हिंसा फैलाने का काम सौंपा: राहुल

पार्टी की जनआक्रोश यात्रा में हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता



**शाजापुर।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ओबीसी की सरकार नहीं चलाते। वे दलितों-आदिवासियों के लिए भी काम नहीं करते हैं। उनका काम तो ध्यान इधर-उधर करने का है, नफरत और हिंसा फैलाने का है। यह काम उन्हें आरएसएस ने सौंपा है। राहुल शनिवार को मध्य प्रदेश के शाजापुर में सभा को संबोधित कर रहे थे। राहुल कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा में भी शामिल हुए। राहुल ने कहा कि हिंदुस्तान को 90 अफसर (कैबिनेट सेक्रेटरी और सेक्रेटरी ऑफ गवर्मेंट ऑफ इंडिया) चलाते हैं। ये निर्णय लेते हैं कि पैसा कहां जायेगा, लेकिन इनमें तीन अफसर ही ओबीसी हैं। हिंदुस्तान के पूरे बजट में 5 फीसदी की भागीदारी ही ओबीसी अफसरों की है, जबकि ओबीसी की आबादी हिंदुस्तान में 50 फीसदी है। राहुल ने कहा कि देश के सामने एक ही मुद्दा है, जातीय जनगणना। ओबीसी कितने हैं? उनकी भागीदारी कितनी होनी चाहिए? जब जातीय जनगणना का सवाल उठाता हूं, तो भाजपा के लोग कांपने लग जाते हैं। नरेंद्र मोदी भागने लग जाते हैं। अमित शाह हिंदू-मुस्लिम करेंगे। कांग्रेस सरकार आने पर जातीय जनगणना का काम हम करके दिखायेंगे।

तारा शाहदेव लव जिहाद मामला

## रकीबुल, मुश्ताक और कौशल रानी दोषी करार

5 अक्तूबर को सजा सुनायी जायेगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सीबीआइ कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने नेशनल शूटर तारा शाहदेव से जुड़े केस में अपना फैसला सुना दिया है। सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने 23 सितंबर को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट ने इस केस में ट्रायल फेस कर रहे तीनों आरोपियों रकीबुल हसन, हाइकोर्ट के बर्खास्त पूर्व रजिस्ट्रार (विजिलेंस) मुश्ताक अहमद और कोहली की मां कौशल रानी को दोषी करार दिया है। दोषियों की सजा की बिंदु पर अदालत 5 अक्टूबर को सुनवाई करेगा। दोषी करार दिये जाने के बाद कोर्ट के आदेश से दोषियों को न्यायिक हिरासत में ले लिया गया है।

फैसले के दौरान कोर्ट में मौजूद पीड़िता तारा शाहदेव ने कहा कि मैंने इंसाफ मांगा था और कोर्ट में मुझे इंसाफ दिया। आज के दिन का लंबे समय से इंतजार था। बता दें कि सीबीआइ की ओर से केस साबित करने के लिए कुल 26 गवाह पेश किये गये। उन गवाहों और सीबीआइ द्वारा पेश किये गये सबूतों के आधार पर कोर्ट ने रकीबुल हसन उर्फ रंजीत कोहली, मुश्ताक अहमद और कौशल रानी को दोषी करार दिया। वहीं बचाव पक्ष द्वारा पेश किये गये चार गवाह कोर्ट में तीनों की बेगुनाही साबित नहीं कर पाये।

### सीबीआइ ने 2015 में केस को किया था टेक ओवर

बता दें कि कोर्ट ने 2 जुलाई 2018 को तीनों आरोपियों रकीबुल हसन उर्फ रंजीत कोहली, मुश्ताक अहमद और कौशल रानी के खिलाफ आरोप गठित किया था। रांची के हिंदपीढ़ी थाना में दर्ज प्राथमिकी 742/2014 को सीबीआइ ने वर्ष 2015 में टेक ओवर किया था। सीबीआइ की दिल्ली ब्रांच ने इस मामले में कांड संख्या आरसी/ 9एस/15 दर्ज किया था।

### मारपीट, धर्म परिवर्तन और छेड़छाड़ करने का आरोप

रकीबुल हसन, मुश्ताक अहमद और कौशल रानी पर सोची समझी साजिश के तहत तारा शाहदेव के साथ मारपीट करने, धर्म परिवर्तन के लिए प्रताड़ित करने और उसके साथ छेड़छाड़ करने का आरोप था, जो कोर्ट के फैसले के बाद अब प्रमाणित हो गया है। यह भी आरोप था कि शादी के कुछ दिनों बाद तारा जब मुश्ताक अहमद के घर इफ्तार पार्टी में गयी, तो उसने गलत नियत से उसके साथ छेड़छाड़ की।

आजसू महाधिवेशन का दूसरा दिन कई विषयों पर चर्चा

## हेमंत सरकार षडयंत्र कर रही: सुदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

- दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों के साथ हो रहा धोखा
- खतियान आधारित स्थानीयता झारखंडी सपना, इसे हासिल करके रहेंगे
- स्थानीय नीति, रोजगार नीति, स्वशासन-सुशासन व युवा नीति




**रांची।** आजसू पार्टी महाधिवेशन के दूसरे दिन आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि खतियान आधारित स्थानीयता नीति झारखंड के मूलवासियों एवं आदिवासियों का सिर्फ एक मांग पत्र नहीं है। यह हमारे पूर्वजों का सपना है, जिसके लिए झारखंड की धरती ने बहुत कुर्बानियां दी हैं। यह आज की पीढ़ी का एक दृढ़ संकल्प भी है। हम इसके लिए वैधानिक ढांचों के अंतर्गत तब तक ईमानदारी से लड़ते रहेंगे, जब तक इसे हासिल नहीं कर लेते। इसके लिए राज्य के हर युवा को यदि सर पर कफन बांध कर भी निकलना पड़े तो हम सभी निकलेंगे। सुदेश महतो ने कहा कि स्व विनोद बिहारी महतो और शहीद निर्मल महतो के बलिदान को व्यर्थ नहीं होने देंगे। पूर्वजों ने इसके लिए अपनी जाने दी हैं और अब इसे हासिल करना हमारी जिद है। राज्य के दलित, अल्पसंख्यक और पिछड़े तथा आदिवासी हमारा साथ दें, हम खतियान आधारित स्थानीयता नीति देंगे।

सुदेश ने कहा कि मौजूदा सरकार राज्य के मूलवासी विशेषकर दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों के साथ षडयंत्र कर रही है। उन्हें धोखा दे रही है। सदन में सरकार कहती है कि कानूनी रूप से खतियान आधारित स्थानीयता नीति संभव नहीं है, लेकिन सड़कों पर बड़े-बड़े पोस्टर चिपकती है कि हमने राज्य के मूलवासी-आदिवासी को 1932 खतियान आधारित स्थानीयता नीति दे दी है। यह षडयंत्र नहीं है तो क्या है? सरकार अपनी नियोजन नीति से 1932 खतियान आधारित स्थानीयता नीति से जोड़कर नियुक्ति हेतु विज्ञापन क्यों नहीं निकलती है। इन कानूनी उलझनों को सुलझाना उनकी जिम्मेदारी है, जो सरकार में बैठे हैं। लेकिन यह सरकार वास्तव में दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों के प्रति ईमानदार नहीं है। यह षड्यंत्रकारी सरकार है। आजसू पार्टी यह संकल्प लेती है कि हम इन वर्गों को इनका अधिकार, शहीदों के सपनों के अनुसार दिलाना सुनिश्चित करेंगे। हम कानूनी दांव पेच से निपटेंगे। बस आपका आशीर्वाद, सहयोग और ऊर्जा की ताकत मुझे मिले। आप निराश मत होइए। अपने सपनों को जिंदा रखें। हम इसे साकार करेंगे। इसे सच कर दिखायेंगे।

## न्यूज रील्स

### भीड़ ने पीट-पीटकर युवक को मारा, 9 गिरफ्तार

जयपुर। जयपुर के भीड़भाड़े वाले इलाके में एक युवक की हत्या से दहशत फैल गयी है। बाइक की टक्कर के बाद विवाद शुरू हुआ था। इस दौरान झगड़ा कर रहा एक युवक रोकने आये लोगों से गाली-गलौज करने लगा। इसके बाद लोगों ने सरिये-डंडे से ताबड़तोड़ वार कर उसे लहूलुहान कर दिया। इलाज के दौरान युवक की मौत हो गयी। पुलिस ने 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### 7 अक्टूबर तक बदल सकते हैं 2000 के नोट

नयी दिल्ली। केंद्रीय रिजर्व बैंक ने 2000 रुपये के नोटों को बदलने और जमा करने की समय सीमा 30 सितंबर से बढ़ा कर 7 अक्टूबर कर दी है। आरबीआइ की ओर से जारी बयान के मुताबिक मई से 29 सितंबर तक बैंकों में लगभग 3.42 लाख करोड़ रुपये के 2000 रुपये के नोट वापस आ गये। यह इस मूल्यवर्ग में प्रचलित मुद्रा का 96 प्रतिशत हिस्सा है।

### चुनाव में नहीं लगवायेंगे पोस्टर : नितिन गडकरी

वाशिम। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि इस बार लोकसभा चुनावों में वे पोस्टर-बैनर नहीं लगवायेंगे। न ही चाय-पानी पिलवायेंगे। जिसको वोट देना है, वह खुद आकर देगा। जिसको नहीं देना है, वह नहीं देगा। गडकरी महाराष्ट्र के वाशिम में तीन राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के उद्घाटन मौके पर बोल रहे थे।

### 31 साल पुराने केस में 215 दोषी करार

चेन्नई। तमिलनाडु के वचथी गांव के 31 साल पुराने रेप केस में मद्रास हाइकोर्ट ने 215 लोगों को दोषी करार किया है। दोषियों में पुलिसवाले, फॉरेस्ट और रेवेन्यू अधिकारी शामिल हैं। 1992 में इन लोगों ने आदिवासी गांव वचथी में 18 महिलाओं का रेप और पुरुषों को टॉर्चर किया था। 2011 में एक लोअर कोर्ट ने इन लोगों को दोषी ठहराया था। हाइकोर्ट ने लोकर कोर्ट का फैसला बरकरार रखा।

डेंगू
कैसे करें पहचान
कैसे रहें सावधान




डेंगू/चिकनगुनिया संक्रमित एडिस मच्छर के काटने से होता

याद रखें
प्रत्येक रविवार दिन में 10 बजे, 20 मिनट अपने घर एवं आस-पास मच्छरों के प्रजनन को रोकने हेतु आवश्यक उपाय करें

डेंगू से बचाव के लिए संदेश
- डेंगू फैलाने वाले एडिस मच्छर ठहरे हुए साफ पानी में पनपते हैं।
- अपने घर के आस-पास एवं घर में कूलर, बाल्टी, फूलदान, फ्रिज ट्रे तथा नारियल के खोपड़े में पानी जमा नहीं होने दें।
- टूटे हुए बर्तन, प्रयोग में नहीं आने वाले बोतल, टिन, बेकार के टायरों को जमा न रखें, क्योंकि बारिश के मौसम में इन्ही में पानी जमा होता है, जिसमें एडिस मच्छर पनपते हैं।
- पानी जमा करने वाले सभी बर्तनों एवं पानी की टंकी को अच्छी तरह ढंक कर रखें।
- अपने कूलर को हमेशा साफ रखें। उसमें दुबारा पानी भरने से पहले उसे रगड़ कर साफ करके सुखा लें।
- फूलदान, पैन तथा पालतू पक्षियों के पानी पीने के बर्तन में सप्ताह में एक बार पानी को बदल दें।
- एडिस मच्छर हमेशा दिन के समय काटते हैं, इसलिये पूरे शरीर को ढंकने वाले कपड़े पहनें।
- जिन क्षेत्रों में मच्छरों का प्रकोप अधिक है, उन क्षेत्रों में जाने से पहले अपनी त्वचा पर मच्छररोधी क्रीम का प्रयोग करें।
- मच्छरों से बचाव के लिए घर की खिड़की तथा दरवाजे पर जाली लगवाएं।
- डेंगू बुखर के उपचार के लिये कोई विशेष दवा नहीं है। अगर डेंगू के लक्षण दिखायी दे, तो तुरंत चिकित्सक से से सम्पर्क करें।

डेंगू के लक्षण
- अचानक तेज बुखार आना, पहचान खोना
- तेज सिर दर्द
- आँखों के पिछले हिस्से में दर्द
- जोड़ों एवं मांसपेशियों में दर्द
- नाक बहना, उल्टी होना
- छाती और हाथों में खसरा जैसे चकते/दाने निकल आना
- मसूड़ों तथा अन्त:स्रावी ग्रन्थियों से खून बहना
- भोजन में अरुचि, भूख न लगना

क्या करें
- डेंगू/चिकनगुनिया फैलाने वाले एडिस मच्छर साफ पानी में ही पनपते हैं, इसलिए पानी के बर्तनों, पानी की टंकी आदि को ढंक कर रखें। घर के आस-पास सफाई रखें।
- हमेशा मच्छरदानी के अंदर ही सोयें।
- एडिस मच्छर हमेशा दिन के समय काटते हैं, इसलिए पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें।
- डेंगू/चिकनगुनिया बुखार के उपचार के लिए कोई विशेष दवा नहीं है। अगर डेंगू/चिकनगुनिया के लक्षण दिखाई दे, तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें।
- मच्छरों से बचाव के लिए घर की खिड़की तथा दरवाजे पर जाली लगवाएं।

याद रखें
बचाव इलाज से बेहतर होता है। किसी भी बुखार को हल्का न लें, यह डेंगू हो सकता है। तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें।



डेंगू क्या है?
डेंगू एक वायरल और गंभीर फ्लू की तरह संक्रमित रोग है, जो संक्रमित एडिस मच्छर के काटने से फैलता है। संक्रमित मच्छर के काटने के 5 - 6 दिन बाद मनुष्य में डेंगू के लक्षण दिखाई देने लगते हैं। डेंगू के दो रूप हैं-डेंगू बुखार और डेंगू हेमोरेजिक बुखार (डी.एच.एफ.)

डेंगू कैसे होता है?
डेंगू मुख्यत: संक्रमित मादा एडिस मच्छर के काटने से होता है। एडिस मच्छर ठहरे हुए साफ पानी में, जो घर के अंदर और घर के आस-पास टूटे हुए बर्तन, प्रयोग में नहीं आने वाले बोतल, टिन, बेकार के टायरों, कूलर, बाल्टी, फूलदान, फ्रिज ट्रे तथा नारियल के खोपड़े में जमा पानी में पनपते हैं।

डेंगू किसे हो सकता है?
कोई भी व्यक्ति, जिसे संक्रमित मादा एडिस मच्छर काट ले उसे डेंगू होने की सम्भावना होती है। संक्रमित मादा एडिस मच्छर के काटने से अधिकतर लोग डेंगू से प्रभावित होते हैं, लेकिन वैसे लोग डेंगू से जल्दी प्रभावित हो सकते हैं, जिनमें रोग रोधण क्षमता कम होती है तथा वैसे लोग, जो पहले भी डेंगू से संक्रमित हो चुके हैं।

एडिस मच्छर की पहचान
एडिस मच्छर के शरीर पर काली और सफेद धारियां होती हैं।

सावधानी
लक्षण के आधार पर रोगी की सही समय पर जाँच एवं उपचार प्रारंभ हो जाना चाहिये। जाँच और उपचार में विलम्ब होने पर रोग जटिल या गंभीर हो सकता है तथा रोगी की मौत भी हो सकती है।

तेज बुखार, जोड़ों एवं मांसपेशियों में दर्द को अनदेखा न करें, यह डेंगू/चिकनगुनिया हो सकता है।

लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत सहिया/ए.एन.एम. दीदी से संपर्क करें।

आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना की जानकारी के लिए डायल करें-टॉल फ्री नं. 14555/18003456540

स्वास्थ्य सलाह के लिए मेडिकल हेल्पलाईन टॉल फ्री नं. 104 पर डायल करें

आकस्मित स्थिति में किसी भी मरीज को एम्बुलेंस द्वारा स्वास्थ्य केन्द्र पर पहुंचाने के लिए डॉयल करें-108

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

P.R. 308115 (Health Med Edu and Family Welfare) 23-24

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No. 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 01 अक्टूबर, 2023
www.azadsipahi.in



# यूपी में अखिलेश तय करेंगे कांग्रेस का भविष्य

## ■ सपा प्रमुख के रुख के कारण विपक्षी गठबंधन में असमंजस

## ■ सीट शेयरिंग के मुद्दे पर बराबरी की भूमिका चाहती है कांग्रेस

**उत्तरप्रदेश में विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए जमीन पर उतरने से पहले ही विवादों के जाल में जकड़ता दिख रहा है। सबसे बड़ा पेंच सीट शेयरिंग को लेकर फंसने वाला है। एक तरफ आइएनडीआइए की बैठकों में यूपी में विपक्ष का चेहरा अखिलेश यादव को बताया जा रहा है, दूसरी तरफ सहयोगी दलों के बीच सीटों को लेकर महाभारत छिड़ने के आसार साफ दिखने लगे हैं। अखिलेश यादव सीट शेयरिंग को लेकर खुल कर बोल रहे हैं। शनिवार को भी उन्होंने एक बयान दिया, जिस पर राजनीतिक चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। अखिलेश यादव ने यूपी में आइएनडीआइए में अपने महत्व को साफ कर दिया है। उन्होंने साफ-साफ कहा है कि प्रदेश में समाजवादी पार्टी आइएनडीआइए से सीटें मांगेगी नहीं, बल्कि अपने सहयोगियों को सीटें देगी। यूपी चुनाव 2022 की तर्ज पर समाजवादी पार्टी की कोशिश लोकसभा में तमाम राजनीतिक दलों को अपनी छत्रछाया में चुनाव लड़ाने की है। शायद ही यह कांग्रेस को मंजूर हो। यही वजह है कि लोकसभा चुनाव 2024 के लिए सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच एक मौन रस्साकशी चल रही है। क्या होगा सपा और कांग्रेस के टग ऑफ वॉर में आइएनडीआइए का, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह





यूपी में आइएनडीआइए के सहयोगी दलों की आकांक्षाएं काफी बड़ी हैं। दावे भी उसी हिसाब से बड़े हैं। कांग्रेस पार्टी की ओर से पिछले दिनों सभी 80 सीटों पर तैयारी पुख्ता होने का दावा किया गया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने एक कार्यक्रम में कहा कि कांग्रेस सभी 80 सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

### सीट शेयरिंग को लेकर बड़े-बड़े दावे

लोकसभा चुनाव में सीट शेयरिंग को लेकर बड़े-बड़े दावे किये जाने लगे हैं। कांग्रेस ने तो एक प्रकार से समाजवादी पार्टी के कोर वोट बैंक में सेंधमारी की बात ही सीधे तौर पर करनी शुरू कर दी है। पार्टी नेताओं का दावा है कि प्रदेश में मुस्लिम समुदाय कांग्रेस को वोट करनेवाला है। इस समुदाय का कांग्रेस के प्रति विश्वास बढ़ा है। यह विश्वास इस बार के चुनाव में दिखने वाला है। कांग्रेस पार्टी की ओर से किये जा रहे दावों को समाजवादी पार्टी अपने ऊपर हमला मान रही है। दरअसल, हालिया चुनावों में मुस्लिम वोट बैंक ने एकमुश्त समाजवादी पार्टी को वोट दिया है। पार्टी इसे अपना कोर वोट बैंक मानती रही है। मुलायम सिंह यादव के समाजवादी पार्टी गठन के बाद से माय (मुस्लिम-यादव) समीकरण क्षेत्र में प्रभावी रहा है।

### मुसलमान कांग्रेस पर करें विश्वास

कांग्रेस अब मुस्लिम वोट बैंक का अपने ऊपर विश्वास बढ़ने की बात कर रही है, तो सपा नेताओं का कहना है कि क्या हमसे वोट बैंक का विश्वास कम हुआ है? इस प्रकार के सवालों ने गठबंधन में अविश्वास की स्थिति पैदा करनी शुरू कर दी है। एक तरफ अखिलेश पिछड़, दलित, अल्पसंख्यक फ्रंट के जरिये इस बार के चुनाव में बड़ी जीत का दावा कर रहे हैं, दूसरी तरफ, कांग्रेस अल्पसंख्यक वोट बैंक का विश्वास अपने ऊपर बढ़ने का दावा कर चुनावों में अलग रणनीति के साथ उतरने की तैयारी में है।

### 20 से अधिक सीटों पर जीत का दावा

इस बार कांग्रेस वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव की तर्ज पर 20 से अधिक सीटों पर जीत का दावा करती दिख रही है। पार्टी के सीनियर नेता भी कम से कम 25 सीटों पर चुनाव लड़ने की बात कर रहे हैं। गठबंधन में टकराव बढ़ने की स्थिति में पार्टी 20 सीटों तक पर मान सकती है, लेकिन इससे कम पर पार्टी मानने को तैयार होती नहीं दिख रही है। कांग्रेस की नजर लोकसभा चुनाव 2019 के सपा-बसपा गठबंधन पर है।

दरअसल, लोकसभा चुनाव 2019 में सपा-बसपा गठबंधन में बसपा बड़ी भूमिका में थी। उस चुनाव में बसपा ने 38 और सपा ने 37 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे। पांच सीटें सहयोगी दलों के लिए छोड़ी गयी थीं। कांग्रेस के अंदरूनी सूत्रों का दावा है कि सपा के लिए 2019 से स्थिति में कोई खास सुधार नहीं हुआ है। विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव की राजनीति अलग होती है।

### आइएनडीआइए के तमाम सहयोगियों को सपा सीटें देगी

लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस के बड़े-बड़े दावों के बीच सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का बयान काफी मायने रखता है। उन्होंने साफ कहा है कि यूपी में आइएनडीआइए के तमाम सहयोगियों को समाजवादी पार्टी सीटें देगी। अन्य राज्यों में दूसरी पार्टियों से सीटें लेगी। मतलब साफ है कि सपा की रणनीति राष्ट्रीय स्तर की राजनीति में पैठ बनाने की है। इसके लिए पार्टी कांग्रेस के साथ-साथ खुद को भी राष्ट्रीय फलक पर स्थापित करने की कोशिश करती दिख रही है। पार्टी ने मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में होने जा रहे विधानसभा चुनावों को लेकर अपनी दावेदारी पेश कर दी है। पार्टी इन राज्यों में कांग्रेस से टिकट चाहती है। माना जा रहा है कि आइएनडीआइए की एकजुटता की परीक्षा इन विधानसभा चुनावों में हो जायेगी। यहीं से लोकसभा चुनाव 2024 की राह निकलेगी।

### कांग्रेस को मिल सकती हैं पांच सीटें


लोकसभा चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी के लिए रणनीति तैयार करनेवाले सभी नेताओं का मानना है कि यूपी में कांग्रेस सिंगल डिजिट से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ने की स्थिति में नहीं है। ऐसे में पार्टी की ओर से कांग्रेस को पांच से छह सीटें ऑफर की जा सकती हैं। इसमें कांग्रेस की परंपरागत सीट रही रायबरेली और अमेठी भी शामिल हैं। इसके अलावा तीन से चार और सीटें सपा कांग्रेस को देगी। वहीं, पार्टी राष्ट्रीय लोक दल को भी चार से पांच सीटें दे सकती है। रालोद की ओर से पश्चिमी यूपी के तमाम जिलों में चुनावी तैयारी चल रही है। पार्टी हर हाल में 12 से 15 सीटों पर दावा कर रही है। ऐसे में आइएनडीआइए की गाड़ी सीट शेयरिंग के मामले में पटरी से उतरती दिखती है। सपा और कांग्रेस के टॉप लीडरशिप की ओर से अभी तक इस संबंध में कोई बयान नहीं आया है, लेकिन निचले स्तर पर एक संदेश खूब प्रचारित हो रहा है। अपने स्तर पर तैयारी पूरी रखने का संदेश। कहा जा रहा है कि गठबंधन के लिए आगे की राह कठिन है। निश्चित रूप से यह अनुमान पार्टियों के कार्यकर्ताओं की ओर से लगाया जा रहा है। सूत्रों का तो यहां तक कहना है कि कांग्रेस ने बसपा के साथ गठबंधन का रास्ता खुला रखा है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी की टीम बसपा के संपर्क में है।

### नीतीश ने अखिलेश को बताया नेता

विपक्षी गठबंधन की कवायद के साथ ही अखिलेश यादव ने राष्ट्रीय पार्टियों को क्षेत्र में पकड़ के हिसाब से सीटों पर समझौते की बात कही थी। बड़ी ताकत को हराने के लिए समेकित ताकत का संदेश दिया था। आइएनडीआइए की बैठकों के दौरान विपक्षी गठबंधन को आकार देने में भूमिका निभाने वाले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अखिलेश यादव को ही यूपी में विपक्ष का चेहरा बताया, लेकिन, कांग्रेस अपनी बदली रणनीति के साथ समाजवादी पार्टी की टेंशन बढ़ाने में जुटी हुई है। वहीं, सपा नेताओं का कहना है कि गठबंधन की बैठकों में यह निर्णय लिया गया था कि यूपी में अखिलेश यादव विपक्ष का नेतृत्व करेंगे। नीतीश कुमार ने भी पहले ऐसा कहा है। इसके बाद भी कांग्रेस अपनी हलचल बढ़ाये हुए है। कांग्रेस धीरे-धीरे और चुपचाप मुसलमानों, दलितों और अति पिछड़े ओबीसी तक पहुंच बढ़ा रही है। इस सक्रियता से सपा और कांग्रेस के बीच अविश्वास का माहौल पनप रहा है।

## राजनीतिक हलचल

# ठाकुर के मुद्दे से क्या आनंद मोहन बिहार की राजनीति में एक्टिव होना चाहते हैं



ठाकुर का कुआं कविता पर आक्रामक रुख अपना कर बिहार की राजनीति में पूर्व सांसद आनंद मोहन इन दिनों काफी चर्चा में हैं। आनंद मोहन शायद फिर पुराने तेवर में दिखना चाहते हैं। राजपूत समाज का नेता बनना चाहते हैं। इसलिए ठाकुरों को केंद्र में रख कर राज्यसभा में राजद के सांसद मनोज झा की ओर से पढ़ी गयी कविता को उन्होंने औजार बना लिया है। यह कितना कारगर होगा, समय बतायेगा, लेकिन यह बात अब किसी से छिपी नहीं है कि जिस आरजेडी के सांसद मनोज झा को केंद्र कर उन्होंने हंगामा खड़ा करने की कोशिश की है, उनका परिवार उसी आरजेडी की कृपा से आज खुशहाल है। आरजेडी ने न सिर्फ उनके बेटे चेतन आनंद को विधायक बनाया, बल्कि उनकी पत्नी लवली आनंद को भी पार्टी में जगह दी। जेल से छूटने के बाद आनंद मोहन किसी पार्टी में नहीं हैं, लेकिन उनकी रिहाई के पीछे आरजेडी की भूमिका की जानकारी सबको है। यह अलग बात है कि आरजेडी के नेतृत्व वाली महागठबंधन सरकार ने आनंद मोहन की रिहाई के लिए जेल मैन्युअल में जो संशोधन किया, उसका लाभ अन्य लोगों को भी मिल गया। पिछले दिनों आनंद मोहन अपनी पत्नी लवली आनंद के साथ लालू प्रसाद यादव से मिलने राबड़ी देवी के आवास पर गये थे। लालू ने मिलने से मना कर दिया। उनसे लालू के न मिलने के कारण चाहे जो रहे हों, लेकिन यह आनंद मोहन को जरूर नागवार लगा होगा। उसके तुरंत बाद आरजेडी के राज्यसभा सांसद मनोज झा का ठाकुर का कुआं का संसद में पाठ प्रकरण आ गया। यह आनंद मोहन के लिए अनुकूल मौका था। उन्होंने मनोज झा के कविता पढ़ने को मुद्दा बना लिया। राज्यभर में राजपूतों के बीच यह संदेश देने की कोशिश की कि आरजेडी सांसद मनोज झा ने जानबूझ कर ठाकुरों के अपमान के लिए यह कविता पढ़ी। तर्क भी दिया कि महिला आरक्षण पर बहस के दौरान इस कविता को पढ़ने की जरूरत क्यों पड़ गयी। आनंद मोहन ने लालू के न मिलने का जवाब अलग अंदाज में दिया है। उन्होंने संदेश देने की कोशिश की है कि लालू के इशारे पर ही मनोज झा ने कविता पढ़ी। आरजेडी के साथ जिन राजपूत नेताओं के ताल्लुकात हैं, उनकी ओर से कोई बयान इस मुद्दे पर अभी तक नहीं आया है। यहां तक कि अक्सर अपने टेढ़-मेढ़े बयानों के लिए चर्चित आरजेडी के विधायक सुधाकर सिंह और पार्षद सुनील कुमार सिंह भी खामोश हो गये हैं। आरजेडी के विरोध के बहाने आनंद मोहन ने राजपूतों में अपनी पकड़ को परखने की कोशिश भी की है। शायद वे देखना चाहते हों कि मंडल कमीशन के दौर में अपनी बिरादरी में उनकी जो छवि बनी थी, वह आज भी बरकरार है या नहीं। चर्चा तो यह भी है कि आनंद मोहन अपनी पुरानी बिहार पीपुल्स पार्टी को पुनर्जीवित करना चाहते हैं। नवंबर में उन्होंने पटना में एक बड़ी रैली करने की घोषणा भी की है। रैली से पहले उन्हें जातीय गोलबंदी का यह अवसर अनुकूल लगा होगा। कुछ हद तक उन्हें इसमें कामयाबी भी मिली है। दूसरे और सीधे शब्दों में कहें तो आनंद मोहन आरजेडी से अब कोई ताल्लुक नहीं रखना चाहते।

# ज्योतिरादित्य सिंधिया के गढ़ में बीजेपी को हो सकता है बड़ा नुकसान



मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर बीजेपी अपनी रणनीति बदल रही है। सत्ता में वापसी के लिए बीजेपी ने अपने दिग्गज नेताओं को चुनाव मैदान में उतार दिया है। चुनाव के लेकर एक सर्वे रिपोर्ट सामने आयी है, जिसमें बीजेपी को बड़ा झटका लगता दिख रहा है। हालांकि बीजेपी नेताओं का कहना है कि सर्वे रिपोर्ट 20 सितंबर तक की है, जबकि बीजेपी ने अपनी रणनीति में बदलाव 27 सितंबर के बाद किया है। बीजेपी को सबसे बड़ा झटका ग्वालियर-चंबल इलाके में लगता दिख रहा है। यह इलाका केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का है। ग्वालियर-चंबल इलाके से बीजेपी के दो नेता केंद्र में मंत्री है। नरेंद्र सिंह तोमर और ज्योतिरादित्य सिंधिया। साल 2020 में हुए उपचुनाव में बीजेपी को फायदा मिला था, लेकिन सर्वे रिपोर्ट में एमपी के ग्वालियर और मालवा इलाके में झटका लगता दिख रहा है। बीजेपी को सबसे बड़ा झटका ग्वालियर-चंबल इलाके में लगता दिख रहा है। इलाके में विधानसभा की 34 सीटें हैं। इस सर्वे रिपोर्ट में दावा किया गया है कि बीजेपी को महज चार से आठ सीटों पर ही जीत का अनुमान है। वहीं, कांग्रेस के खाते में 26 से 30 सीटें जाती दिखायी दे रही हैं। 2018 के विधानसभा चुनाव में भी इस इलाके में कांग्रेस ने सबसे अच्छा प्रदर्शन किया था। मध्यप्रदेश के विधानसभा चुनाव में बीजेपी को मालवा-निमाड़ में भी झटका लगता दिख रहा है। मालवा-निमाड़ में 66 विधानसभा सीटें हैं। इस इलाके को बीजेपी का गढ़ माना जाता है, लेकिन सर्वे रिपोर्ट में बीजेपी को बड़ा झटका लगता दिख रहा है। इस सर्वे रिपोर्ट में बीजेपी को महज 20 से 24 सीटें मिलती दिख रही हैं, जबकि यहां कांग्रेस बड़ी बढ़त हासिल करती दिख रही है। कांग्रेस के खाते में 41 से 45 सीटें जाती दिखाई दे रही हैं। ग्वालियर-चंबल अंचल पर बीजेपी ने अपना भी सर्वे करायी थी। इस सर्वे रिपोर्ट ने बीजेपी की चिंता बढ़ा दी थी, जिसके बाद बीजेपी ने अपनी रणनीति में बदलाव किया है। बीजेपी ने इस बार नरेंद्र सिंह तोमर को दिमनी विधानसभा सीट से चुनाव मैदान में उतारा है।

## राहुल ने लोकसभा में उठाया था ओबीसी अफसरों का मुद्दा

# कांग्रेस और सहयोगियों की सरकारें भी अगड़ी जाति के अफसर ही चला रहे हैं



नौकरशाही में जातिगत आंकड़ों को लेकर राजनीति में चर्चा इन दिनों तेज हो गयी है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ब्यूरोक्रेसी में ओबीसी अफसरों की कमी का मुद्दा उठाया था। बात अगर कांग्रेस शासित राज्यों की हो, तो उसकी स्थिति भी केंद्र से बहुत अलग नहीं है। केंद्र में ब्यूरोक्रेसी की अगड़ा बनाम ओबीसी अधिकारियों की नियुक्ति का मुद्दा इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हाल ही में कहा था कि मोदी सरकार में केवल तीन यूनियन सेक्रेटरी ही ओबीसी हैं। राहुल गांधी ने महत्वपूर्ण पदों पर आरक्षित श्रेणी के अधिकारियों को तैनात करने के मोदी सरकार के रिकॉर्ड का जिक्र किया था। हालांकि, कांग्रेस नेता को इस मामले में खुद अपनी पार्टी का रिकॉर्ड भी देखना चाहिए। ओबीसी अधिकारियों के मामले में उनकी पार्टी का ट्रैक रिकॉर्ड खराब रहा है। वर्तमान में चार राज्यों में कांग्रेस की सरकार है। चारों ही राज्यों में मुख्य सचिव सामान्य वर्ग से हैं। इसी तरह कांग्रेस के गठबंधन सहयोगियों के नेतृत्व वाले छह राज्यों में से, केवल तमिलनाडु में आरक्षित वर्ग (एसटी) से संबंधित एक मुख्य सचिव है। कांग्रेस और उसके सहयोगियों द्वारा शासित राज्यों में मुख्य सचिव, प्रबोध सक्सेना (हिमाचल प्रदेश), अनुराग वर्मा (पंजाब), उषा शर्मा (राजस्थान), वंदिता शर्मा (कर्नाटक), अमीर सुभानी (बिहार), एच के द्विवेदी (पश्चिम बंगाल), अमिताभ जैन (छत्तीसगढ़) और वी वेणु (केरल) सभी ऊंची जाति से हैं। तमिलनाडु में एसटी वर्ग से शिव दास मीना (तमिलनाडु) एकमात्र अपवाद हैं। लोकसभा में महिला कोटा बिल पर बोलते हुए राहुल ने कहा था कि भारत सरकार के 90 सचिवों में से केवल तीन ओबीसी हैं। उन्होंने 25 सितंबर को छत्तीसगढ़ में एक चुनावी रैली में अपनी टिप्पणी दोहरायी थी। राहुल गांधी ने कहा था कि ये सचिव बजट का केवल 5% नियंत्रित करते हैं। अगर देश का बजट 44 लाख करोड़ रुपये है, तो वे केवल 2.2 लाख करोड़ रुपये पर नियंत्रण रखते हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 31.0 °c | 22.8 °c |
| सूर्यास्त (आज) | : | 17.39 बजे |
| सूर्योदय (कल) | : | 05.40 बजे |



# झारखंड को अलग राज्य भाजपा ने बनाया : मरांडी

**गोमिया विधानसभा में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री और झारखंड में भाजपा की सरकार बनाने का किया आह्वान**

**भाजपा की सरकार बनी, तो छह महीने में रिक्त पदों को भरा जायेगा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गोमिया।** संकल्प यात्रा के छठे चरण के दौरान गोमिया विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर जम कर हमला बोला। भ्रष्टाचार मुक्त, अपराध मुक्त शासन के लिए भाजपा की सरकार बनाने का आह्वान किया। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार गांव, गरीब, किसान और महिला के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने प्रधानमंत्री बनते ही अपने कार्यकाल का पहला कार्य मां बहनों के लिए इज्जत घर शौचालय का निर्माण करवाया। कोविड काल में जब कल कारखाने बंद हुए तो मोदी ने सीधे खाते में पैसे डालने का कार्य किया, जबकि राजीव गांधी के कार्यकाल में केंद्र से चलने वाला एक रुपये का पंद्रह पैसे पहुंचता था। उन्होंने कहा कि मोदी जी गरीबों के लिए अनाज भेज रहे हैं, किंतु हेमंत सोरेन सरकार अनाजों की कालाबाजारी करवा रही है।

## महिलाओं को मिला बड़ा तोहफा

श्री मरांडी ने कहा कि मोदी जी ने महिलाओं के लिए लोकसभा और विधानसभा में आरक्षण बिल लाकर बड़ा तोहफा दिया है। इस बिल के तहत 33% बहनों को इसका लाभ मिलेगा। इससे पहले रक्षा बंधन में बहनों को गैस पर सब्सिडी का बड़ा तोहफा दिया था। इस योजना के तहत 75 लाख नये बहनों को भी जोड़ा जाना है जबकि कांग्रेस काल में पैरवी वालों को गैस कनेक्शन मिलता था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने विश्वकर्मा पूजा के दौरान कारीगरों के लिए विश्वकर्मा योजना लांच किया। इसके तहत 13 हजार करोड़ के बजट का भी प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि पहली बार किसी प्रधानमंत्री ने नाई, बढ़ई, लोहार, मोची की चिंता की है। उन्होंने कहा कि जब-जब कांग्रेस के सहयोग से सरकार बनी है बड़े बड़े भ्रष्टाचार हुए हैं जबकि भाजपा की सरकार में विकास कार्य आगे बढ़ा है।

## झारखंड के सपने को भाजपा ने पूरा किया

उन्होंने कहा कि अलग राज्य झारखंड के सपने को शिबू सोरेन, हेमंत सोरेन ने नहीं बल्कि भाजपा ने पूरा किया। कांग्रेस की गोद में बैठकर जेएमएम आंदोलन करते रही। 60 वर्षों तक शासन करने वाली कांग्रेस ने झारखंडियों को ठगने का कार्य किया। 1999 में अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में सरकार बनी और सन 2000 में अलग राज्य झारखंड का सपना पूरा हुआ। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अलग राज्य बनाया है, इसे संवारने का कार्य भी भाजपा ही करेगी। उन्होंने कहा कि मेरे कार्यकाल, अर्जुन मुंडा और रघुवर दास के कार्यकाल में विकास कार्य हुआ जबकि कांग्रेस जेएमएम ने झारखंड को लूटने का कार्य किया है।

## झारखंड में कानून व्यवस्था चौपट

श्री मरांडी ने कहा कि झारखंड में कानून व्यवस्था चौपट हो गयी है। हेमंत सरकार में अपराधियों में कानून का डर समाप्त हो गया है। अपराधमुक्त प्रदेश बनाना है। हेमंत सरकार में जिस पुलिस को कानून व्यवस्था ठीक करना था वे हेमंत सरकार के इशारे पर वसूली में व्यस्त हैं। बालू गाड़ियों से वसूली में लगे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने रोजगार नहीं तो भत्ता और नियुक्ति वर्ष की घोषणाएं करते रहे किंतु नियुक्ति नदारद है। हेमंत को दलालों, बिचौलियों और कोयला, बालू लुटाने से फुरसत नहीं है। भाजपा की सरकार बनी तो छह महीने में रिक्त पड़े पदों को भरा जायेगा। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने पदाधिकारियों को कमीशनखोरी में लगा दिया है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। पैसे लेकर अयोग्य व्यक्तियों का राशन कार्ड बनाया जा रहा है जबकि गरीब व्यक्ति भूखे मरने को मजबूर हैं। अंचल ब्लॉक और ज़िला के सरकारी कार्यालयों में बिना पैसे दिये कोई काम नहीं होता है। जन्म प्रमाण पत्र से लेकर मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने में भी पैसे देना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इडी के नोटिस से हेमंत भाग रहे हैं। उन्होंने कहा कि चोरी की है तो सजा मिलेगा ही। सोरेन परिवार महाजनों से लड़ते-लड़ते खुद महाजन हो गये। साथ ही उन्होंने अपराध मुक्त, भ्रष्टाचार मुक्त शासन और विकास कार्य के लिए 2024 में केंद्र में मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री और झारखंड में भाजपा की सरकार बनाने का अपील की।

# डॉ अशोक कुमार ने की राष्ट्रपति से मुलाकात



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** रांची के डीएवी आलोक के प्राचार्य डॉ अशोक कुमार ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन दिल्ली में मुलाकात की। उनके साथ रांची डीपीएस के प्रिंसिपल डॉ राम सिंह और गुरुनानाक स्कूल के पूर्व प्राचार्य डॉ मनोहर लाल भी मौजूद थे। डॉ अशोक कुमार ने बताया कि झारखंड की शिक्षा व्यवस्था पर चर्चा हुई। राज्य में शिक्षा को और कैसे बेहतर बनाया जाये, इसके बारे में उन्होंने कुछ सुझाव भी दिया।

**OXFORD (N) SCHOOL**
BAHU BAZAR, OPP. YOGODA MATH, RANCHI- 834001

ADMISSION NOTICE (Session 2024-25)
FOR CLASSES- Baby Pre-Nursery; Pre-Nursery; Nursery & Prep

Registration forms for Classes Baby Pre-Nursery (2-2.5yrs); Pre-Nursery (2.5-3.5yrs); Nursery (3.5-4.5yrs) & Prep (4.5-5.5yrs) are available on our website and also at the School Office Counter (between 9:00 AM – 2:00 PM, on all working days). Parents/Guardians must carry the Municipal Birth Certificate and Aadhar Card (if available) of the student to procure the forms.

BUS FACILITY AVAILABLE

Note: Age as on 31.03.2024 Principal

WEBSITE: OXFORDKIDSWORLD.ORG CONTACT NO: 7485096735

**OXFORD PUBLIC SCHOOL**
OLD H.B. ROAD, PRAGATI PATH, RANCHI- 834011

ADMISSION NOTICE (Session 2024-25)
FOR CLASSES- Pre-Nursery; Nursery; Prep & I

Registration forms for Classes Pre-Nursery (2.5-3.5yrs); Nursery (3.5-4.5yrs); Prep (4.5-5.5 yrs) & Class I (5.5-6.5yrs) are available on our website and also at the School Office Counter (between 9:00 AM – 2:00 PM, on all working days). Parents/Guardians must carry the Municipal Birth Certificate and Aadhar Card (if available) of the student to procure the forms.

BUS FACILITY AVAILABLE FROM CLASS PREP ONWARDS

Note: Age as on 31.03.2024 Principal

WEBSITE: OXFORDPUBLICSCHOOL.NET.IN CONTACT NO: 7485096733

## नाबालिग से दुष्कर्म करनेवाले विजय और प्रेम अंतिम सांस तक जेल में रहेंगे

रांची (आजाद सिपाही)। नाबालिग को अगवा कर सामूहिक दुष्कर्म करने के तीन दोषियों के खिलाफ रांची सिविल कोर्ट ने सजा का एलान कर दिया है। अदालत ने नाबालिग दोषी को 20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनायी है, वहीं दो अन्य दोषियों को अंतिम सांस तक जेल की सलाखों के पीछे रखने का आदेश दिया है। रांची सिविल कोर्ट स्थित पोक्सो की विशेष अदालत ने यह फैसला सुनाया है। कोर्ट ने जिन्हें दोषी करार दिया है, उनमें एक नाबालिग समेत विजय रजवार और प्रेम कुमार शामिल हैं। 11 अगस्त 2020 को डोरंडा थाना क्षेत्र के पोखर टोली में एक नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया था। पीड़िता से आरोपी विजय की जान-पहचान थी। विजय ने पीड़िता को धोखे से फोन कर बिरसा चौक बुलाया। वहां आरोपियों ने उसे जबरन स्कूटी में बिठा कर पोखर टोली स्थित एक बाउंड्रीवाल के अंदर ले गये, जहां जबरन पीड़िता को शराब पिलायी और बारी- बारी से सभी ने दुष्कर्म किया।


# झामुमो जिला समिति की ऑनलाइन बैठक हुई
# सदस्यता अभियान तेज करें : विनोद पांडेय

**केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने कई जरूरी दिशा निर्देश दिये**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शनिवार को झामुमो के गोड्डा जिला समिति और साहिबगंज जिला समिति की विस्तारित ऑनलाइन बैठक (जिला अंतर्गत केंद्रीय समिति के सभी सदस्य, जिला समिति के सभी पदाधिकारी तथा वर्ग संगठन के जिलाध्यक्ष एवं जिला सचिव सहित) पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में शामिल सदस्यों के द्वारा दिये गये मंतव्य एवं सुझावों पर चर्चा के उपरांत केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने कई जरूरी दिशा निर्देश दिये। सभी सदस्यों के साथ क्रमशः गोड्डा और साहिबगंज जिला में संगठन की मजबूती पर चर्चा करते हुए जिला समिति द्वारा क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों का आकलन किया गया साथ ही सभी उपस्थित पदाधिकारी तथा सदस्यों को झारखंड सरकार द्वारा जनहित में लायी गयी योजनाओं की जानकारी देते हुए योजनाओं को आम जनों तक पहुंचाने का निर्देश दिया गया। जिससे आम जनों को योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके। बैठक में पार्टी के सदस्यता अभियान पर भी चर्चा करते हुए जिला समिति को सदस्यता अभियान को तेज करने का निर्देश दिया गया। सदस्यता अभियान के लिए जिला स्तर पर कार्यक्रम तय कर बूथ स्तर पर सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया।



सी. पी. राधाकृष्णन
राज्यपाल, झारखण्ड

संदेश



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

वन्यप्राणियों की सुरक्षा एवं संरक्षण हेतु जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी झारखण्ड राज्य में 01 अक्टूबर से 07 अक्टूबर, 2023 तक वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा वन्यप्राणी सप्ताह मनाया जा रहा है एवं इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। वन्यप्राणी पारिस्थितिकी संतुलन के लिये महत्वपूर्ण कड़ी है। हमारे आस-पास एवं वनों में पाये जाने वाले वन्यजीव यथा बाघ, भालू, हाथी, तेन्दुआ, मोर, गिलहरी, खरगोश व विभिन्न प्रकार के पक्षी, मधुमक्खी, रेशम के कीट, लाह, तितली इत्यादि मानव जीवन को रोमांचक एवं सुखद बनाते हैं। वन, वन्यप्राणी एवं मनुष्य, सबका अस्तित्व एक-दूसरे पर आश्रित है।

झारखण्ड राज्य का लगभग एक तिहाई भू-भाग सखुआ, करम एवं अन्य प्रकार के वनों से आच्छादित है। ये वन, वन्यप्राणियों के प्राकृतिक वास स्थल हैं। आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु मनुष्य की विभिन्न गतिविधियों के कारण वनों पर दबाव बढ़ा है जिसके कारण वन्यप्राणियों के वास स्थल प्रभावित हुए हैं। फलस्वरूप यदा-कदा वन्यजीव मानव द्वंद्व जैसी स्थिति भी उत्पन्न हो जाती है।

वन एवं वन्यजीव, अनादिकाल से मानव के सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक एवं आध्यात्मिक चेतना के केन्द्र रहे हैं। वन एवं वन्यजीवों में कमी नहीं हो, यह राज्यवासियों का कर्तव्य है। वन विस्तार एवं वन्यप्राणियों के संरक्षण के लिए सरकार के स्तर से अनेक कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं।

राज्यवासियों से मेरी अपील है कि हम सब वन्यप्राणियों के संरक्षण का संकल्प लें तथा वन एवं वन्यजीव की सुरक्षा हेतु अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करें।

वन्यप्राणी संरक्षण के प्रति जन-जागरुकता लाने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी राज्य में 01 अक्टूबर से 07 अक्टूबर, 2023 तक वन्यप्राणी सप्ताह मनाया जा रहा है। वन एवं वन्यजीव हमारे जीवन के अभिन्न अंग हैं। झारखण्ड राज्य को प्रकृति ने जंगलों से धनी बनाया है। ये जंगल वन्यप्राणियों के वास स्थान हैं। प्रकृति ने अनेक जीव-जंतुओं से इन वनों को सुशोभित किया है। हमारे वनों में बाघ, हाथी, तेन्दुआ, बंदर, भालू, मोर, सांप, खरगोश, गिलहरी अनेक प्रकार के पक्षी इत्यादि जीव-जंतु पाये जाते हैं। जीव-जगत में वन, वन में निवास करने वाले वन्यप्राणी, मनुष्य तथा अन्य सभी प्राणियों के जीवन एक-दूसरे से जुड़े रहते हैं। प्राणियों के सह-अस्तित्व के लिये जैव-विविधता प्रकृति की व्यवस्था है। वन्यप्राणियों की संख्या में कमी होने से पारिस्थितिकी असंतुलन का खतरा उत्पन्न हो जाता।

विकास की दौड़ में वन्यप्राणियों का पर्यावास अर्थात हमारे वन प्रभावित हुए हैं। जिसके फलस्वरूप यदा-कदा वन्यजीवों का मानवों से टकराव भी हो जाता है। वन्यप्राणियों से जान-माल की हुई क्षति की पूर्ति सरकार के द्वारा की जाती है।

हमारी धरती, अहिंसा की धरती है। हमारे पर्व-त्योहार, रीति-रिवाज, संस्कृति एवं धर्म-अध्यात्म में वन्यप्राणियों एवं वन-वृक्षों का बहुत महत्व है। इन वन्यप्राणियों का संरक्षण हमारा परम कर्तव्य एवं दायित्व है। सरकार द्वारा वन्यप्राणियों के संरक्षण के उद्देश्य से राष्ट्रीय उद्यान, गज परियोजना, व्याघ्र आरक्ष्य, वन्यप्राणी आश्रयणी तथा प्राकृतिक वनों का प्रबंधन किया जाता है। वन्यप्राणियों के पर्यावास उन्नयन के लिये सरकार वनों के विस्तार की योजनायें लागू करती है।

वन्यप्राणी सप्ताह के अवसर पर हम सभी झारखण्डवासी वन्यप्राणी की सुरक्षा एवं संरक्षण में सहभागी बनें तथा वन्यजीवों के साथ-साथ अपने जीवन को सुरक्षित बनायें।

P.R. 307926 (Forest, Environment and Climate Changes) 23-24

वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड सरकार

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



### आजसू पार्टी के राष्ट्रीय महाधिवेशन का दूसरा दिन : आजसू प्रमुख ने गठबंधन सरकार पर साधा निशाना

# सत्ता में बैठे लोग जमीन लूट रहे: सुदेश महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जल, जंगल, जमीन पर अधिकार, खनिज संपदाओं और मूलवासी आदिवासी का नियंत्रण, सत्ता में सब की हिस्सेदारी तथा राज्य संवारने के निर्णय प्रक्रिया में ये सभी समुदाय एवं वर्गों की सहभागिता झारखंड आंदोलन के मुख्य लक्ष्य में से एक रहा है। लेकिन आज क्या हो रहा है? ऐसा लगता है राज्य किसी खास परिवार, किसी खास व्यक्ति तथा किसी खास समुदाय के लिए बना है। इस हालत में आज राज्य के गरीब एवं संघर्षशील पिछड़ों दलितों अल्पसंख्यकों एवं आदिवासियों में काफी आक्रोश है। सत्ता में बैठे लोग खुद जमीन लूट में शामिल हैं। सरकार संरक्षित, बाहरी दलाल एवं माफिया खनिजों के लूट में शामिल हैं।

आदिवासी-मूलवासी के नाम पर सत्ता शिखर पर पहुंचे पार्टी और इसके राजकुमार को आजसू यह इजाजत कतई नहीं देगा कि वह आज पूरा झारखंड को लूट और उसे राज्य के बाहर के लोगों के हवाले इसे लूटने के लिए कर दे। आज झारखंड आंदोलनकारी पार्टी के सत्ता में बैठे उत्तराधिकारी को राज्य के मूलवासी और आदिवासी को यह बताना बताना चाहिए कि लूट राज्य के मुख्य किरदारों, दलालों एवं बिचौलियों के रूप में जिन लोगों एवं नौकरशाहों के नाम आ रहे हैं कौन है? कहां से आये हैं? और लुटकर माल किसको दे रहे हैं? राज्य की जनता को अपनी संपत्ति बैंक में नहीं रखने तथा उसे जमीन में गाड़ने की सलाह देते देते ये खुद इतना लूट लिये कि उसे गाड़ने के लिए जमीन कम पड़ गयी और इन्होंने जमीन लूटने शुरू कर दिया।

एक आंदोलनकारी परिवार से आने के कारण हेमंत जी हमारे भाई भी हैं, लेकिन यह बेहद दुखद है कि इन्हें अपने भ्रष्ट शासन और बेलगाम प्रशासन से राज्य की जनता को शर्मसार किया है। झारखंड आंदोलन के शहीदों को अपमानित किया है।

हम सभी आज एक झारखंडवासी के रूप में शर्मिंदगी महसूस कर रहे हैं। आज ऊपर से देख रहे हैं शहीद लहू के आंसू बहा रहे होंगे। हेमंत जी शहीदों को याद करिए, अपनी कलंकित विरासत से बाहर निकलिये। समय ने अवसर दिया है, एक बेहतरीन इतिहास बनाइये। राज्य की जनता से किये अपने वादों को पूरा कीजिए। ईश्वर बार-बार अवसर नहीं देते। आजसू एक भ्रष्टाचार मुक्त शहीदों के सपनों को समर्पित हम एक विकासों उन्मुखी झारखंड के निर्माण के अपने संकल्प को दोहराती है। हम एक ऐसे राज्य के नवनिर्माण का संकल्प लेते हैं जहां जनता की जरूरत के प्रति संवेदनशीलता हो। सबों के जीवन में समृद्धि लाने का सामर्थ्य हो, झारखंड आंदोलन के शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि हो, तथा हर नागरिक को गौरव के भाव से परिपूर्ण करने की काबिलियत हो।

## सुशासन आज राज्य की सबसे बड़ी जरूरत

सुशासन आज राज्य की सबसे बड़ी जरूरत है। आजसू पार्टी अपने कार्यकर्ताओं को यह जिम्मेदारी देती है कि वे सेवा के अधिकार तथा शिक्षा के अधिकार कानून को दृढ़ता से लागू करने के लिए सरकारी कार्यालय में हल्ला बोल आंदोलन चलाये। जनता को सरकारी सेवाएं सम्मान और बिना परेशानी प्राप्त हो। वह इसे सुनिश्चित करायें। जनता के सेवा के लिए सट्टा एकमात्र साधन नहीं है सत्ता के बिना भी जनता के प्रति खुद को समर्पित कर राज्य की जनता की सेवा की जा सकती है। आजसू पार्टी भूमि सुधार एवं भूमि कानून में व्यापक संशोधनों की आवश्यकता महसूस करती है। भूमि कानूनों में जनता, किसान और रैयतों के बीच रायशुमारी कर उसमें आवश्यक संशोधन का पक्षधर है। तमाम कानून के बावजूद पिछड़ों, दलितों एवं आदिवासियों की जमीन लूटी गयी है। दलाल और भूमि भूमाफियाओं को संरक्षण देने वाले राजनेताओं ने मोटी कमाई की है। लेकिन जमीन मालिकों को कुछ नहीं मिला है। हम इस कानून द्वारा थोपे गये बदहाली का विरोध करते हुए यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि कानून जनता की बेहतरी के लिए होना चाहिए ना कि उनकी बदहाली के लिए। कानून जनता के लिए है ना की जनता कानून के लिए।






## विशेषज्ञों ने रखे विचार, झारखंड में स्थितियां कैसे बदले, बताये रास्ते

रांची (आजाद सिपाही)। आजसू महाधिवेशन के दूसरे दिन भोजनावकाश के बाद आठवें- नौवें सत्र में शिक्षा, चिकित्सा और महिला सशक्तिकरण पर विचार मंथन हुआ। विशेषज्ञों ने इन क्षेत्रों में झारखंड कैसे बेहतर कर सकता है, इस पर अपने अनुभव साझा किये। क्रिटिकल केयर फिजिशियन डॉ कौशल ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य पर ध्यान देने की बात की। कहा हमें स्वास्थ्य क्षेत्र में ज्यादा खर्च करना पड़ेगा क्योंकि अति सुदूर इलाकों तक संसाधनों को पहुंचाने के लिए अधिक खर्च आता है। खर्च बढ़ाए बिना स्वास्थ्य व्यवस्था को सुधारना मुश्किल है। डॉ रीना गोडसरा ने कहा कि डॉक्टर का आकलन ऑन द स्पॉट होता है। शहर और गांव में स्वास्थ्य सुविधाओं में काफी फर्क है। मूलभूत सुविधा नहीं मिलने की वजह से मरीज दम तोड़ देते हैं। अमेरिका से ऑनलाइन जुड़े डॉ अविनाश गुप्ता ने कहा कि 30 साल से अमेरिका में रह रहे हैं। जब भी रांची वापस आते हैं तो एंबुलेंस ले कर गांवों में जाते हैं और लोगों का इलाज करते हैं। गांव में इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं होने की वजह वहां डॉक्टर नहीं जाते हैं। अमेरिका से ऑनलाइन जुड़ीं गीता गुप्ता ने कहा कि महिलाओं में कुपोषण सबसे बड़ी समस्या है। स्वास्थ्य सुविधाओं और जरूरतों के बारे में बताने के लिए हर गांव और पंचायत में कोई हेल्थ वर्कर होना चाहिए। प्रतीक राज ने ऑनलाइन जुड़कर शिक्षा की व्यवस्था और जरूरत पर अपनी बातें रखी। महिला शिक्षा पर जोर देते हुए प्रो. कामिनी दास ने कहा कि झारखंड में संभावनाएं बहुत हैं। महिला शिक्षा पर योजनाबद्ध काम करने की जरूरत है। एक स्त्री शिक्षित होती है तो पूरे परिवार को शिक्षित करती है। महिला सशक्तिकरण के लिए भी शिक्षा ही मजबूत आधार है। धीरज डैनियल होरो ने ग्राम सभाओं में महिलाओं के प्रतिनिधित्व बढ़ने की बात की। प्रो. नीतिशा खलखो ने कुडुख समुदाय की गीत के जरिए आदिवासी महिला की छवि और उनके सवाल को दर्शाने का काम किया। नेहा सिंह ने खेती-किसानी के परंपरिक तरीके को आधुनिकता से जोड़ने की जरूरत बतायी।

### 7,50,000 से ज्यादा लोग बेरोजगार

5 लाख रोजगार हर साल देने का वादा के साथ जो व्यक्ति मुख्यमंत्री बनता है उसके राज्य में लगभग 7,50,000 से ज्यादा लोग बेरोजगार हैं। यह एक बड़ी संख्या है जो राज्य के सामाजिक एवं आर्थिक ढांचे को तहस-नस कर देने की स्थितियां पैदा कर सकता है। एक लाख से ज्यादा पद स्कूली शिक्षा विभाग में रिक्त पड़े हैं, लगभग सभी 73938 पद गृह विभाग में खाली पड़े हैं। स्वास्थ्य विभाग में 36000 पद खाली है, कल लगभग 3,30,000 पद खाली हैं, फिर भी पढ़े-लिखे युवक अपनी डिग्रियां लेकर सड़क पर घूम रहे हैं।

### किये गये वादे सरकार पूरा करे

बंद पड़े सरकारी उपक्रमों तथा कारखाने को सरकार अपनी राशि से पुनः शुरू करें ताकि शिक्षित एवं अशिक्षित दोनों प्रकार के लोगों को रोजगार मिल सके। ग्रामीण क्षेत्रों में बकाया मनरेगा मजदूरी का भुगतान करें। आजसू पार्टी राज्य के युवाओं से अपील करती है कि वे अपने अधिकार एवं उज्जवल भविष्य के लिए खुद को तैयार करें। तथा सरकार को बाध्य करें कि वह राज्य के युवकों से किये गये अपने वायदे को पूरा करें तथा पर्याप्त रोजगार के अवसर की व्यापक व्यवस्था करें।

### कृषि को पसंदीदा व्यवसाय बनायें: हरीश्वर दयाल

प्रसिद्ध अर्थशास्त्री और कई विषयों के जानकार हरीश्वर दयाल ने कहा है कि झारखंड में कृषि को पसंदीदा व्यवसाय बनाने के लिए सभी प्रयास तेज करने होंगे। झारखंड में भूमि, कृषि एवं सिंचाई, खनन उद्योग, वन व पर्यावरण पर आयोजित परिचिर्चा में उन्होंने बताया कि देश की कुल कृषि क्षेत्र का 1.8 प्रतिशत हिस्सा झारखंड क्षेत्र में है। जबकि देश में कुल जनसंख्या का 2.60 प्रतिशत हिस्सा जो राज्य में निवास करते हैं, उनके पेट भर सकें, इसकी व्यवस्था जरूरी है। उन्होंने कहा कि राज्य के 43 प्रतिशत श्रमिक कृषि में लगे हैं, लेकिन हमारी कुल आय का सिर्फ 15 प्रतिशत ही हिस्सा कृषि से आता है। कृषि को मनपंसद व्यवसाय बनाने की जरूरत है।

### जमीन बचाना निहायत जरूरी: रमेश शरण

जाने- माने शिक्षाविद और अर्थशास्त्री डॉ रमेश शरण ने कहा कि झारखंड में जो हालात बन रहे हैं, उनमें जमीन और मिट्टी बचाना जरूरी है। आज जमीनें बड़े पैमाने पर खराब हो रही हैं। पिछले आठ साल में 80 हजार हेक्टेयर जमीन यहां बर्बाद हुई है। शोध बताते हैं कि आने वाले समय में झारखंड में दो तिहाई मरूभूमि बनने का खतरा मंडरा रहा है। खनन, जंगलों की कटाई पर्यावरण के साथ मनमानी के चलते यह नौबत बनी है। जबकि खनन कंपनियां पर्यावरण संरक्षण को तवज्जो नहीं देती।

### धरती को बचाने की जरूरत: मेघनाथ भट्टाचार्य

झारखंड आंदोलनकारी और मशहूर फिल्मकार मेघनाथ भट्टाचार्य ने कहा कि ऊपर से नीचे तक धरती को बचाने की जरूरत है। भगवान के नहीं, इंसान के हजारों हाथ होते हैं। अगर धरती और पानी बचायें, तो सभी हाथों को काम दे सकते हैं। राजस्थान में 450 मिलीमीटर बारिश होता है और झारखंड में 1300 मिलीमीटर बारिश होने के बाद भी सूखा है।

### पर्यावरण पर आघात बढ़े हैं: संजय उपाध्याय

सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता और पर्वायरण संरक्षण के जानकार संजय उपाधाय ने परिचर्चा में कहा कि व्यवस्था में मतभेद के चलते है पर्यावरण पर बने कानूनों में फर्क दिखता है। देश में पर्यावरण से जुड़े विषयों पर नीति बाद में बनती है कानून पहले बनता है। नीतिगत प्रक्रिया के बिना कोई भी कानून कारगर साबित नहीं हो सकता है। पर्यावरण को बचाना ही सिर्फ जरूरी नहीं, पर्यावरण पर जिन विषयों, चीजों से आघात पहुंचता है उस पर भी सोचने की जरूत है। झारखंड राज्य जल, जंगल,जमीन के लिए महत्वपूर्ण है।

### आबादी का 50 प्रतिशत हिस्सा जंगल पर निर्भर : संजय बसु

झारखंड आंदोलनकारी और जंगल बचाओ अभियान से जुड़े संजय बसु मल्लिक ने कहा कि इस साल झारखंड के 200 ब्लॉक सूखाग्रस्त हैं। इन 200 प्रखंडों के किसान दूसरे राज्य में जायेंगे मजदूरी करेंगे। यही दुर्दशा झारखंड की हो गयी है।

### एंटरप्रेन्योरशिप पर चर्चा महत्वपूर्ण: संतोष शर्मा

एसोचैम और फिक्की के सदस्य संतोष शर्मा ने झारखंड के युवाओं के जोश और उनके स्टार्टअप की सराहना की। उन्होंने कहा कि युवाओं को एक बात याद रखना होगा कि आपको सपोर्ट कोई नहीं करेगा। खुद से खुद का सपोर्ट करना होगा। इस समागम में एंटरप्रेन्योरशिप विषय के बारे में सोचा गया, यह महत्वपूर्ण।झारखंड के लोगों को दिल्ली-मुंबई जैसे शहरों से सीख कर वापस झारखंड में ही काम करने की जरूरत है।

# नये पेसा कानून में कई खामियां हैं: सोमा उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता

**इसे लागू करना जनजातियों के साथ अन्याय होगा**

**रांची।** शनिवार को बोड़ेया पंचायत के मुखिया सोमा उरांव के आवास पर पहान मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में पड़हा राजा उज्जवल पहान के अतिरिक्त कई मौजा के पाहन एवं ग्राम प्रधान उपस्थित हुए। बैठक में करम पूजा, ईंद जतरा तथा वर्तमान समय में नया पेसा रूल पर , जो सरकार अभी लाने जा रही है, विशेष रूप से विचार विमर्श चिंतन किया गया। कहा कि नया पेसा कानून में कई खामियां हैं, जिन्हें दूर किये बिना पेसा कानून लागू करना जनजातियों के साथ बहुत बड़ा अन्याय होगा। जैसे पंचायती राज अधिनियम 2001 में धारा 3 का उल्लंघन है। इसके अंतर्गत जो ग्राम में रूढ़िजन्य विधि का पालन करता हो तथा निर्वहन करवाता, हो वैसे व्यक्ति ही गांव के ग्राम प्रधान होंगे, चाहे वह अनपढ़ ही क्यों ना हो। वर्तमान समय में झारखंड के कई जिलों में जो रूढ़िजन्य विधि को छोड़ चुके हैं तथा सामाजिक एवं धार्मिक व्यवस्था के अंतर्गत प्राप्त जमीन को भी रखे हुए हैं, वैसे लोगों को चिह्नित कर पेसा कानून लागू करने से पहले हटाने का सरकार निर्देश दे। केंद्र से 275 के अंतर्गत मिलने वाले जनजातियों के विकास के लिए पैसे का उपयोग ग्राम पंचायत में बिल्कुल ही ना हो, इसे जनजाति समाज कभी भी बर्दाश्त नहीं करेगा। समारोह में सभी ने मिल कर एक स्वर में कहा कि यदि मुख्यमंत्री आदिवासियों के हितैषी हैं, तो पहले वह यह संशोधन करें कि वर्तमान समय में जो जाति प्रमाण पत्र निर्गत हो रहा है, उसे जाति प्रमाण पत्र में पिता के नाम के साथ-साथ पति का नाम भी अंकित हो। इस बाबत एक चिट्ठी निकालें। कार्यक्रम में पड़हा राजा उज्जवल पहान, प्रेमचंद उरांव, विमल पहान, विश्वकर्मा पहान, गुलचंद मुंडा पहान, विक्रम उरांव, सतीश उरांव, राम लखन मुंडा ग्राम प्रधान, शिव नायक,बांसुरी वादक, सनी उरांव, कृष्ण उरांव, शिवटहल नायक, संदीप उरांव पस्थित थे।

### प्रदेश महिला कांग्रेस का मैत्री महासम्मेलन संपन्न

# मोदी सरकार ने महिला आरक्षण का बिल लाकर चुनावी दांव खेला: अविनाश पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस का मैत्री महासम्मेलन शनिवार को सेलिब्रेशन बैंक्वेट हॉल में संपन्न हुआ। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेटा डिसूजा, झारखंड प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय समेत मौजूद नेताओं ने बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण और पार्टी का झंडा फहरा कर सम्मेलन की शुरुआत की। झारखंड प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो महिलाओं की सच्ची हितैषी है। कांग्रेस ने ही पहली बार किसी महिला को पार्टी का अध्यक्ष, मुख्यमंत्री, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, स्पीकर और विभिन्न पदों पर बिठाया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने महिला आरक्षण का बिल लाकर चुनावी दांव खेला है। झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस ने मेरा बूथ मेरी जिम्मेदारी का पोस्टर लांच किया और 6 प्रस्ताव पारित किये। इसमें कहा गया है कि महिला कांग्रेस और झारखंड की महिलाओं को लोकसभा, विधानसभा और राज्यसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण मिले। महिलाओं को महंगाई से निजात दिलाने के लिए अधिकतम 500 रुपये में गैस सिलेंडर दिया जाये। डायन प्रथा, दहेज प्रथा, शिक्षा, यौन हिंसा, असमानता, भ्रूण हत्या, महिलाओं के प्रति घरेलू हिंसा, वेश्यावृत्ति, मानव तस्करी जैसे अभिशापों को खत्म करने के लिए बनाये गये कानून का सख्ती से पालन करने का प्रस्ताव ध्वनिमत से पास किया गया। महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेटा डिसूजा ने कहा कि इस बार 2024 चुनाव में महिला कांग्रेस महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता झारखंड महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह ने की। इस मौके पर मंत्री आलमगीर आलम, बन्ना गुप्ता, बादल, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर , सुबोधकांत सहाय, सांसद गीता कोड़ा, विधायक दीपिका पांडेय सिंह, शिल्पी नेहा तिर्की, प्रदीप बलमुचू, सुखदेव भगत मौजूद थे।



### प्रदेश कांग्रेस लोकसभा प्रभारी और संयोजकों की बैठक

रांची। आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए गठित लोकसभा प्रभारी और संयोजकों की बैठक शनिवार को कांग्रेस भवन, रांची में हुई। बैठक में झारखंड प्रभारी अविनाश पांडेय के साथ कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कांग्रेस विधायक दल नेता आलमगीर आलम शामिल थे। बैठक को संबोधित करते हुए झारखंड प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि सभी जिला प्रभारी महासचिव और सचिव कम से कम सप्ताह में दो दिन अपने प्रभार क्षेत्रों में में जाकर हर प्रखंड और मंडल का दौरा करें और संगठन की पूर्णता दिलाने के लिए काम करें। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष गीता कोड़ा, बंधु तिर्की, शहजादा अनवर, मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख, धीरज प्रसाद साहू, प्रदीप यादव, दीपिका पांडेय सिंह, केएन झा, अनादि ब्रह्म शामिल थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### रांची अल्पसंख्यक कांग्रेस भवन का उद्घाटन हुआ




रांची(आजाद सिपाही)। प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस कार्यालय का उद्घाटन शनिवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस भवन में किया गया। उद्घाटन में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडेय ने रिबन काटकर किया। वहीं प्रदेश के अल्पसंख्यक कांग्रेस के अध्यक्ष मंजूर अंसारी और रांची महानगर अध्यक्ष हुसैन खान मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रांची जिलाध्यक्ष हुसैन खान ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करना उनकी प्राथमिकता में है। बैठक में झारखंड अल्पसंख्यक प्रभारी उमैर खान, झारखंड अल्पसंख्यक अध्यक्ष मंजूर खान, रांची महानगर अध्यक्ष हुसैन खान, जनरल सचिव तनवीर खान ने कार्यकर्ताओं से एक-एक कर संगठन की मजबूती के बारे में विचार विमर्श किया। इस अवसर पर शैंकी खान, मो. सफ्फार, फिरोज, सन्नी खान, शाहिद आलम, अरबाज खान, सैफ आलम, फैजान आलम, सय्यद लारेब, ऊजाइफा, वाजिद सहित अन्य मौजूद थे।

### राज अस्पताल में विल्सन रोग से पीड़ित बच्चे का हुआ इलाज



रांची(आजाद सिपाही)। राज अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ रविश रंजन (गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट) और डॉ अविनाश कुमार दुबे (किडनी रोग विशेषज्ञ) ने प्लाज्मा थेरेपी के जरिये एक नौ वर्षीय बच्चे की जान बचायी। बच्चा चतरा जिले का रहनेवाला है और लंबे समय से इस बीमारी से पीड़ित था। डॉ रविश रंजन ने बताया कि विल्सन रोग एक वंशानुगत स्थिति है, जिसके कारण शरीर में अतिरिक्त तांबा जमा हो जाता है। इससे लीवर काम करना बंद कर देता है। तांबे के जमा होने से गुर्दे, मस्तिष्क और आंखों को नुकसान होता है। यदि उपचार न किया जाये तो विल्सन रोग गंभीर मस्तिष्क क्षति, यकृत विफलता और आकस्मिक मृत्यु का कारण बन सकता है। इस वंशानुगत बीमारी की वजह से उसका बड़ा भाई पहले ही जान गंवा चुका था। बच्चे की प्लाज्मा थेरेपी की गयी। उसे प्लाज्मा थेरेपी के चार सत्र दिये गये। इलाज में राज अस्पताल की गहन चिकित्सा विभाग की टीम और विभाग के मुख्य चिकित्सक डॉ मोहिब अहमद का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### जन सेवा संघ ट्रस्ट के रक्तदान शिविर में 265 यूनिट रक्त संग्रह किया गया

रांची(आजाद सिपाही)। जन सेवा संघ ट्रस्ट के तत्वावधान मे एकदिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले, समाजसेवी शिव शंकर सिंह, जंबू अखाड़ा के संरक्षक बंटी सिंह, युवा समाजसेवी बंटी सिंह, हर हर महादेव सेवा संघ के महामंत्री अखिलेश पाण्डे अर्पण संस्था के जूगुन पांडे, महेश मिश्रा, कल्याणी पाठक, रितिका श्रीवास्तव, अमृत कौर, सपना थापा, अनीशा सिन्हा, रीना सिंह ने शामिल होकर रक्तदाताओं से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। संस्था की ओर से 265 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। इस मौके पर संस्था की ओर से आशुतोष तिवारी, कुणाल शर्मा, सागर खत्री, बी. अंतरजीता राव, रूद्र प्रताप उदरक को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया एवं सिदगोड़ा थाना प्रभारी भूषण कुमार को भी सम्मानित किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में विशाल कुमार, सूरज कुमार, बादल शर्मा, मिठू कुमार, प्रशांत सिन्हा, अमन सिंह, हेमंत माइती, कृष्ण मोहन, कुणाल शर्मा, सुरज सिंह राजपूत, विजय चौहान, सुनील गुप्ता, विक्की नायडू, राघव शर्मा, सागर खत्री, आशीष घोष, अभिषेक पांडे, रोहित पांडे, सौरव पोद्दार, अभिषेक सिंह, राहुल कुमार, अभिजीत घोष, रोशन झा एवं अन्य सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

# सीसीएल में सेवानिवृत्त कर्मियों को दी गयी विदाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सीसीएल मुख्यालय में विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त हो रहे पांच कर्मी डॉ. उत्पला चक्रवर्ती, सीएमएस, केंद्रीय अस्पताल, गांधीनगर; शुभ्रा मुखर्जी, ओएस ग्रेड अ, अमरेंद्र मणि त्रिपाठी, डेंटल टेक्निशियन अ1, केंद्रीय अस्पताल, गांधीनगर, यशोधरा देवी, वरीय आया; द्रौपदी देवी, सफाईकर्मी को सीसीएल परिवार की ओर से एक सम्मान समारोह का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गयी। इस अवसर पर निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तक./यो. एवं परि.) बी.साइराम तथा सीवीओ पंकज कुमार उपस्थित थे। सितंबर माह में मुख्यालय सहित पूरे सीसीएल से 96 कर्मी सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मियों के कायार्नुभवों पर एक शॉर्ट फिल्म (विडियो क्लिप) प्रदर्शित की गयी। इस वीडियो में कर्मियों ने अपने संपूर्ण सेवाकाल के यादगार लम्हों को सबसे साझा किया। इस अवसर पर निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र ने कहा कि कंपनी की सफलता में सभी का योगदान सराहनीय है। आपकी मेहनत, लगन और कर्तव्यनिष्ठा से कंपनी उन्नयन के मार्ग पर अग्रसर है। निदेशक (तक./यो. एवं परि.), बी. साइराम ने सेवानिवृत्त कर्मियों का स्वागत करते हुए कहा कि आप सभी आज एक सफर को सफलता पूर्वक पूरा करके दूसरे सफर की शुरुआत कर रहे हैं। कंपनी को नयी ऊंचाई देने में आप सबका सार्थक प्रयास अनुकरणीय है। मुख्य सतर्कता अधिकारी, पंकज कुमार ने सेवानिवृत हो रहे कर्मियों के योगदानों की सराहना करते हुए कहा कि रिटायरमेंट के बाद आप सभी अपनेआप को सामाजिक एवं अच्छे कार्यों में व्यस्त रखें। सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को शॉल,श्रीफल एवं स्मृतिचिह्न देकर सम्मानित किया गया।

**भगवान बिरसा जैविक उद्यान में स्वच्छता कार्यक्रम**

**रांची।** सीसीएल की ओर से शनिवार को भगवान बिरसा जैविक उद्यान, ओरमांझी में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सीएसआर विभाग द्वारा सफाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस स्वच्छता कार्यक्रम में सीसीएल और उद्यान के कर्मियों के द्वारा श्रमदान किया गया।

### डॉ रामदयाल मुंडा की पुण्यतिथि मनायी गयी



रांची(आजाद सिपाही)। रांची विश्वविद्यालय के जनजातीय और क्षेत्रीय भाषा संकाय में शनिवार को पद्मश्री डॉ रामदयाल मुंडा की बारहवीं पुण्यतिथि मनायी गयी। विभाग के प्राध्यापकों, शोधकर्ताओं और छात्रों ने डॉ मुंडा की तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। संचालन प्राध्यापक डॉ किशोर सुरिन ने, जबकि धन्यवाद प्राध्यापक करम सिंह मुंडा ने किया। अध्यक्षता करते हुए मुंडारी विभाग के विभागाध्यक्ष मनय मुंडा ने कहा कि डॉ रामदयाल मुंडा विश्व मानव थे। वे किसी जाति, धर्म, समुदाय के बारे में नहीं, बल्कि पूरे झारखंड के कल्याण की बात करते थे। विषय प्रवेश कराते हुए प्राध्यापक डॉ उमेश नंद तिवारी ने एक छात्र के रूप अपने गुरु डॉ मुंडा के सानिध्य में बिताये पलों को साझा करते हुए कहा कि वे एक बेहतरीन शिक्षक थे। उन्होंने समन्वय की संस्कृति को प्रगाढ़ किया, क्योंकि संस्कृति हमें एक दूसरे से जोड़ती है, इस बात को डॉ मुंडा ने बताया। इस मौके पर प्राध्यापक सविता केशरी, डॉ गीता कुमारी सिंह, डॉ बीरेंद्र कुमार महतो, डॉ रीझू नायक, डॉ दमयंती सिंकू, डॉ सरस्वती गगराई, तारकेश्वर सिंह मुंडा, डॉ अनुराधा मुंडू, डॉ नकुल कुमार, प्रेम मुर्मू, शकुंतला बेसरा, विजय आनंद, डॉ हेमलाल कुमार मेहता के अलावा अन्य सहायक प्राध्यापक, शोधार्थी और छात्र छात्राएं मौजूद थे।

### श्री दुर्गापूजा महोत्सव को लेकर श्री महावीर मंडल की अहम बैठक, पूजा समितियों ने कहा

# ट्रैफिक व्यवस्था और पंडाल के जर्जर मार्गों को दुरुस्त करे जिला प्रशासन

- पेयजल, बिजली व्यवस्था और चलंत शौचालय की व्यवस्था हो
- 25 अक्टूबर को मूर्ति का सामूहिक विसर्जन होगा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** श्री महावीर मंडल रांची के द्वारा श्री दुर्गापूजा महोत्सव 2023 को सफल बनाने के लिए शनिवार को दुर्गापूजा समितियों के पदाधिकारियों, युवा दस्ता, औद्योगिक दुर्गापूजा समिति, ग्रामीण दुर्गापूजा समिति और सेंट्रल मुहर्रम कमिटी के साथ अहम बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से श्री महावीर मंडल रांची के पूर्व अध्यक्ष हीरालाल साहू, युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा, सेंट्रल मुहर्रम कमिटी के अकील उर रहमान, जिला दुर्गापूजा समिति के अध्यक्ष अशोक चौधरी, औद्योगिक दुर्गापूजा समिति के अध्यक्ष वेद प्रकाश सिंह और चैती दुर्गापूजा समिति के गोपाल पारीक, श्री महावीर मंडल रांची के ललित ओझा और सामाजिक कार्यकर्ता रमेश सिंह उपस्थित थे। बैठक में आये सभी अतिथियों और पूजा समिति के पदाधिकारियों का भव्य स्वागत माला पहनाकर, अंगवस्त्र देकर और चुनरी ओढ़ा कर किया गया। बैठक की अध्यक्षता श्री महावीर मंडल रांची के अध्यक्ष अशोक पुरोहित, संचालन कैलाश केसरी और धन्यवाद ज्ञापन लंकेश सिंह ने किया। बैठक में आये सभी पूजा समितियों के प्रतिनिधियों ने अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराया। बैठक में सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि 25 अक्टूबर को सभी पूजा समितियों के द्वारा सामूहिक विसर्जन किया जायेगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रतिनिधिमंडल जिला प्रशासन से मिल कर समस्याओं से अवगत करायेगा। बैठक में पूजा समितियों ने बताया कि श्री दुगार्पूजा महोत्सव के दौरान जिला प्रशासन द्वारा पेयजल, बिजली व्यवस्था, ट्रैफिक व्यवस्था, पूजा पंडाल और मंदिरों से जुड़े जजर मार्गों को दुरुस्त करने और चलंत शौचालय की व्यवस्था जैसी समस्याओं को सामने रखा जायेगा। बैठक में मासूम गद्दी, हेम सिंह, राजेंद्र सिंह, नकुल तिर्की, राहुल सिन्हा चंकी, बिपिन सिंह, संजय सहाय, सुमित, शेखर प्रसाद, जय प्रकाश वर्मा, विश्वजीत घोष, बलराम, सुमित, दुर्गा, हेमंत, मनोज, बलराम, धीरेंद्र सिंह बमबम, विष्णु नंदन, अनिल भारती, शत्रुघ्न, सोनू ओझा, मंटू दुबे, रवि महतो, सूर्य कुमार पासवान सहित दर्जनों दुर्गापूजा समिति के क्षेत्रीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

### चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति का बन रहा पंडाल

# पंडाल में भक्तों को देव लोक की अनुभूति होगी : रमेश सिंह

- बनारस के विद्वान पंडितों से सप्तमी को होगी आरती और डमरू के धुन से मां भगवती की आराधना



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** शारदीय नवरात्र को लेकर राजधानी रांची में पूजा पंडाल का निर्माण शुरू है। मेन रोड सर्जना चौक स्थित चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति दुर्गा उत्सव के दौरान बनारस के विद्वान पंडितों के द्वारा सप्तमी को आरती व डमरू के धुन से मां भगवती की आराधना करेगी। उक्त बातें समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह ने शनिवार को पंडाल के निरीक्षण के बाद मीडिया से बातचीत के दौरान कही। उन्होंने कहा कि महीनों से चल रहे पंडाल के निर्माण कार्य को कारीगर मूर्त रूप देने में लगे हुए हैं। पंडाल के अंदर प्रवेश करते ही मां के भक्तों को देवलोक की अनुभूति होगी। मां की प्रतिमा बंगाल के कारीगरों द्वारा तैयार किया जा रहा है। इसमें मां दुर्गा अपने हाथ में पूरे ब्रह्मांड को संभाली हुई है। रमेश सिंह ने कहा कि रांची के श्रद्धालुओं के लिए उज्जैन के भजन गायक और दिल्ली के नाट्य मंडल की प्रस्तुति होगी।

**दिल्ली के नाट्य मंडल की होगी प्रस्तुति :** वही पंचमी के दिन दिल्ली के कलाकारों द्वारा दुर्गा जी के नौ रूपों की प्रस्तुति नाटक के माध्यम से की जायेगी। साथ ही भारत माता के थीम पर भी कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। वहीं षष्ठी के दिन देश के प्रसिद्ध भजन गायक उज्जैन के गजेंद्र प्रताप सिंह रांची के भक्तों को भक्ति धारा से मंत्र मुक्त करेंगे। वही समिति के द्वारा 2023 के दुर्गोत्सव में करीब 30 लाख रुपये खर्च का अनुमान लगाया गया है। इस मौके पर दीपक वर्मा सह कोषाध्यक्ष, बबलू वर्मा वरीय उपाध्यक्ष, विनय सिंह उपाध्यक्ष, विकास वर्मा सह कोषाध्यक्ष, विनय राज सचिव अभिषेक पाठक मीडिया प्रभारी सहित अन्य मौजूद थे।

**भारतीय खाद्य निगम**
**क्षेत्रीय कार्यालय, भुवनेश्वर**

File No: S&S/2/OMSS(D)/Wheat/2023-24 Date: 29.09.2023

**प्रेस नोट**

गेहूं और चावल की बाजार कीमतों को नियंत्रित करने के लिए, भारत सरकार द्वारा भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से OMSS(D) के तहत चरणबद्ध तरीके से ई–नीलामी के माध्यम से खुले बाजार में गेहूं और चावल को उतारने का निर्णय लिया गया है। मौजूदा दर गेहूं (FAQ) के लिए रु. 2150/– प्रति क्विंटल, गेहूं (URS) के लिए रु. 2125/– प्रति क्विंटल, सामान्य चावल के लिए रु.2900/– प्रति क्विंटल और फोर्टिफाइड चावल (उबला/कच्चा) के लिए रु.2973/– प्रति क्विंटल लागू करों के साथ ।

गेहूं प्रोसेसर/आटा चक्की/गेहूं उत्पाद के आटा मिलर्स ई–नीलामी के माध्यम से भाग ले सकते हैं। गेहूं के मामले में बोली लगाने वाले के पास वैध FSSAI लाइसेंस, GST/व्यापार कर पंजीकरण, पैन होना चाहिए और उसे भारत सरकार के WSM पोर्टल में अपने मौजूदा स्टॉक होल्डिंग की घोषणा करनी होगी। एक पात्र बोलीदाता न्यूनतम 10MT से लेकर अधिकतम 100 मीट्रिक टन मात्रा तक के लिए बोली लगा सकता है।

हालाँकि, चावल की बोली लगाने के लिए FSSAI लाइसेंस और स्टॉक घोषणा की आवश्यकता नहीं है। प्रति व्यापारियों बोलीदाता को 1000 मीट्रिक टन तक चावल की ई–नीलामी की भी अनुमति है।

एफसीआई द्वारा जारी हालिया निविदा के अनुसार, एफसीआई ओडिशा क्षेत्र के 19 केंद्रों से 7000 मीट्रिक टन गेहूं और 28635 मीट्रिक टन चावल ई–नीलामी के लिए पेश किया गया है। योजना के तहत गेहूं की बिक्री एफसीआई द्वारा प्रत्येक सप्ताह शुक्रवार को की जाएगी।

इच्छुक बोलीदाता ई–नीलामी में भाग लेने के लिए एम–जंक्शन (http://www.valuejunction.in/fci) पर अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

महाप्रबंधक (क्षेत्र)

## रुचि कुजूर और आभा वीरेंद्र आकिंचन ने किया नेतरहाट आवासीय विद्यालय का निरीक्षण



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की दो सदस्यीय कमिटी रुचि कुजूर और डॉ आभा वीरेंद्र अकिंचन ने नेतरहाट आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। विगत दिनों बाल आयोग के संज्ञान में आया कि अध्ययनरत विद्यार्थियों के साथ मारपीट की घटना घटी थी। इस संबंध मे अखबार में भी यह खबर छपी थी। झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य रुचि कुजूर और आभा वीरेंद्र अकिंचन ने दो दिवसीय निरीक्षण कार्यक्रम में नेतरहाट आवासीय विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण और छात्रों से घटना की जानकारी प्राप्त की। साथ में विद्यालय और छात्रावास का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर लातेहार जिला के जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक कविता खलखो, ज़िला सामाजिक कल्याण पदाधिकारी, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी रीना कुमारी इत्यादि उपस्थित थे। इस संबंध में रुचि कुजूर ने बताया कि छात्रों के साथ इस तरह की घटना निंदनीय है और दोषी व्यक्ति के खिलाफ उचित कार्यवाही की जायेगी। आभा वीरेंद्र अकिंचन ने बताया कि नेतरहाट आवासीय विद्यालय का गौरवशाली इतिहास रहा है और इसे बचा कर रखने की आवश्कता है।

## 81वें श्री श्याम भंडारे का हुआ आयोजन

**रांची (आजाद सिपाही)।** आओ आओ भोग लगाओ बाबा श्याम जी रुच रुच भोग लगाओ बाबा श्याम जी इस भोग के अतिप्रिय भजनों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। श्री श्याम मंदिर में शनिवार को 81वें श्री श्याम भंडारे का आयोजन किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया व उपमंत्री अनिल नारनौली के नेतृत्व में यजमान अश्विनी साबू आकांक्षा मित्तल साबू ने श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटूनरेश लड्डू गोपाल जी शालिग्राम जी शिव परिवार हनुमान जी व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित कर सुख समृद्धि व खुशहाली की प्रार्थना की। साबू परिवार ने खाटूनरेश को प्राकृतिक पंखा डोलाकर भोग स्वीकार करने की मनुहार की। भोग लगे अमृतमय प्रसाद को साबू परिवार ने वृहद भंडारे में मिलाकर महाप्रसाद बनाकर मंदिर के आचार्यों को भंडारे का प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रत्येक शनिवार को हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा श्री श्याम भंडारे का आयोजन किया जाता है। खाटू नरेश की जय घोष से संपूर्ण क्षेत्र गूंजने लगा। प्रथम देव श्री गणेश जी महाराज की जयकारों के बीच साबू परिवार व मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में भंडारे का महाप्रसाद का वितरण किया गया। लगभग 3500 से ज्यादा लोगों ने अमृतमय महाप्रसाद प्राप्त किया। उपरोक्त सभी जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

# बायोम इंस्टीट्यूट की उड़ानः 2023 टैलेंट सर्च एग्जाम 15 अक्टूबर को

- सफल विद्यार्थियों को 2.15 करोड़ रुपये तक की मिलेगी छात्रवृत्ति
- 6 अक्टूबर तक विद्यार्थी निःशुल्क कर सकेंगे रजिस्ट्रेशन
- इंस्टीट्यूट के नगड़ा टोली और हिनू सेंटर पर ऑफलाइन मोड पर होगी परीक्षा




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** बायोम इंस्टीट्यूट 15 अक्टूबर को वार्षिक टैलेंट सर्च एग्जाम सह स्कॉलरशिप टेस्ट उड़ान- 2023 आयोजित करेगा। इसमें सरकारी और निजी स्कूल की कक्षा आठवीं से 12वीं में अध्ययनरत विद्यार्थी शामिल हो सकेंगे। टेस्ट में शामिल होने के इच्छुक विद्यार्थी 6 अक्टूबर तक निःशुल्क रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन कर सकेंगे। ऑनलाइन आवेदन और टेस्ट का सिलेबस वेबसाइट Udaan.biomeinstitute.in/ से विद्यार्थी हासिल कर सकेंगे। इसके अलावा इंस्टीट्यूट के नगड़ा टोली सेंटर और हिनू सेंटर से टेस्ट के दिन भी विद्यार्थियों को ऑन स्पॉट रजिस्ट्रेशन की सुविधा दी जायेगी, इसके लिए 200 रुपये रजिस्ट्रेशन शुल्क चुकाना होगा। उड़ान-2023 स्कॉलरशिप टेस्ट इंस्टीट्यूट के नगड़ा टोली और हिनू सेंटर पर ऑफलाइन मोड पर संचालित होगी।

**सफल विद्यार्थियों को 2.15 करोड़ रुपये तक की छात्रवृत्ति**

निदेशक पंकज सिंह ने कहा कि उड़ान- 2023 टेस्ट में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को बायोम इंस्टीट्यूट की ओर से 2.15 करोड़ रुपये तक की छात्रवृत्ति दी जायेगी। टेस्ट में 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले शीर्ष विद्यार्थियों को इंस्टीट्यूट की ट्यूशन फीस में 100 फीसदी छात्रवृत्ति मिलेगी। वहीं, टेस्ट में शामिल होने वाले छात्र-छात्राओं को नामांकन के दौरान अतरिक्त 30,000 रुपये तक की छूट दी जायेगी। इसके लिए छात्र-छात्राओं को टेस्ट के बाद 30 नवंबर, 2023 तक संस्था के केंद्र से जुड़ कर नामांकन की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। इस एग्जाम के माध्यम से पिछले कई वर्षों में लगभग 55000 स्टूडेंटस लाभान्वित हो चुके हैं।

**स्कूल, कोचिंग और रेसिडेंसियल सुविधा**

नामांकन सह छात्रवृत्ति परीक्षा के जरिये विद्यार्थी संस्था के टू-इयर और वन-इयर क्लासरूम प्रोग्राम में शामिल हो सकेंगे। पाठ्यक्रम में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को स्कूल, कोचिंग और रेसिडेंसियल सुविधा मिलेगी। अधिक जानकारी के लिए विद्यार्थी इंस्टीट्यूट के फोन नंबर 7360066185, 86, 87, 88, 89, 90, 91, 92, 93 पर संपर्क कर सकेंगे।

## डोरंडा महाविद्यालय में स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया गया




**रांची (आजाद सिपाही)।** 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के अंतर्गत डोरंडा महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना 'एनसीसी' इकाइयों द्वारा महाविद्यालय परिसर में साफ सफाई और जागरूकता अभियान कार्यक्रम के साथ शुरू की गयी। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य ने अपने अभिभाषण में कहा कि अपने आसपास और महाविद्यालय में साफ सफाई कर स्वच्छ वातावरण बनाना हम सभी का दायित्व बनता है और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को यह हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। एक तारीख, एक घंटा, एक साथ, अभियान के कल के कार्यक्रम में महाविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों और कर्मचारी गण बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय द्वारा 'स्वच्छता ही सेवा' के कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी कंचन मुंडा, और मिस शालिनी की देखरेख में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाविद्यालय की प्रोफेसर इंचार्ज रजनी टोप्पो मंजू मिंज और एनएसएस स्वयंसेवक संकल्प, शशांक, ऋषभ, प्रशांत, रोहित, आदित्य, किशन, कंचन, और गोलू इत्यादि शामिल हुए।

## भाजपा किसान मोर्चा झारखंड प्रदेश के नेता जेपी पांडेय ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखा



**रांची (आजाद सिपाही)।** भाजपा किसान मोर्चा झारखंड प्रदेश के नेता सह राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक संघ के संयोजक जय प्रकाश पांडेय ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाली सुविधाओं को बहाल करने का आग्रह किया। पत्र में कहा है कि क्या वरिष्ठ नागरिकों को राष्ट्र के निर्माण में सहयोग नहीं रहा है क्या, यदि हां तो कई बार राष्ट्रीय आंदोलनों के बाद भी अभी तक कोरोना काल में ट्रेनों में भाड़े में मिलने वाले छूट को 50 प्रतिशत और 60 प्रतिशत की छूट को क्यों नहीं बहाल किया जा सका। इसके कट जाने से वरिष्ठ नागरिकों को सरकार के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इस समस्या को सांसद जया बच्चन भी लोकसभा में उठा चुकी है। जिसका उल्टा प्रभाव 2024 चुनाव पड़ने की संभावना प्रबल हो रही है। चुनावों को ध्यान में रखते हुए मुख्य सुझावों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। इसके साथ ही वरिष्ठ नागरिकों के लिए कई अन्य मांगे भी रखी है। इसमें प्रमुख मांगों में वरिष्ठ नागरिकों को कम से कम 5000/ रू का पेंशन चालू करने, वरिष्ठ नागरिकों को न्यायालय में शीघ्र न्याय निर्णय की सुविधा प्रदान कराने, और सभी शहरों में वरिष्ठ नागरिकों के लिए घर की व्यवस्था करने सहित 11 मांगे रखी है। श्री पांडेय ने कहा कि ये सभी सुविधाओं को वरिष्ट नागरिकों को बहाल किया जाय तो 2024 चुनाव में भाजपा को कम से कम 15 प्रतिशत से अधिक वोटों में भी वृद्धि हो जाएगी जो भाजपा को शक्ति बढ़ाने में कामयाब होगी।

## योगदा आश्रम में योगावतार लाहिड़ी महाशय की 195वीं जयंती का स्मरणोत्सव



**रांची (आजाद सिपाही)।** योगदा सत्संग परंपरा के परमगुरुओं में से एक योगावतार लाहिड़ी महाशय के अविर्भाव का स्मरणोत्सव 30 सितंबर को योगदा आश्रम, रांची में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्मरणोत्सव की शुरुआत सुबह डेढ़ घंटे के विशेष सामूहिक ध्यान से हुई और फिर सुबह साढ़े नौ से साढ़े 11 बजे तक ब्रह्मचारी एकत्वानंद और विवेक ने भक्ति संकीर्तन किया, जिसमें गुरु पूजा के दौरान कार्यक्रम में भाग लेने वाले भक्त शामिल हुए। संकीर्तन के बाद वहां मौजूद भक्तों और संन्यासियों के बीच प्रसाद वितरित किया गया। इस आयोजन में लगभग दो सौ श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस विशेष दिन का उत्सव शाम को तीन घंटे के ध्यान के साथ समाप्त हुआ, जहां स्वामी अमेयानंद ने लाहिड़ी महाशय के कुछ उपाख्यानों और शिक्षाओं को पढ़ा।

## तेरापंथ युवक परिषद रांची व झारखंड थोक वस्त्र विक्रेता संघ ने लगाया रक्तदान शिविर

**रांची (आजाद सिपाही)।** रक्तदान अमृत स्मरणोत्सव के अंतर्गत तेरापंथ युवक परिषद रांची व झारखंड थोक वस्त्र विक्रेता संघ के सानिध्य में मैकी रोड कार्यालय के सभागार में शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन संघ के पूर्व अध्यक्ष प्रवीण लोहिया, प्रकाश अरोड़ा, वर्तमान अध्यक्ष विक्रम खेतावत, मानद सचिव प्रमोद सारस्वत, उपाध्यक्ष अमरचंद बेगानी ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। रक्तदान शिविर में मानद सचिव प्रमोद सारस्वत ने भी रक्तदान दिया। प्रमोद सारस्वत ने कहा कि रक्तदान करने से दिल की सेहत में सुधार दिल की बीमारियों के खतरे को कम माना जाता है। रक्तदान करने वाले दाताओं को ब्लड बैंक तथा तेरापंथ युवक परिषद के द्वारा प्रमाण पत्र भी दिया गया। रक्तदान शिविर शाम 5 बजे तक चला। इस अवसर पर सेवा कार्य में संघ के स्वास्थ्य चिकित्सा संयोजक ओमप्रकाश खेतावत, सहसचिव हैप्पी किंगर, कोषाध्यक्ष सौरभ कटारूका, विपुल जैन, विक्रम जैन, मनमोहन मोहता, संजय अग्रवाल, विमल जैन, अमित बेगानी, प्रतीक मोर सहित कई लोगों ने अपना योगदान दिया।

## वज्रपात में मृतक के आश्रित को मिला 8 लाख का मुआवजा




**रांची (आजाद सिपाही)।** हरिन पंचायत निवासी भीम स्वासी की पत्नी सरस्वती देवी और लादूपडीह पंचायत के भृगु राम महतो की पत्नी शीला देवी की मृत्यु वज्रपात से 28 अगस्त 2022 को हो गयी थी। परिजन आंचल, अनुमंडल और जिला में लगातार प्रयास करने के बावजूद भी प्रशासन की कार्य शैली से काफी नाराज थे। तब नेशनल पीपुल्स पार्टी के नेताओं से संपर्क में आने के पक्ष अपनी परेशानी प्रकट किया। नेताओं ने आश्वासन देते हुये कहा कि जल्द ही कार्य में तेजी लायी जायेगी। अपर समाहर्ता कार्यालय में संपर्क करने के पश्चात मुआवजा प्रक्रिया में तेजी लायी गयी और अधिकारियों पर दबाव डालते हुए प्रदेश महासचिव अमर महतो ने कहा पंचपरगना क्षेत्र में रुके हुये कार्यों की समीक्षा की जा रही है। अगर किसी तरह का कोताही की गयी तो उस पर कार्रवाई के लिये उच्च अधिकारियों से मिलकर अवगत करायेंगे। 1 वर्ष के पश्चात सितंबर 23 में दोनों परिवारों के परिजनों को 8 लाख की राशि प्रदान किया गया। नेशनल पीपुल्स पार्टी के नेताओं ने एक स्वर में कहा कि प्रखंड स्तर पर हमारे कार्यकर्ता जनहित के कार्य में लगे हुये है। मौके पर पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सुमन वाड़ा, प्रदेश सचिव जोसेफ लकड़ा, अनथन लकड़ा, अरशद अंसारी, कार्तिक सोरेन, राजेंद्र प्रमाणिक, मानिक महतो, पंकज सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# 13 कुलपतियों और प्रतिनिधियों ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर विचार रखे

- सरला बिरला विवि में वाइस चांसलर पैनल डिस्कशन का आयोजन




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक के बोर्ड रूम में इंप्लीमेंटेशन आफ नेशनल एजुकेशन पॉलिसी एंड इंडियन ट्रेडिशनल नॉलेज थीम पर वाइस चांसलर पैनल डिस्कशन का आयोजन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें राज्य के सरकारी और निजी विश्वविद्यालय के 13 कुलपतियों और प्रतिनिधियों ने हिस्सा लेकर अपने-अपने यहां राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन और क्रियान्वयन में आने वाली चुनौतियों के बारे में बारी-बारी से अपने विचारों को साझा किया।

सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक ने पैनल चर्चा के आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तीन वर्ष पूर्ण होने पर विभिन्न विश्वविद्यालय में क्रियान्वयन हेतु बहुत कुछ किये गये और बहुत कुछ किये जाने की योजनाएं है।

रांची विश्वविद्यालय कुलपति के प्रतिनिधि सह अंग्रेजी के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ राजकुमार शर्मा ने रांची विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन के दिशा में अपनाया गये सभी प्रयासों की न केवल चर्चा की बल्कि क्रियान्वयन में आने वाली बाधाओं के समाधान हेतु कई उचित और उपयोगी सुझाव भी दिया।

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति सह नीलांबर पीतांबर विवि के कुलपति प्रोफेसर तपन कुमार शांडिल्य ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन की चर्चा करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में विश्वविद्यालय में शिक्षकों और कर्मचारियों की रिक्तियां सबसे बड़ी बाधा है। इक्कफाई विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ रमन कुमार झा ने क्रियान्वयन की चर्चा करते हुए क्वालिटी टीचिंग के लिए क्वालिटी टीचर की आवश्यकता और स्किल डेवलपमेंट, स्किल इन्हांसमेंट चर्चा की आवश्यकता बताते हुए शिक्षक शिक्षा की कमी को बड़ी बाधा बताया। झारखंड टेक्निकल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डीके सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय ज्ञान के वे स्रोत होते हैं जो समाज के अंधकार का हरण करते हुए ज्ञान की रोशनी फैलाते हैं। झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर त्रिवेणी नाथ साहू ने कहा की राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 तब तक केवल थ्योरी है जब तक उसे लागू नहीं किया जाये। सरला बिरला विश्वविद्यालय के मानविकी की डीन प्रो नीलिमा पाठक ने भारतीय ज्ञान परंपरा पर विस्तृत और प्रेरक उद्बोधन देकर न केवल भारतीय ज्ञान परंपरा से सभी को अवगत कराया बल्कि भारतीय ऋषि परंपरा के के अनुकूल सामाजोपयोगी, जीवन कौशल से संपन्न, योग्य नागरिक निर्माण करने की दिशा में सभी को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित भी किया। श्रीनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोविंद महतो ने कहा कि मैकाले शिक्षा पद्धति को समाप्त करते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा के अनुकूल राष्ट्रीय शिक्षा नीति को प्रैक्टिकल तौर पर लागू करने की हर एक चैलेंज को स्वीकार करने की आवश्यकता है। वाइबीएन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एसपी यादव ने कहा कि पूर्व की शिक्षा नीति ने भारत को खंड-खंड विभाजित करने का कार्य किया, अवश्य भारत को विश्व गुरु बनाने में कामयाब होगी। बैठक का संचालन डॉ रिया मुखर्जी ने किया और धन्यवाद ज्ञापन की औपचारिकता विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर विजय कुमार सिंह द्वारा पूरी की गयी।

**शपथ पत्र**

शपथ पत्र संख्या 7954 दिनांक 21.09.2023 के अनुसार मैं, यशोदा देवी, पति- रघुनाथ सिंह, निवासी ग्राम -पुरनाडीह टोली- गुरियादामर थाना-लेस्लीगंज, जिला-पलामू (झारखंड) शपथ पूर्वक ब्यान करती हूं कि:-

1. यह कि मैं उपरोक्त नाम वो पते का स्थायी निवासी हूं।
2. यह कि मेरा आधार कार्ड संख्या- XXXX XXXX 3559 में मेरे मायके के पता से एवं नाम से आधार कार्ड बना है जिसमें मेरा नाम गलती से लोकमानी देवी, के नाम से बना है। जो गलत है।
3. यह कि मैं अपना आधार कार्ड में नाम सुधारवाना चाहती हूं मेरा सही नाम यशोदा देवी पति रघुनाथ सिंह है जो सही है।
4. यह कि मैं यह शपथ पत्र मेरा आधार कार्ड में लोकमानी देवी के नाम अंकित है उसके स्थान पर सही नाम यशोदा देवी अंकित करने वास्ते दे रही हूं।

**AFFIDAVIT**

As per affidavit Ref. No. 1011 dated 30.09.2023 **I, SANJAY PRADHAN** S/O JOGENDRA PRADHAN, resident of Flat no.103, Rupam Enclave, Ashok Nagar, Landmark, Kaveri, Hotel, Ranchi G.P.O, Ranchi, Jharkhand 834001 do hereby solemnly affirm and declare as follows:-

1. That I am an Indian National by birth.
2. That my correct name is SANJAY PRADHAN mentioned in my UID 8129 4633 4612.
3. That my other name is SANJAY KUMAR PRADHAN vide passport no. L5137458.
4. That SANJAY PRADHAN and SANJAY KUMAR PRADHAN both names are of same and one person i.e myself.
5. That this affidavit is being sworn for the purpose of nameproof.

# उज्जैन मामले के सबक

देश को स्तब्ध कर देने वाले उज्जैन रेप केस में हालांकि आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन यह मामला लंबे समय तक हमारे समाज के अंतःकरण को धिक्कारता रहेगा। यह सही है कि घटना का वीडियो वायरल होने के बाद उज्जैन पुलिस ही नहीं, राज्य सरकार ने भी तेजी दिखायी। चूंकि पीड़ित नाबालिग बच्ची कुछ बताने की स्थिति में नहीं थी, इसलिए पुलिस का काम थोड़ा मुश्किल लग रहा था, लेकिन अलग-अलग इलाकों के सीसीटीवी फुटेज और उसकी टाइमिंग के आधार पर पुलिस ने न केवल बच्ची को लिफ्ट देने वाले ऑटोचालक को ढूंढ़ लिया, बल्कि आरोपी तक भी पहुंच गयी। आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है और पुलिस को वारदात की जगह पर भी ले गया, जहां से बच्ची के कपड़े बरामद हुए। यानी माना जा सकता है कि यह केस प्राथमिक तौर पर सुलझ गया है। वैसे संबंधित आरोपियों से तफसील से पूछताछ और जांच-पड़ताल के जरिये बाकी सबूत जुटाने का काम जारी है। इसलिए अगर साजिश का कोई और भी पहलू हुआ, तो उम्मीद की जानी चाहिए कि पुलिस उसकी तहों तक पहुंच जायेगी। मगर इस पूरे मामले का सबसे दुखद और शर्मनाक पक्ष है हमारे शहरी समाज की बढ़ती संवेदनहीनता। यह बात सही है कि एक अनजान बच्ची को बेहोश पाकर आश्रम के एक पुजारी ने अपना पूर्वनिर्धारित कार्यक्रम स्थगित करते हुए उसकी मदद की और उसे अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था कर उसका इलाज सुनिश्चित करवाया, लेकिन इस तथ्य का क्या किया जाये कि बेहोश होने से पहले खून से लथपथ वह बच्ची अर्धनग्न अवस्था में मदद की गुहार लगाती घर-घर घूमती रही और जगह-जगह से दुत्कारी जाती रही। यहां बात सिर्फ उज्जैन की नहीं है। हमारे शहरी समाज का यह एक चिर-परिचित सा चेहरा बनता जा रहा है। आये दिन ऐसी घटनाएं सामने आती रहती हैं, जिसमें दिन-दहाड़े और भीड़भाड़ वाले इलाकों में महिलाओं, बुजुर्गों के साथ अपराध होता है और कोई मदद के लिए सामने नहीं आता। इसके पीछे यह तर्क दिया जाता है कि लोग अगर आगे नहीं आते, तो इसका कारण है उन समाजविरोधी तत्वों के हमले का शिकार होने का डर। मगर उज्जैन की घटना ने साबित किया कि यह स्पष्टीकरण पूरी तरह सच नहीं है। सड़क हादसों के मामलों में भी कहा जाता था कि पुलिस-अदालत के चक्करों का डर लोगों की मदद करने की भावना पर भारी पड़ता है। लेकिन कानून में जरूरी सुधार और अस्पताल पहुंचाने वालों के लिए संरक्षण की व्यवस्था किये जाने के बाद भी इस मोर्चे पर कोई प्रगति देखने में नहीं आयी है। जाहिर है, मामला सिर्फ डर का नहीं। हमारे शहरों और महानगरों का जीवन ही कुछ ऐसा होता जा रहा है, जिसमें दूसरों के लिए सोचने, उनकी परवाह करने की प्रवृत्ति और गुंजाइश लगातार कम होती दिख रही है। इस स्थिति को बदलने की पहल समाज की ही ओर से हो सकती है। उसमें और देर करना उचित नहीं होगा।


**मध्यप्रदेश के उज्जैन रेप केस ने एक बार फिर से शहरों में बढ़ती संवेदनहीनता पर सवाल खड़ा किया है। पीड़िता अर्धनग्न अवस्था में मदद की गुहार लगाती घर-घर घूमती और जगह-जगह से दुत्कारी जाती रही।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**विजिबल क्लीनलीनेस अर्थात दृश्यगत स्वच्छता पर जोर देने के साथ ही इससे जुड़े समाज के गुमनाम नायकों, सफाई मित्रों, स्वच्छाग्रहियों, जल सहियाओं, आदि के कल्याण पर भी ध्यान दिया गया है। समाज में इन लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका की स्वीकृति के साथ और उनके उत्थान के लिए कार्य करना भी इस अभियान का सराहनीय पहलू है।**

# 'स्वच्छता ही वास्तविक सेवा' पखवाड़ा : कचरा मुक्त भारत के लिए जन आंदोलन

**गजेंद्र सिंह शेखावत**



**भारत** विविध सभ्यताओं का देश है। संस्कृति, परंपरा, धर्म और भाषा में विविधता के बावजूद विषम परिस्थितियों में भी एकजुट रहना ही हमारी पहचान है। एकता और जन-भागीदारी की यह ताकत आज हमारे देश के विकास को गति दे रही है। सामूहिक ईच्छा शक्ति से किसी क्षेत्र में किस तरह बदलाव लाया जा सकता है, हमारे लोकप्रिय प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू किया गया विश्व का सबसे बड़ा व्यवहार परिवर्तन अभियान स्वच्छ भारत अभियान (क्लीन इंडिया कैंपेन) इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। भारत को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने के लक्ष्य को पाने और स्थायी व सतत विकास को गति देने के लिए स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम-जी) एक जनांदोलन बनकर उभरा है। यह अभियान स्वच्छता के लिए मात्र तत्कालिक उपायों को अपनाने तक ही सीमित नहीं है वरन यह शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़े सभी मुद्दों का समाधान तलाशते हुए देश के सामने दीर्घकालीन दृष्टिकोण की नींव रखता है। और यह सकारात्मक परिणाम सरकार के सभी सम्बन्धित विभागों के उचित समन्वय और संयुक्त प्रयासों से संभव हो पाया है।

**स्वच्छ भारत मिशन जैसी शानदार पहल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा स्वच्छता ही सेवा (एसएचएस) अभियान है।**

हमारे मार्गदर्शक और प्रेरणा के अकूत स्रोत आदरणीय प्रधानमंत्री जी की दूरदर्शी सोच को प्रदर्शित करने वाले इस अभियान के उद्देश्यों को गति देने और उसके कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए हमारी पूरी टीम नियमित तौर पर राज्यों जिलों और गांवों को संबल प्रदान करने के लिए आवश्यक विभागीय यात्रायें कर रही है। उच्च स्तरीय समीक्षाओं के माध्यम से इस मिशन को सफल बनाने की दिशा में हम निरंतर प्रयासरत हैं। भारत को स्वच्छ बनाने के लिए की जा रही मेहनत और संकल्प का




नतीजा है कि एसबीएम-जी2.0 के तहत देश के 4.4 लाख से अधिक गांवों ने स्वयं को ओडीएफ प्लस घोषित किया हैं। इसके अतिरिक्त 11.25 करोड़ से अधिक घरेलू शौचालयों और 2.36 लाख सामुदायिक स्वच्छता परिसरों का निर्माण हुआ है।

स्वच्छ भारत मिशन जैसी शानदार पहल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा स्वच्छता ही सेवा (एसएचएस) अभियान है। यह मिशन के प्रति जन-भागीदारी को सुनिश्चित करने के साथ इसे जनांदोलन बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। हम सभी विगत वर्षों में स्वच्छता ही सेवा अभियान की सफलता और उसके परिणाम देख चुके हैं। एसएचएस 2022 के दौरान लगभग 10 करोड़ लोगों ने श्रमदान की विभिन्न गतिविधियों में स्वेच्छा से भाग लिया। इस बार उत्साहवर्धक बात यह है कि इस वर्ष पखवाड़ा में अभी तक करीब 9 करोड़ लोगों ने श्रमदान कार्यक्रमों में भागीदारी दिखाई हैं। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत इस वर्ष महज 12 दिनों में ही 20 करोड़ से अधिक लोगों ने श्रमदान की विभिन्न गतिविधियों में अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित की है, अर्थात औसतन प्रतिदिन करीब 1.67 करोड़ लोग इस अभियान का अंग बने हैं। यह अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। इस विशाल जन-भागीदारी के कारण ही हमने इस वर्ष एक उल्लेखनीय रिकॉर्ड बनाया। लोगों के संकल्प का सुफल है कि ओडीएफ प्लस गांवों की संख्या में बड़ी बढ़ोतरी हुई है। देश में अब ऐसे ओडीएफ प्लस गांवों की संख्या 7% से बढ़कर 75% हो गयी है।

स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरुआत इस वर्ष मेरे साथ मंत्रिमंडल में मेरे अनुभवी सहयोगियों केंद्रीय पंचायती राज और ग्रामीण विकास मंत्री आदरणीय श्री गिरिराज सिंह और केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री आदरणीय श्री हरदीप सिंह पुरी ने की। माननीय प्रधानमंत्री के आह्वान पर इस वर्ष 15 सितंबर से एक अक्टूबर के बीच इस अभियान को चलाया जा रहा है। इसका समापन एक अक्टूबर को सुबह 10 बजे से 11 बजे तक एक घंटा राष्ट्रव्यापी स्वैच्छिक स्वच्छता श्रमदान के साथ होगा। इस वर्ष यह अभियान स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण और शहरी के संयुक्त तत्वावधान में पेयजल और स्वच्छता विभाग व शहरी और आवास मामलों का मंत्रालय संयुक्त पहल के रूप में चला रहा है।

मेरी स्पष्ट मान्यता है कि स्वच्छता ही सेवा कोई साधरण अभियान नहीं है। यह देश के सभी नागरिकों से स्वैच्छिक गतिविधियों के माध्यम से श्रमदान करने का आह्वान है। इसका उद्देश्य साझा जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना और स्वच्छता को लेकर सामूहिक दायित्व के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। इस वर्ष यह अभियान 'कचरा मुक्त भारत' के संकल्प से जुड़ा है। हमारा उद्देश्य इस बात पर जोर देना है कि स्वच्छता हमारा सामूहिक दायित्व है और यह हम सबके दैनिक जीवन का अहम भाग होना चाहिए।

आज जब हम स्वच्छता ही सेवा अभियान की सफलता पर विचार कर रहे हैं, तो हमारे लिए इस असाधारण प्रयास के सभी पहलुओं की गहराई से अध्ययन करना भी बेहद जरूरी है।

अभियान के दौरान विजिबल क्लीनलीनेस अर्थात दृश्यगत स्वच्छता पर जोर देने के साथ ही इससे जुड़े समाज के गुमनाम नायकों, सफाई मित्रों, स्वच्छाग्रहियों, जल सहियाओं, आदि के कल्याण पर भी ध्यान दिया गया है। समाज में इन लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका की स्वीकृति के साथ और उनके उत्थान के लिए कार्य करना भी इस अभियान का सराहनीय पहलू है। ये वही लोग हैं जो हमारे समाज को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने के लिए लगनशीलता से कार्य कर रहे हैं।

एसएचएस 2023 सार्वजनिक क्षेत्रों के कायाकल्प के उद्देश्य से गतिविधियों की एक प्रभावशाली श्रृंखला के रूप में है। इसमें सार्वजनिक स्थानों की सफाई से लेकर स्वच्छता से जुड़े सभी उपकरणों का नवीनीकरण शामिल है। यह अभियान नदी तटों, जल निकायों, पर्यटन स्थलों और ऐतिहासिक स्मारकों की सफाई, प्राकृतिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने की हमारी प्रतिबद्धता को भी दिखाता है। इन लक्ष्यों को प्राप्त करने और अपशिष्ट प्रबंधन तंत्र विकसित करने की दिशा में आगे बढ़ने के लिहाज से पेयजल और स्वच्छता विभाग व आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के बीच सहयोगात्मक गठबंधन एक बेहतरीन मंच तैयार करता है।

ऐसे मौके पर स्वच्छता ही सेवा-2023 के माध्यम से अपनाये गये 'होल ऑफ गवर्नमेंट' दृष्टिकोण को रेखांकित करना भी बेहद महत्वपूर्ण है। इस अभिनव दृष्टिकोण ने डीडीडब्ल्यूएस और एमओएचयूए के अलावा 59 सरकारी विभागों को 30,000 से अधिक गतिविधियां शुरू करने और पूरे देश में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए अब तक 7.5 लाख से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने में सक्षम बनाया है। इसके अलावा इस अभियान की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि समुदायों की अभूतपूर्व भागीदारी है। इसके तहत छात्रों, सरकारी कर्मचारियों और स्थानीय समुदायों सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों ने स्वच्छता के मुद्दे को संबोधित करने के लिए एकजुटता दिखाई है। स्रोत पर ही अपशिष्ट पृथक्करण के महत्व को देश के युवा समझ रहे हैं। इस समझ और जागरूकता के साथ वे अपने समुदायों में स्वच्छता का संदेश दे रहे हैं और स्वच्छता चैंपियन बन रहे हैं। इस अभियान से जुड़े सांस्कृतिक और अन्य विशेष कार्यक्रमों के जरिए स्वच्छता से जुड़े लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए व्यापक जन-भागीदारी को बढ़ावा देने में अहम मदद मिल रही है।

यह अभियान इस वर्ष के लिए एसएचएस पोर्टल के लांच का भी साक्षी बना, जो इस पहल के तहत स्वैच्छिक कार्यों का विस्तृत रिकॉर्ड रखता है। इससे पारदर्शिता और जवाबदेही भी सुनिश्चित हुई है, जो पहले इस तरह के अभियानों में देखने को नहीं मिलती थी। साथ ही नागरिकों और संगठनों के बेहतरीन प्रयासों से जुड़े रिकॉर्ड को संरक्षित रखने के लिए एक मंच भी तैयार हो गया है। एसएचएस-2023 के साथ भारतीय स्वच्छता लीग के जुड़ जाने से इस अभियान में एक प्रतिस्पर्धी भावना का भी संचार हुआ है।

मैं देश के सभी नागरिकों से आग्रह और अपील करना चाहता हूं कि हमारे पूज्य राष्ट्रपिता के बताये रास्ते पर चलते हुए हम सभी श्रमदान की भावना को अपनायें और एक अक्टूबर को स्वच्छता श्रमदान में स्वेच्छा से सक्रिय रूप से जुड़ें, अपने गांवों, कस्बों और शहरों को संपूर्ण स्वच्छ बनाने में श्रमदान करें।

जय भारत जय स्वच्छता

**(लेखक केंद्रीय जल शक्ति मंत्री हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

### नाम्या स्माइल फाउंडेशन के निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 1100 लोगों की जांच, कोरोना वारियर्स हुए सम्मानित

# अपोलो अस्पताल अगर पहल करे तो हरसंभव करेंगे सहयोग : आयुक्त मनोज

**प्रशासनिक स्तर पर सहयोग मिले तो लौहनगरी में होगा अत्याधुनिक अस्पताल : आलोक श्रीवास्तव निदेशक**

**आजाद सिपाही संवाददाता**






**जमशेदपुर।** प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर देशव्यापी 'सेवा पखवाड़ा' के तहत शहर की सामाजिक संस्था नाम्या स्माइल फाउंडेशन व अपोलो अस्पताल भुवनेश्वर के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ किया गया। शनिवार को सिदगोड़ा सोन मंडप में जांच शिविर में कोल्हान प्रमंडल के आयुक्त मनोज कुमार, जुस्को के प्रबंध निदेशक ऋतुराज सिन्हा, अपोलो अस्पताल के निदेशक आलोक श्रीवास्तव व संस्थापक सह पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी शामिल हुए। सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र व नाम्या की किट भेंटकर स्वागत किया गया। मौके पर सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित शिविर का विधिवत शुभारंभ किया। सुबह 9 बजे से संध्या 5 बजे तक चले शिविर में आसपास के बस्ती से लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। मौके पर अलग अलग काउंटर पर बीमारियों का जांच की गयी। शिविर में लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यकतानुसार जरूरी दवाया प्रदान की गयी। चिकित्सकों ने मौसम के बदलाव के साथ स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतने की निर्देश दिए। साथ ही पानी को उबाल कर ही पीने व ताजा भोजन करने की अपील की। शिविर में अपोलो अस्पताल के मेडिसिन, सर्जरी, हड्डी रोग, नेत्र विशेषज्ञ, चर्म रोग, स्त्री एवं प्रसूति, हृदय रोग, न्यूरो सर्जरी, कान गला एवं नाक, शिशु रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग, एक्स-रे, फिजियोथेरेपी, मधुमेह, ईसीजी, ईसीएचओ के विशेषज्ञ डॉक्टर ने लगभग ग्यारह सौ लोगों की जांच की। मौके पर कोल्हान प्रमंडल के आयुक्त मनोज कुमार ने संस्था के कार्यों व प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा स्वास्थ्य ही सबसे उत्तम धन है। स्वास्थ्य अच्छा है तो जीवन का आनंद ले सकते व समाज में रचनात्मक कार्य कर सकते हैं। उन्होंने कहा जिस प्रकार से चिकित्सा सेवा मंहगी हुई है उसको ध्यान में रखकर संस्थापक कुणाल षाड़ंगी का यह प्रयास सराहनीय है। कोल्हान आयुक्त मनोज कुमार ने कहा अपोलो अस्पताल प्रबंधन के लिए जमशेदपुर शहर में प्रसाशनिक स्तर पर सभी जरूरी सहयोग करने को तैयार है। मौके पर अपोलो अस्पताल के निदेशक आलोक श्रीवास्तव ने कहा जमशेदपुर शहर में लोगों को अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए एक अत्याधुनिक अस्पताल बनाने की मंशा है। अगर शासन-प्रशासन का सहयोग मिलेगा तो लौहनगरी की जनता के लिए एक अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं से लैश अस्पताल खोलेंगे। वहीं जुस्को प्रबंध निदेशक ऋतुराज सिन्हा ने कहा आज के बदलते मौसम में उपचार से बचाव अधिक महत्वपूर्ण है। लोग बीमारियों के गंभीर होने का इंतेजार करते हैं। अगर स्वास्थ्य के प्रति सजग व सावधान रहें व समय से स्वास्थ्य की जांच की जाए तो कई गंभीर बीमारियों व महंगे इलाज से बचा जा सकता है। ऋतुराज सिन्हा ने टाटा स्टील की ओर से संस्था नाम्या के प्रयासों की सराहना की। मौके पर संस्थापक सह पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने कहा पहली बार जमशेदपुर में विख्यात अस्पताल अपोलो के अनुभवी डॉक्टरों ने लोगों की जाँच की। यह स्वास्थ्य जांच शिविर शहर के बस्तीवासियों को समर्पित है। उन्होंने कहा गरीब जरूरतमंद लोग महंगी फीस के कारण इलाज एवं परामर्श नही ले सकते थे। वैसे हजारों लोगों ने शिविर में स्वास्थ्य लाभ लिया। उन्होंने कहा प्रशासनिक स्तर पर अस्पताल खुलने संबंधी प्रस्ताव का वे खुले मन से स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा प्रयास है शहरवासियों के स्वास्थ्य सुविधा के लिए एक अत्याधुनिक अस्पताल शहर में शीघ्र बने।

### कोरोना वारियर्स को संस्था ने किया सम्मानित

**वैश्विक महामारी कोरोना के बीच अपने कर्तव्य पर डटकर मानवता की सेवा करने वाले एएनएम व सीएचओ को अंगवस्त्र और उपहार भेंटकर सम्मानित करते हुए आभार जताया गया। जिनमें नविता कुमारी, श्रीति कुमारी, रोजलिन केरकेट्टा, जया महतो, अंजना कुमारी, रेणु कुमारी, लुक्खी मुर्मु, कृष्णा पोद्दार, पूनम कुमारी, सुमेश्वरी कुमारी व अन्य शामिल रहे। शिविर में दिनेश कुमार, शिवशंकर सिंह, भूपेंद्र सिंह, प्रेम झा,धर्मेंद्र प्रसाद,संतोष ठाकुर, अजय सिंह,बबलू गोप,बिमल बैठा,राहुल तिवारी, शशि यादव समेत लोगों ने शिरकत की। शिविर को सफल बनाने में नाम्या स्माइल फाउंडेशन के निकिता मेहता, अमीश मेहता, निधि केडिया, पूर्णेन्दु पात्र, सतप्रित सिंह, धवल सेठ, अतुल अमिस्ट, सूर्या राव, निर्मल, प्रशांत कुमार, पूर्णेदु आचार्य,बबन बैनर्जी समेत अन्य सदस्यों का योगदान रहा।**

### आयुष्मान कार्ड के लिए काउंटर उपलब्ध

शिविर में आयुष्मान भारत के तहत दर्जनों लोगों का गोल्डन कार्ड बनाया गया। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से लोग किसी भी पंजीकृत अस्पताल में स्वास्थ्य सेवा प्राप्त कर सकते है। केंद्र सरकार की ओर से गोल्डन कार्डधारी परिवार को प्रत्येक वर्ष पांच लाख रुपए तक के इलाज की मुफ्त सुविधा मिलती है। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ सत्येंद्र मोहंती ने कहा गठिया, जोड़ों के दर्द का बड़ा कारण गलत तरीके के उठने-बैठने से व अनियमित दिनचर्या के साथ गलत खान पान से होता है। हम नियमित रूप से व्यायाम व फिजियोथैरेपी से ऐसी बीमारियों से बच सकते हैं। उन्होने कहा हड्डियां व जोड़ ही हमारे शरीर का आधार है। इनका विशेष ध्यान रखना चाहिए। बढ़ती उम्र के साथ कैल्शियम व विटामिन डी हड्डियों के लिए बहुत लाभकारी है।

### इन डॉक्टरों ने की जांच

शिविर में डॉ पीके साहू (न्यूरो सर्जरी), डॉ पल्लवी दास (ओबीएस एंड गयनेकोलॉजिस्ट) डॉ आशुतोष पटनायक (ऑन्कोलॉजी), डॉ अमृतांश गुप्ता (मेडिसिन), डॉ सत्येंद्र मोहंती (ऑर्थोपेडिक), डॉ सुभाशीष दास (कार्डियोलॉजी), डॉक्टर निहार साहू (डेंटल सर्जन) व अन्य शामिल रहे।

## श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा पंडाल का सांसद प्रतिनिधि ने किया भूमि पूजन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** बागबेड़ा सोमई झोपड़ी में श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष कृष्ण चंद्र पत्रों के नेतृत्व में भूमि पूजन का आयोजन किया गया। शनिवार को भूमि पूजन में मुख्य अथिति सांसद प्रतिनिधि संजीव कुमार, विशिष्ट अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता हरेंद्र सिंह व पूर्व मंडल अध्यक्ष धनंजय उपाध्याय शामिल हुए। अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से पूजा अर्चना कर पूजा पंडाल का भूमि पूजन किया गया।

## रेड क्रॉस भवन में जन सेवा संघ ट्रस्ट के रक्तदान शिविर में 265 यूनिट रक्त संग्रह



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** लौहनगरी जमशेदपुर के रेड क्रॉस भवन में जन सेवा संघ ट्रस्ट के द्वारा एकदिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शनिवार को आयोजित शिविर में मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी शिव शंकर सिंह,जंबू अखाड़ा के संरक्षक बंटी सिंह व सम्मानित अतिथियों में हर महादेव सेवा संघ के महामंत्री अखिलेश पाण्डे, अर्पण संस्था के जूगुन पांडे, महेश मिश्रा, कल्याणी पाठक, रितिका, अमृत कौर, सपना थापा, अनीशा सिन्हा, रीना सिंह अतिथि के तौर पर शामिल हुए। मौके पर अतिथियों के द्वारा विधिवत रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया गया। मौके पर सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से रक्तदाताओं से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर संस्था की ओर से 265 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। मौके पर संस्था की ओर से सिदगोड़ा थाना प्रभारी भूषण कुमार सहित आशुतोष तिवारी, कुणाल शर्मा, सागर खत्री,बी.अंतरजीता राव, रुद्र प्रताप उदरक को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया।

## सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण व ओवर स्पीडिंग, रांग साइड ड्राइविंग पर रोक लगाने के लिए चलाया जांच अभियान



**गम्हरिया (आजाद सिपाही)।** जिला उपायुक्त के निर्देश पर सड़क दुर्घटनाओं में नियंत्रण, सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने व ओवर स्पीडिंग व रॉन्ग साइड ड्राइविंग के विरुद्ध अपर उपायुक्त सुबोध कुमार व जिला परिवहन पदाधिकारी शंकर आचार्य शामद ने गम्हरिया थाना क्षेत्र में विशेष जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान लोगों को सड़क सुरक्षा यातायात नियमों के अनुपालन करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही बड़े वाहनो को ओवर स्पीडिंग व रॉन्ग साइड ड्राइविंग पर नियम संगत कार्यवाही करने, यातायात नियमों का पालन कर सुरक्षित ड्राइविंग करने, अवैध पार्किंग ना करने के लिए प्रेरित किया।

## पीडीएस दुकानदार पर ग्रामीणों ने दो माह का अंगूठा लगाकर एक माह का राशन देने का लगाया आरोप

सगमा। पीडीएस दुकानदार पर ग्रामीणों ने दो माह का अंगूठा लगाकर एक माह का राशन देने का लगाया आरोप।

इस संबंध में सगमा गांव में खाद सुरक्षा के लाभुकों ने अनुमंडल पदाधिकारी को दिये आवेदन में कहा है कि सगमा गांव के डीलर रामनाथ पासवान के द्वारा दो माह अंगूठा लगवाकर एक माह का राशन दिया जा रहा है जब हम लोग इसका विरोध करने लगे तो डीलर की पत्नी ने अभद्र भासा का प्रयोग करते हुए धमकी देती है जबकि डीलर रामनाथ पासवान कहते हैं कि इसकी शिकायत जहाँ करना हो कर दीजिए मेरा कुछ नहीं बिगाड़ पाइयेगा। ज्यादा बोलियेगा तो एससी एसटी केस में फसाकर जेल भिजवा देंगे इस स्थिति को देखते हुए अनुमंडल पदाधिकारी महोदय से आग्रह है कि इसकी जाँच करते हुए डीलर पर उचित कार्रवाई करते हुए दो माह का राशन दिलाया जाये।

# पूरे राज्य में दिख रहा है हेमंत सोरेन सरकार के कार्यों का असर : धीरज

**पूर्व मुखिया प्रत्याशी सहित 50 से अधिक लोग झामुमो में शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के मेराल प्रखंड अंतर्गत ओखरगाड़ा पश्चिम पंचायत से मुखिया पद के पूर्व प्रत्याशी जोखू अंसारी व रौनक खान सहित 50 से अधिक लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा। सभी लोग दूसरे दलों का छोड़कर झामुमो में शामिल हुए। झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने सभी को माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर पार्टी में शामिल कराया।

इस दौरान जोखू और रौनक के नेतृत्व में पार्टी में शामिल होने



वाले लोगों में उमेश राम, हीरा राम, चंदन, असमुल्ला, अटल बिहारी राम, अमित, ओम प्रकाश, प्रिंस, केश्वर राम, ब्रजेश भारती, रितेश, प्रेमचंद, मो गुलजार, मो. एहसान, मो शहादत, सोनू, शाहिद, विजय आदि का नाम शामिल है। मौके पर श्री दुबे ने कहा कि झामुमो में लगातार काफी संख्या में लोग शामिल हो रहे हैं। इससे झामुमो परिवार लगातार बड़ा हो रहा है। ये लोग हेमंत सरकार की नीति और सिद्धांतों तथा गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के कार्यों से प्रभावित होकर दूसरे दलों को छोड़कर झामुमो में शामिल हुए हैं। यहां सबको उचित मान सम्मान मिलेगा। उन्होंने कहा कि सभी लोग अपने-अपने क्षेत्र में पार्टी की नीति और सिद्धांतों तथा झारखंड सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों को जन-जन तक पहुंचाएं। ताकि लोग इसका लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार के कार्यों का असर पूरे राज्य में दिख रहा है। विपक्ष के लाख प्रयास और हर हथकंडा अपनाने के बावजूद डुमरी विधानसभा उपचुनाव में जनता ने हेमंत सरकार के कार्यों पर मुहर लगायी। मौके पर मुख्य रूप से आशुतोष पांडेय, राजा सिंह, अजीज, विवेक सिंह, मिथिलेश देव, मुन्ना सिंह, नवीन तिवारी, दिलीप गुप्ता, मिन्हाज खान सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# गढ़वा सहित झारखंड के सर्वांगीण विकास के लिए भाजपा की सरकार आवश्यक : अलखनाथ पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** विधानसभा के चिनिया प्रखंड में झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी जी के 5 अक्टूबर 2023 को गढ़वा में होने वाले संकल्प यात्रा से संबंधित चिनिया प्रखंड के अध्यक्ष शिवलाल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह चिनिया प्रखंड के प्रभारी के रूप में अलखनाथ पाण्डेय उपस्थित हुए।



इस अवसर पर अलखनाथ पांडेय ने बैठक में उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के नेता, कार्यकर्ता और ग्रामीण जनता को संबोधित करते हुए कहा कि जो झारखंड मुक्ति मोर्चा का कुशासन चल रहा है उससे मुक्ति के लिए भारतीय जनता पार्टी के साथ सब लोग एकजुट हों।

भारतीय जनता पार्टी की सरकार जनहित में लगातार अच्छा काम कर रही है आने वाले समय झारखंड में भी भाजपा की सरकार बनेगी इसके लिए लोगों से भाजपा को समर्थन करने के लिए लोगों से अपील करते हुए उन्होंने मरांडी जी के संकल्प यात्रा में भारी संख्या में शामिल होकर यात्रा को सफल बनाने के लिए लोगों से कहा।

साथ ही उन्होंने कहा कि भय भूख भ्रष्टाचार जो भारतीय जनता पार्टी का मूल मंत्र है या जो पूरे गढ़वा विधानसभा में भय का माहौल बन चुका हुआ है यह सब खत्म करने के लिए भाजपा लगातार प्रयासरत है।

माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा महिला आरक्षण बिल एवं चंद्रयान-3 के सफल लॉन्चिंग के लिए सभी लोगों से मोदी जी को धन्यवाद साधुवाद देने के लिए अपील किए। इस बैठक में कपिल प्रसाद, धनंजय तिवारी, रौशन धर दुबे, गौरी शंकर विंद, उमेश सिंह, ताहिर अंसारी, अशोक प्रशाद, मनोज यादव, रमेश सिंह सहित भारतीय जनता पार्टी के नेता, कार्यकर्ता और ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में मेडिकल सेंटर में कुल 103 रोगियों का इलाज और जांच की गयी



गढ़वा (आजाद सिपाही)। शहर के चिनिया रोड स्थित मिलाप मेडिकल सेंटर में लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम और मिलाप मेडिकल सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में हर महीने के 30 तारीख को एक नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में आज इस विशेष कार्यक्रम की जानकारी सेंटर के डायरेक्टर डॉ. असजद अंसारी ने दी। उन्होंने बताया कि इस महीने भी मिलाप मेडिकल सेंटर में कुल 103 रोगियों का इलाज और जांच की सुविधा उपलब्ध की गयी है। इस मौके पर ओटी असिस्टेंट युसूफ अंसारी, एएनएम संध्या, सेजल, बिंदु सहित कई लोग उपस्थित थे।

## राजघाटी में ट्रैक्टर पलटा, चालक गंभीर



केतार (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के राजघाटी में शनिवार को ट्रैक्टर पलटने से चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार उक्त टैक्टर कधवन गांव से भवनाथपुर सीमेंट लेने जा रहा था। ग्रामीणों के सहयोग से चालक सत्येंद्र यादव और कामेश्वर यादव को बाल बाल निकाला गया। उपस्वास्थ्य केंद्र में एएनएम पबिता कुमारी ने चालक सत्येंद्र यादव को प्राथमिक उपचार किया। केतार मुखिया प्रमोद कुमार ने पहुँचकर घायल चालक सत्येंद्र यादव को जायजा लिया। गंभीर स्थिति को देखते हुए मुखिया प्रमोद कुमार ने निजी वाहन से समुदाययिक केंद्र भवनाथपुर तक भेजवाया। इस घटना की जानकारी थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो को मिलते ही पीएसआई कृष्णा उरांव को भेजकर घटना की जानकारी ली। इस मौके पर बाबूलाल यादव,बीरबल मेहता, प्रमोद मेहता, अरविंदर बैठा, निर्मल पासवान सहित अन्य उपस्थित थे।

## मुखिया रीता देवी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक



हरिहरपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के मझिगावां पंचायत कार्यालय के सभागार में शनिवार को मुखिया रीता देवी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आहूत की गयी। बैठक में पंचायत के अंतर्गत पड़ने वाले सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, राजस्व कर्मचारी, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, वार्ड सदस्य, सभी राशन डीलर, एएनएम, जल सहिया, स्वास्थ्य सहिया, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, किसान मित्र, प्रज्ञा केंद्र संचालक, जेएसएलपीएस सहित पंचायत में सक्रिय सभी विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे। समीक्षा बैठक में नवप्राथमिक विद्यालय नवडिहवा पूर्व के प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय राम और नवप्राथमिक विद्यालय आजाद नगर के प्रभारी प्रधानाध्यापक बुद्धिनारायण साह ने अपने अपने विद्यालय में एक-एक शिक्षक की और मांग किया ताकि अध्ययनरत बच्चों को बेहतर शिक्षा दी जा सके। वहीं आंगनबाड़ी केंद्र बनरखोहा, मझिगावां बस्ती, भेलवाखाड़ी, नवडीहवा व महुडर की सेविका ने खुद के भवन की मांग किया ताकि आंगनबाड़ी को सही तरीके से चलाया जा सके। वंही कवलदाग, असनाखाड़, व आजाद नगर की सेविका बैठक में अनुपस्थित थी। बैठक में सभी राशन डीलरों ने बताया बताया कि हम सभी को अगस्त माह तक का राशन मिला हुआ था जिसे हम सभी ने वितरण कर दिया है। बैठक में भेलवाखाड़ी कई राशन डीलर अनुपस्थित थी। मौके पर पंचायत सचिव राजेंद्र राम, रोजगार सेवक राजेश शुक्ला, वास सत्यप्रकाश चौबे, अक्षय चौबे, मंगरु राम, सभी स्वास्थ्य सहिया, जल सहिया सहित, जन वितरण प्रणाली के दुकानदार सहित कई विभाग के सहयोगी उपस्थित थे।

## बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा कार्यक्रम को लेकर बैठक संपन्न



गढ़वा (आजाद सिपाही)। भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे की अध्यक्षता में जिला कार्यालय गढ़वा में झारखंड प्रथम मुख्यमंत्री बाबुलाल मरांडी के संकल्प यात्रा कार्यक्रम को लेकर बैठक संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि आगामी 5 अक्टूबर को बाबुलाल मरांडी का संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान गढ़वा जिला अन्तर्गत गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र का सभा गढ़वा के चेतना और भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र का संकल्प सभा श्री बंशीधर नगर में आयोजित किया जायेगा। जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने स्वागत और बाईक से रिसिव करने की जिम्मेवारी भाजयुमो कार्यकर्ताओं को सौंपा है उन्होंने कहा कि भाजयुमो कार्यकर्ता हजारों मोटरसाइकिल के साथ रैली निकालकर पुर्व मुख्यमंत्री भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का भव्य स्वागत करेंगे। गढ़वा सहित पूरे झारखंड में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच चुका है बेरोजगारी चरम पर पहुंच गया है झामुमो सरकार में युवाओं को रोजगार के लिए भटकना पड़ रहा है युवा रोजगार के लिए पलायन को मजबूर हैं अब युवाओं को ऐसी निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकना होगा। भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे। बैठक में मुख्य रूप भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अरुण तिवारी जिला मिडिया प्रभारी नवीन जायसवाल आई टी सेल प्रभारी मंटु दुबे मंडल अध्यक्ष बलराम यादव, संतोष, ज्ञान रंजन, पंकज, संजय सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# आंगनबाड़ी सेविका सहायिका संघ अपनी मांगों को लेकर चार अक्टूबर मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडारिया।** भंडरिया प्रखंड के आंगनबाड़ी सेविका संघ के अध्यक्ष रीता शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर आंगनबाड़ी सेविका सहायिका संघ के झारखंड प्रदेश कमिटि के निर्णय अनुसार दिनांक 04/10/2023 को अपनी मांगों के समर्थन में आयोजित मुख्यमंत्री आवास रांची के घेराव को सफल बनाने की जोर शोर से तैयारी चल रही है। इसी क्रम में राज्य के तमाम प्रखंडो में बैठक और नुक्कड़ सभा कर आंगनबाड़ी कार्यकरात सेविका यवम सहायिका को अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की जा रही है। महिला पर्यवेक्षिका की बहाली में



आरक्षण उम्र सीमा में छूट विषय और शैक्षणिक योग्यता को शिथिल कर मात्र कार्या नुभव आंगनबाड़ी कार्यकरात के लिए नियुक्ति का आधार बनाने, सेवा शर्त नियमावली में छूट हुए बिंदुओं, बीमा, सेवा निवृति का लाभ और सेवा निवृति के बाद मासिक पेंशन व्यवस्था, गैर आंगनबाड़ी कार्यो से मुक्ति, महीने के 5वीं तारीख तक नियमित मानदेय, पोषाहार, केंद्र किराया का भुकतान तथा केंद्र राशि में बढ़ोतरी की मांग प्रमुख मुद्दे हैं। इस घेराव कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी स्तर की जिम्मेदारी दी गयी कि कार्यक्रम के दिन पूरा रांची शहर गुलाबी रंग से भर जाये।

# ईद मिलादुन्नबी केजुलूस में तिरंगा झंडा से छेड़छाड़ करने पर अंचलाधिकारी ने रंका थाना में करायी प्राथमिकी दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर निकाले गए जुलूस में रा मरष्ट्रीय तिरंगा में छेड़छाड़ करने पर अंचलाधिकारी शिवपूजन तिवारी ने रंका थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है। अंचलाधिकारी के द्वारा दिये गये आवेदन में कहा गया है कि दिनांक-28/09/2023 को रंका मुख्य बाजार में ईद मिलादुन्नबी पर्व के मौके पर दंडाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त था कि शोसल मिडिया के द्वारा सूचना प्राप्त हुआ कि मुख्य बाजार के जुलूस में तिरंगा झंडा जिस पर अशोक चक्र नहीं था उसके जगह पर उर्दू में कुछ लिखा हुआ चांद तारा का चिंह लगाकर जुलूस में



लहराया जा रहा था। प्राप्त सूचना एवं वीडियो क्लिप का सत्यापन किया तो पाया कि यह वीडियो क्लिप रंका मुख्य बाजार जुलूस का है। चूंकि राष्ट्रीय झंडा पर कुछ लिखना राष्ट्रीय झंडे का अपमान है तथा यह एक संज्ञेय अपराध है। अतः उक्त मामले पर प्राथमिकी दर्ज कर अज्ञात दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाई की जाये। उक्त आवेदन के आलोक में रंका थाना कांड संख्या -157/23 दिनांक-28/09/2023 के तहत धारा 415, 153 ए , 153 बी, 120 बी, आईपीसी एण्ड सेक्शन-02 , प्रिवेंशन ऑफ इन्सर्ट टू नेशनल ऑनर एक्ट 1971 के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया है।

# शौर्य जागरण यात्रा में राम मय हुआ गढ़वा शहर

**हजारो की संख्या में बच्चे महिला पुरुषों हुए जुलूस में शामिल**

**गढ़वा।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा आयोजित भव्य शौर्य जागरण यात्रा में विभिन्न क्षेत्र से भ्रमण कर आए रथ को गढ़वा पहुँचने पर स्टॉल लगा कर अतिथियों का सम्मान किया वही रंका मोड पहुंचने पर श्री राम नवमी पूजा महासमिति जेनरल के अध्यक्ष दौलत सोनी के नेतृत्व में जेनरल के सभी पदाधिकारी सदस्यों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया रथ में उपस्थित सभी महात्मा, अतिथि को महामंत्री उमेश कश्यप के द्वारा अंग वस्त्र और माला पहनाकर सम्मानित किया गया। धर्म सभा में उमड़ी जनसैलाब के बिच प्रसाद का वितरण किया गया। अध्यक्ष दौलत सोनी ने कहा कि बहुत ही हर्ष की बात है की आज अयोध्या से चलकर आये



रथ का हम सभी को स्वागत करने का मौका मिला काफी संख्या में महिलाएं, पुरुष बच्चे युवा साथी हजारों की संख्या में उपस्थित हुए।

वही महामंत्री उमेश कश्यप ने कहा की बहुत ही खुशी की बात है की पूरे भारत का भ्रमण कर शौर्य जागरण यात्रा गढ़वा पहुंचा और इतनी देर रात को भी हजारों की संख्या में राम भक्त पूरे हर्षोल्लास के साथ रथ का स्वागत करने के लिए सड़क पर खड़े रहे। आराध्य श्री राम भगवान के मंदिर में विराजमान होने के लिए सभी राम भक्त आतुर है। और खुशी मना रहे हैं। मौके पर उपस्थित स्वागतकर्ता मनीष केसरी पंकज केसरी मोहन स्वर्णकार पिंटू कांशयकार रोहित कुमार विशाल गुप्ता राहुल मोदनवाल सुनील गुप्ता विमल केसरी उमेश अग्रवाल उमेश सहाय, विजय केसरी पिंटू बाबू, टिंकू गुप्ता अन्य और सदस्य उपस्थित थे।

# 'संकल्प सप्ताह' और 'आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम पोर्टल' का पीएम ने शुभारंभ किया

**माननीय प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार ही सब कर लेगी इस सोच से हमें बाहर निकलने की जरूरत है। समाज की शक्ति सबसे बड़ी शक्ति होती है।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** नीति आयोग भारत सरकार द्वारा संचालित आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत "संकल्प सप्ताह" और "आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम पोर्टल" का माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुभारंभ किया गया, कार्यक्रम की लाइव प्रस्तुति मझिआंव प्रखंड सभागार में की गयी।



इस पूरे कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देश भर के विभिन्न जिलों ने देखा। मझिआंव प्रखंड सभागार में जिले के गोपनीय शाखा प्रभारी-सह-कार्यपालक दंडाधिकारी विकास कुमार समेत प्रखंड स्तर के सभी वरीय पदाधिकारियों ने इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण ध्यानपूर्वक देखा। माननीय प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार ही सब कर लेगी इस सोच से हमें बाहर निकलने की जरूरत है। समाज की शक्ति सबसे बड़ी शक्ति होती है। जिन-जिन ब्लॉक या जिलों में समाज को जोड़ने की ताकत है, वहां परिणाम जल्दी मिलते हैं। आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम में ब्लॉक पंचायतों की बहुत बड़ी भूमिका होती है। जब हर ग्राम पंचायत काम तेजी से करेगी तो ही हर ब्लॉक का विकास तेजी से होगा। जो लोग इस मिशन से जुड़े हैं, मैं सभी लोगों को बधाई देता हूं। आकांक्षी जिला कार्यक्रम ने 112 जिलों में 24 करोड़ से ज्यादा लोगों की जिंदगी बदली है। सभी 500 प्रखंडो को हमे सभी के प्रयास से आकांक्षी प्रखंड (एस्पिरेशनल ब्लॉक) से प्रेरणास्त्रोत प्रखंड (इंस्पिरेशनल ब्लॉक) बनाना है।

इस लाइव प्रसारण के दौरान प्रखंड के सभागार में प्रशांत मिश्रा, बीपीआरओ परमानंद प्रसाद, बीएलओ श्री सुरेश सिंह, बीईईओ विद्यासागर मेहता, एमओआईसी, बीपीएम जेएसएलपीएस, बीपीएम हेल्थ, दुर्गेश तिवारी पिरामल गांधी फेलो, मुकेश पांडेय सचिव रामपुर, सुमित्रा देवी एलएस आईसीडीएस समेत अन्य संबंधित प्रखंड पदाधिकारी और प्रखंड के सभी सचिव मौजूद थे।

## कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद्

ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) - 03/2023-24

(अति अल्पकालीन निविदा सूचना)

(Very Short Term Tender Notice)

15वें वित्त आयोग द्वारा प्राप्त अनुदान राशि के माध्यम से क्रियान्वयन हेतु 15th FC Tied Grant स्वीकृत योजना अंतर्गत झुमरी तिलैया नगर परिशद् में Establishment of minimum 40-50 pic pad per minutes Capacity Affordable Sanitary pad manufacturing unit/Plant हेतु मशीन उपकरण एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों की आपूर्ति, निर्माण कार्य, अधिष्ठापन प्रशिक्षण, दो (02) वर्ष तक विपणन लिंकेज, संचालन और रख–रखाव (Operation & Maintenance) हेतु Turnkey Basis पर इस क्षेत्र के अनुभवी निबंधित एवं इच्छुक गैर सरकारी संगठनों / अर्द्ध सरकारी संगठनों / कम्पनी / संस्थानों / फर्म / उत्पादक एवं उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि आदि से दिनांक 16/10/2023 के 05:00 बजे अपराहन तक ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) आमन्त्रित की जाती है। "ईच्छा की अभिव्यक्ति" तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड़ की अलग–अलग शीलबंद लिफाफे को एक बड़े पृथक सीलबंद लिफाफें में समर्पित किया जायेगा। ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) समर्पित करने संबंधी विस्तृत शर्त एवं दिशा निर्देश कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद् के वेबसाईट https://udhd.jharkhand.gov.in पर देखा जा सकता है। शीलबंद Expression of Interest के तकनीकी बीड़ को प्रस्तावकों /प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में दिनांक 17/10/2023 के 04:00 बजे अपराहन् निविदा निस्तारण समिति के द्वारा खोला जायेगा, तत्पश्चात तकनीकी बीड़ के सफल प्रस्तावकों का वित्तीय बीड़ खोला जायेगा। इसके पश्चात् प्रस्ताव का Power Point Presentation प्रस्तावकों द्वारा मूल्यांकन समिति के समक्ष प्रदर्शित किया जायेगा। Expression of Interest या परियोजना संबंधी किसी प्रकार के संशय (Confusion) निराकरण हेतु मोबाईल नम्बर 6207805284 पर किसी भी कार्यालय दिवस के कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/–

PR 308081 Urban Development(23-24)D

प्रशासक झुमरी तिलैया नगर परिषद्

## जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हजारीबाग

इच्छा की अभिव्यक्ति हेतु आवेदन आमंत्रण (अति अल्पकालीन)

राज्यादेश सं0 12 दिनांक 06.07.2023 के आलोक में एतद् द्वारा मत्स्य बीज उत्पादकों को सूचित किया जाता है कि समेकित मात्स्यिकी को बढ़ावा देने हेतु हजारीबाग जिला को तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजनान्तर्गत जलाशयों तथा पुराने आर0एफ0एफ0 में मत्स्य अंगुलिकाओं के संचयन हेतु भारतीय मेजरकार्प (रोहु, कतला, मृगल) तथा ग्रास कार्प के मत्स्य अंगुलिकाओं की आवश्यकता है।

इच्छुक मत्स्य बीज उत्पादकों से मत्स्य अंगुलिकाओं की आपूर्ति हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति का आमंत्रण दिनांक 16.10.2023 तक कार्यालय अवधि में जिला मत्स्य कार्यालय में जमा किया जा सकता है।

विदित हो कि मेजर कार्प मत्स्य अंगुलिकाओं के क्रय का सरकारी दर मो0 750/– प्रति हजार परिवहन व्यय सहित तथा ग्रास कार्प मत्स्य अंगुलिकाओं का दर मो0 1500/– प्रति हजार परिवहन सहित की दर से निर्धारित है।

**मत्स्य अंगुलिकाओं के आपूर्ति से संबंधित शर्तें निम्नवत् होंगे :–**

1. आपूर्तिकर्त्ता (मत्स्य बीज उत्पादक) को जलाशयों/आर0एफ0एफ0 तक मत्स्य अंगुलिकाओं को अपने खर्च पर जीवित तथा स्वस्थ अवस्था में पहुँचाना होगा।
2. आपूर्तिकर्त्ता (मत्स्य बीज उत्पादक) के द्वारा जिस तालाब में मत्स्य अंगुलिकाएं तैयार किया जा रहा है, उस तालाब का पूर्ण विवरण/मत्स्य बीज उपलब्धता एवं पूर्ण पता से कार्यालय को अवगत कराना अनिवार्य होगा, जिससे संचयन के पूर्व उनकी जाँच/सत्यापन कराई जा सके, विवरण प्रस्तुत करने हेतु विहित प्रपत्र कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
3. फोटोग्राफस एवं वीडियों सी0डी0 कम से कम 3 मिनट का जिसमें तालाब में जाल चलाते हुए मत्स्य बीज के साथ हो।
4. जिन मत्स्य बीज उत्पादकों को कार्यालय के स्तर से मत्स्य अंड बीज आपूर्ति की गई है, उन्हें प्राथमिकता दी जायेगी।
5. आपूर्तिकर्त्ता (मत्स्य बीज उत्पादक) के प्रस्ताव/निविदा अथवा उनके द्वारा प्रदत मत्स्य अंगुलिकाओं को रद्द अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
6. जलाशय में संचयन हेतु एक मत्स्य बीज उत्पादक से न्यूनतम 50 हजार तथा अधिकतम 02 लाख मत्स्य बीज (मेजर/ग्रास कार्प अंगुलिकाए) ही क्रय किये जायेंगे।

ह0/–

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,हजारीबाग

PR 308057 Fish(23-24).D

## लोक अदालत में 14 मामलों का निष्पादन 3.35 लाख रुपये के राजस्व की प्राप्ति




**खूंटी (आजाद सिपाही)।** प्रधान जिला में सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश के मार्गदर्शन में खूंटी व्यवहार न्यायालय में शनिवार को लोक अदालत सह मध्यस्थता विषय पर विशेष कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। डालसा अध्यक्ष ने कहा कि सभी सुलहनीय और दीवानी मामले जो न्यायालय में लंबित हैं, उसे न्यायालय से पहले सुलह के लिए मध्यस्थता केंद्र में भेजा जाता है। इस कार्य में संबंधित विद्वान अधिवक्ता और पक्षकार आवश्यक सहयोग करें और उसका लाभ उठाएं। डालसा सचिव मनोरंजन कुमार ने कहा कि झालसा रांची के निर्देश पर खूंटी डालस द्वारा 100 दिवसीय बच्चों के हित संबंधित विशेष विधिक जागरूकता एवं विशेष सहायता अभियान लगातार जारी है। शनिवार को त्रिपक्षिक विशेष अध्यक्षता अभियान जो एक जुलाई से 30 सितंबर तक चला उसका समापन हुआ। इसमें कुल 66 सुलहनीय और दीवानी मामलों का निष्पादन हुआ। लोक अदालत में विभिन्न मामलों के निष्पादन के लिए चार बैंचों का गठन किया गया था और न्यायालय में लंबित मामलों व प्रि लिटिगेशन से संबंधित मामलों को निस्तारण किया गया। वहीं, डालसा सचिव मनोरंजन कुमार के अनुसार लोक अदालत में चार बैंचों के माध्यम से 14 मामलों का निष्पादन किया गया और तीन लाख 53 हजार 525 रुपये की राशि का सेटलमेंट किया गया। मौके पर जिला प्रथम संजय कुमार, जिला जज द्वितीय सत्यकाम प्रियदर्शी, सीजीएम सत्यपाल एसडीजेएम दिनेश बाउरी, स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष केके सिंह, सदस्य मधु चंदा रजक, डालसा स्टाफ अवनीश भारद्वाज, पीएलवी नरेश कुमार महतो आदि उपस्थित थे।

## खूंटी जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक अध्यक्ष को पदमुक्त करने का हो रहा तीव्र विरोध

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पद से कैसर खान को हटाये जाने का मामला तूल पकड़ने लगा है। इस मामले को लेकर शनिवार को मुरहू प्रखंड में कांग्रेस से जुड़े मुस्लिम कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसमें उपस्थित कार्यकर्ताओं ने एक स्वर से कहा कि एक साजिश के तहत कैसर खान को अध्यक्ष पद से हटाया गया है। जब तक उसी पद पर कैसर खान को नहीं बैठाया जाता है, तब तक इसका पुरजोर विरोध पूरे खूंटी लोकसभा क्षेत्र में होता रहेगा। जरुरत पड़ी तो सभी मुस्लिम कांग्रेस कार्यकर्ता एकजुट होकर सामूहिक रूप से पार्टी से इस्तीफा भी दे सकते हैं जिसका खमियाजा आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को भुगतना पड़ सकता है। बैठक में कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के खूंटी जिला अध्यक्ष सोनू इमरान, बीस सूत्री सदस्य सोहेल अंसारी, गुलाम गौश, अख्तर अहमद, इमरान खान, वहीद खान ,अजहर खान, नौशाद खान, महताब, आमिर, आर्यन, इमरान खान, शिबलू, आसिफ, उस्मान, शाहिद, सोनू ,खालिद, जाहिद आदि उपस्थित थे।

## कर्रा में स्वास्थ्य मेला आयोजित, 514 मरीजों की हुई जांच

**कर्रा (आजाद सिपाही)।** सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में शनिवार को आयुष्मान भारत स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन सीएचसी प्रभारी डॉ विजय कुमार प्रसाद, डीडीएम श्वेता सिंह, डीपीसी उदयन शर्मा, डॉ अनिता कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर डॉ विजय कुमार प्रसाद ने कहा कि स्वास्थ्य जीवन जीना है, तो सादा भोजन करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि अभी मौसमी बीमारी चली हुई है। इससे लोगों को सतर्क और जागरूक रहना होगा। स्वास्थ्य मेले में 514 मरीज का पंजीयन किया गया। वहीं, स्वास्थ्य मेले को सफल बनाने में प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक जैनी मिंज, प्रखंड स्वास्थ्य प्रशिक्षक प्रदीप कुमार कुंडू, प्रखंड डाटा प्रबंधक शेख इदरीद, दीपक कुमार, जयप्रकाश, बैजू सहिहतत अन्य स्वास्थ्य कर्मियों का योगदान रहा।

## फाइनेंसकर्मी से 18500 रुपये की छिनतई

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के चोकाहातू-पंडाडीह के बीच समस्था माइक्रो फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी से 18,500 रुपये की छिनतई किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस बाबत फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी अविनाश कुमार ने बताया कि शुक्रवार को चोकाहातू गांव से पैसा कलेक्शन कर वापस लौट रहा था। इसी दौरान बिना नंबर की बाइक में सवार तीन लोग पहुंचे और हथियार का भय दिखाकर लूटपाट किया। कलेक्शन के 18500 रुपये थे। जिसे छीन कर मुझे खेत में धकेल दिया और कुटीडीह-सावडीह की ओर भाग गये। इस संबंध में सोनाहातू थाना में मामला दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## न्यू उदयन पब्लिक स्कूल में बच्चों के सर्वांगीण विकास को लेकर बैठक




**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के न्यू उदयन पब्लिक स्कूल कल्याणपुर में शनिवार को बैठक हुई। जिसमें विद्यालय प्रबंध समिति, शिक्षक और अभिभावक शामिल हुए। बैठक में विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास, बौद्धिक विकास, हस्त लिखित क्षमता एवं सर्वांगीण विकास सहित पठन-पाठन से संबंधित बातों पर चर्चा की गई। इस दौरान अभिभावकों ने भी कई बातों को रखा, जबकि शिक्षकों ने अभिभावकों से बच्चों को नियमित स्कूल भेजने की अपील की। शिक्षा के प्रति बच्चों के प्रदर्शन पर अभिभावक संतुष्ट नजर आए। बैठक के दौरान स्वच्छता ही सेवा है अभियान के तहत सभी लोगों से स्वच्छता का पालन करते हुए अपने घर और आसपास के इलाकों को स्वच्छ रखने की अपील की गई। बैठक मे प्रबंधक मोहम्मद साहिल, प्राचार्य ताका जामीर, उप प्राचार्य विलासिनी राज सहित स्कूल के सभी शिक्षक और अभिभावक मौजूद थे।

## खलारी पत्रकार संघ ने वरिष्ठ पत्रकार सुबोध सिन्हा के आकस्मिक निधन पर जताया शोक

**खलारी (आजाद सिपाही)।** इटकी प्रखंड के वरिष्ठ पत्रकार सुबोध सिन्हा के आकस्मिक निधन पर खलारी पत्रकार संघ ने शोक व्यक्त किया। सुबोध सिन्हा एक सप्ताह पूर्व सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गये थे। इसके बाद से ही कोमा में थे। रांची के रिम्स अस्पताल में इलाज चल रहा था, जहां शनिवार को अंतिम सांस ली। वे 40 वर्षो से विभिन्न अखबारों में काम किए। इस दौरान मुक्तिनाथ गिरि, धीरेंद्र प्रसाद, अरूण चौरसिया, सुनिल कुमार, दिनेश पाण्डेय घंटु, मनोज प्रसाद आदि ने शोक प्रकट किया।

### लोकेश मिश्रा ने की पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यों की समीक्षा

# अधिकारी शुद्ध पेयजल हर घर तक पहुंचाना सुनिश्चित करें: डीसी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** डीसी लोकेश मिश्र की अध्यक्षता में शनिवार को पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। जिसमें पेयजल आपूर्ति से संबंधित कार्य, पेयजल स्रोतों की स्थिति, चापानलों की स्थिति उनकी मरम्मत आदि विषयों पर चर्चा हुई और अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिये गये। डीसी ने कहा कि योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी आती है, तो समस्या का निष्पादन समय पर सुनिश्चित कर कार्य को गति प्रदान करें।



समारहणालय सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करते डीसी लोकेश मिश्रा।

उन्होंने कहा कि सभी स्कीम की वर्तमान स्थिति की जांच की जाय। इसके अतिरिक्त जिला पंचायती राज पदाधिकारी से उन पंचायतों की सूची प्राप्त करें, जहां पेयजल की समस्या है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षेत्र भ्रमण कर पेयजल की संचालित योजनाओं में आ रही समस्याओं का सर्वे करें और कार्य करें। उन्होंने कहा कि पेयजल की समस्याओं को लेकर सभी प्रखंडों में बीडीओ जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करें और प्रखंड स्तर पर समस्याओं का निराकरण करें। बैठक में जल जीवन मिशन के तहत हो रहे कार्य की जानकारी लेते हुए डीसी ने कार्यपालक अभियंता को निर्देशित किया कि जल जीवन मिशन के तहत जिले में प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना सुनिश्चित करें। कार्यपालक अभियंता द्वारा बएसवीएस और एमवीएस के कार्यों की जानकारी दी गई।

## पिपरवार जीएम आफिस में सेवानिवृत्त कामगारों को दी गयी विदाई

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय में शनिवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पिपरवार क्षेत्र के एजीएम निरंजन सेनापति और संचालन कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी आलोक मनीष सोय ने किया। समारोह में पिपरवार एरिया के विभिन्न परियोजना से सेवानिवृत हुए कुल सात कामगारों को विदाई दी गई। सेवानिवृत होने वाले कामगारों में अब्दुल अंसारी, जगन्नाथ मिस्त्री, राजकुमार चौधरी, बिफा उरांव, सलीमुद्दीन अंसारी, धनेश्वर गोप, मेते राम का नाम शामिल है। सेवानिवृत सभी कर्मियों को शॉल प्रदान कर एवं उपहार के साथ प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने सेवानिवृत कर्मियों के उज्जवल एवं सुखमय जीवन की कामना की।

## जंगली जानवरों और कुत्तों के काटने पर तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लें: डॉ मांझी

**विश्व रेबिज दिवस पर सदर अस्पताल में कार्यशाला आयोजित**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** सदर अस्पताल सभागार में शनिवार को विश्व रेबिज दिवस पर कार्यशाला आयोजित हुआ। सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझी ने राष्ट्रीय रेबिज नियंत्रण कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए रेबिज वायरस के लक्षण और बचाव से संबंधित जानकारी दी। विश्व स्वास्थ्य की थीम सब एक है, सभी के लिए एक स्वास्थ्य को बढावा देने के लिए जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। लोगों से अपील की गई कि जंगली जानवर और कुत्तों के काटने पर तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लें और निःशुल्क रेबिज का टीका अवश्य लगावें। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रजनी नीलम टोप्पो, डीपीएम कानन बाला तिर्की, डीपीसी



उदयन शर्मा, डीडीएम, आइडीएसपी विश्वमोहन प्रसाद, अस्पताल प्रबंधक अंतरा झा और स्वास्थ्य विभाग से जुड़े लोग उपस्थित थे। बताया गया कि 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा और परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयुष्मान भवः सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है, जो अंत्योदय की अवधारणा से प्रत्येक व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने का प्रयास है।

प्रखण्ड स्तर पर प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयुष्मान मेला शनिवार को संबंधित जिला अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों के सहयोग से आयोजित किया गया। आयुष्मान मेला में रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य संस्थानों के स्वच्छता एवं गतिविधि भी चलाई जाएगी। दो अक्टूबर को ग्रामीण क्षेत्र के भी गांवों में आयुष्मान सभा आयोजित की जाएगी, जहां स्वास्थ्य जागरुकता संबंधी चर्चा, आयुष्मान के लाभ, अस्पताल तथा लाभुकों की सूची प्रदर्शन विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की जानकारी एवं उत्तम प्रदर्शन कर्ता को प्रोत्साहन दिया जाएगा।

## भाजपा की असली ताकत बूथ स्तर के कार्यकर्ता हैं : जैलेंद्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सिल्ली।** बूथ सत्यापन अभियान के तहत शनिवार को भाजपा पतराहातू मंडल के बूथ अध्यक्षों की बैठक पतराहातू बाजार टांड़ में हुई। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सृष्टिधर प्रजापति ने की। जिसमें शक्ति केंद्र संयोजक एवं बूथ अध्यक्षों ने भाग लिया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा रांची ग्रामीण के पूर्व जिला अध्यक्ष सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पतराहातू मंडल प्रवासी प्रभारी जैलेन्द्र कुमार शामिल हुए। बैठक का उद्देश्य बूथ अध्यक्षों एवं



बूथ कमेटी का सत्यापन कार्य करना था। जैलेंद्र कुमार ने कहा कि भाजपा संगठन की शक्ति के आधार पर चुनाव लड़ती है भाजपा की ताकत बूथ स्तर के कार्यकर्ता हैं। उनके प्रयास से ही लोकहित के कार्यों का प्रचार प्रसार होता है। यह अभियान काफी महत्वपूर्ण है। पूरे मंडल में संगठनात्मक ढांचे को मजबूत किया जाएगा। 2024 में पुनः केंद्र और राज्य भाजपा की सरकार बनाना है। बैठक में कुछ नये कार्यकर्ताओं को भी मंडल एवं बूथ कमेटी में जोड़ा। आगामी दो अक्टूबर को दोवाडू बूथ में बैठक रखी गई गई है। मौके पर महिला नेत्री वीणा देवी, मंडल उपाध्यक्ष अशोक पोद्दार, राधानाथ महतो, मंडल मंत्री गुलाब महतो, सोशल मीडिया प्रभारी पंकज कुमार महतो, कृष्ण किशोर मुंडा, कर्ण महतो, चंद्रावली देवी, रेणूका देवी, विंदेश्वरी देवी, पूजा देवी, रेभा देवी, राधिका, हराधन महतो, पिंकी चौधरी, संजय मुखियार, बेनीलाल महतो आदि मौजूद थे।

## बालू की अवैध तस्करी में लिप्त छह ट्रैक्टर जब्त

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** खनन विभाग द्वारा रोक के बाबजूद तमाड़ थाना क्षेत्र में चोरी छिपे अवैध कारोबार बदस्तूर जारी है। इसकी शिकायत तमाड़ पुलिस को भी मिली। शिकायत पर तमाड पुलिस शनिवार की दोपहर विशेष छापामारी अभियान चलाया जिसमें रांची टाटा रोड पर उलीडीह व रड़गांव के बीच बालू लदे छह ट्रैक्टर को पकड़ा गया। पुलिस को देखते ही चालक गाड़ी छोड़ कर भाग खड़े हुए। पुलिस ने ट्रैक्टर को पकड़कर थाना लायी है। इसकी सूचना पुलिस के आला अधिकारियों के साथ खनन विभाग को भी दी गयी है। सूत्रों के अनुसार ये ट्रैक्टर पालना घाट व बाउतीया घाट से बालू लोड कर बेचने ले जा रहे थे। इस अभियान से बालू माफियाओं में हडकंप है। थाना प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि कई दिनों से शिकायत मिल रही थी कि मानवता के नाते घर बनाने वाले बालू ले जाते थे। लेकिन बालू माफिया मनमानी कीमत पर बेचते थे।

### खलारी गायत्री प्रज्ञापीठ के नये ट्रस्ट मंडल का गठन

## रामदेव अग्रवाल मुख्य, सुरेंद्र बने सहायक ट्रस्टी

**खलारी (आजाद सिपाही)।** गायत्री प्रज्ञापीठ प्रांगण में शनिवार को खलारी गायत्री परिवार के सदस्यों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मुख्य प्रबंधन ट्रस्टी जोन समन्वयक रांची के रामनरेश प्रसाद ने की। बैठक की शुरूआत उपस्थित लोगों द्वारा गायत्री मंत्र के उच्चारण से की गई। बैठक में कार्यवाही प्रारंभ करते हुए ट्रस्टी हरगोविंद राम ने पूर्व ट्रस्ट को विघटित करते हुए नए ट्रस्ट मंडल के पुनर्गठन करने का प्रस्ताव रखते हुए बताया कि पूर्व ट्रस्ट के गठन हुए काफी लम्बा समय बीत गया है। नियमतः हर तीसरे वर्ष ट्रस्ट मंडल का पुनर्गठन होना चाहिए। बैठक में उनके प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया। नए ट्रस्ट के लिए दिए गए सुझाव एवं प्रस्तावित नामों को समर्थन के साथ सर्वसम्मति से मुख्य अतिथि रामनरेश प्रसाद के



द्वारा नए ट्रस्ट के लिए पारित किया गया। जिसमें ट्रस्टी रामदेव अग्रवाल, सुरेंद्र प्रसाद, भरत रजक, हरगोविंद राम, रामसूरत यादव, राजेंद्र चौहान, अरूण चौरसिया, प्रकाश प्रसाद एवं किरन देवी को शामिल किया गया है। ट्रस्टी सदस्यों से ही मुख्य ट्रस्टी रामदेव अग्रवाल एवं सहायक ट्रस्टी सुरेन्द्र प्रसाद को बनाया गया। साथ ही आंदोलन प्रबंधन समिति में रामसूरत यादव, प्रकाश प्रसाद, राजेन्द्र प्रजापति, प्रमोद केशरी, सरोजिनी देवी, गीता देवी, संजीता देवी एवं मंजू देवी, कार्यकरणी समिति में भरत रजक, अरुण चौरसिया, दिनेश पांडेय, प्रकाश प्रसाद, अजय सिंह, रामसूरत यादव, हरगोविंद राम, गोविंद साहू, यशवर्धन साहू, महेंद्र प्रसाद सिंह, राजेन्द्र प्रजापति, शंभू प्रसाद विश्वकर्मा, रेणुका सिंह, मुन्ना देवी एवं सरोजिनी देवी, वित्त एवं विधि समिति में अरुण चैरसिया, यशवर्धन साहू, अजय सिंह एवं गोविंद साहू, संगठन प्रबंधन समिति में भरत रजक, राजेंद्र चौहान, महेंद्र प्रसाद सिंह, रेणुका सिंह, सिन्नी समाड, नीतू विश्वकर्मा आदि को शामिल किया गया है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## अड़की में आयुष्मान मेले का आयोजन लोगों की जांच कर दी गयी दवाइयां



**अड़की (आजाद सिपाही)।** आयुष्मान भवः कार्यक्रम के तहत अड़की सामूदायिक स्वाथ्स्य केंद्र परिसर में शनिवार को आयुषमान मेला का आयोजन किया गया। बीडीओ नरेंद्र नारायण, प्रखंड प्रमुख कृष्ण मुंडा, अड़की सांसद प्रतिनिधि अनूप साहू, विधायक प्रतिनिधि मनोज मंडल ने सयुंक्त रूप से लेने का उद्घाटन किया। मेला में अड़की प्रखंड के दूर-दराज गावों से ग्रामीण पहुंचे थे। मेले में विभिन्न बिमारियों के बारे में जानकारी दी गयी। टीबी नियंत्रण, बाल स्वास्थ्य, परिवार नियोजन, दंत चिकित्सा, मलेरिया, त्वचा संबंधी बीमारी, पोषण परामर्श, कैंसर नियंत्रण जागरूकता, मातृत्व स्वास्थ्य, किशोर-किशोरी, स्वास्थ्य टीकाकरण आदि के स्टॉल लगाये गये थे। जिसका लोगों ने भरपुर लाभ उठाया। इसमें कई गणमान्य लोग शामिल हुए।

## तमाड़ के दिउड़ी गांव में मनायी गयी पद्मश्री डॉक्टर रामदयाल मुंडा की 12 वीं पुण्यतिथि



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** पद्मश्री डॉक्टर रामदयाल मुंडा की 12 वीं पुण्यतिथि स्व डाक्टर रामदयाल मुंडा के पैतृक गांव तमाड़ के दिउड़ी गांव में मनाया गया। स्व रामदयाल मुंडा के पुण्यतिथि के अवसर पर पांच परगना आदिवासी समाज के सदस्यों सहित कई लोगों ने भाग लिया और स्व. मुंडा के समाधी स्थल पर पुष्पांजलि कर नमन किया। साथ ही सामूहिक रुप से संकल्प लिया गया कि हमें उनके द्वारा बताए गए मार्गों पर चलना है। इस मौके पर ललिन मुंडा, लक्ष्मण सिंह मुंडा, पूर्णचंद्र मुण्डा, शिशुपाल पातर, लक्ष्मण मुंडा, हरि सिंह मुंडा, कृष्ण मुंडा, पद्मश्री गुंजल इकिर मुंडा, उदरकांत मुंडा, अमिता मुंडा, दमयंती मुंडा, सत्या नारायण मुंडा, आकाश मुंडा, रामा मुंडा, सत्या मुंडा, महावीर मुंडा, सोमा मुंडा, संजय मुंडा, दिवाकर स्वांसी, विकास प्रमाणिक, रतन मछुआ, स्माल सिंह, रंजित पूर्ति आदि थे।

## बुंडू में भाजपा के बूथ अध्यक्षों की बैठक




**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर बुंडू के कुशवाहा भवन में भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष धीरेन राम महतो की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष सह बुंडू मंडल प्रभारी प्रभु दयाल बडाईक भी शामिल हुए। बैठक में मंडल अध्यक्ष के साथ शक्ति केंद्र के संयोजक एवं बूथ अध्यक्षों की समीक्षा की। आने वाले लोकसभा चुनावों में फिर से भारी बहुमत से नरेंद्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने की अपील की गयी। बैठक म्में से गुप्तेश्वर भगत, प्रमोद सिंह, सखी देवी, महेश मुंडा, उमाकांत राय, चौधरी महतो, आलो देवी, रासमुनि देवी, परमेश्वर महतो, हीरालाल कर्मकार, राजेश कर्मकार, वसंत महतो, विकाश मंडल, शिबू महतो और संजय महतो आदि मौजूद थे।

## तमाड़ में बूथ सशक्तिकरण और मंडल कार्यकर्ता सत्यापन को लेकर बैठक




**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ मंडल भाजपा की बैठक जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रवासी प्रभारी पदाधिकारी प्रमोद सिंह , जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल बड़ाइक उपस्थित हुए। बैठक में जिला परिषद सदस्य दिलीप सेठ, मंडल महामंत्री राजकिशोर महतो, घनश्याम महतो, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष महावीर सोनी, महामंत्री विवेक गुप्ता, समरेंद्र मुखर्जी, शंकर सोनी, मुकेश पातर, हरेकृष्ण प्रमाणिक, राधामोहन महतो, उदय महतो, रामधन महतो, सुभाष मुंडा, गणेश महली, सिंगराय मुंडा, डोमन मुंडा, लालसिंह मुंडा, मनसा मुंडा, चंबर मुंडा, दुखन मुंडा, बलराम महतो, बनमाली महतो और राम कुम्हार आदि उपस्थित थे।

## तमाड़ में रक्तदान शिविर का आयोजन

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सा प्रभारी डॉ सावित्री कुज्जूर के नेतृत्व में आयोजित रक्तदान शिविर में छह लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर में सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुंडा, बीडीओ गिरिजा शंकर महतो, जिला परिषद सदस्य दिलीप सेठ, प्रखंडकर्मी अवनीकांत सेठ, अविनाश सिंह, हरिराम महतो, मदन सिंह मुंडा शामिल हुए एवं रक्तदान करने वालों का हौसला बढ़ाया। वहीं, शिविर को सफल बनाने में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सावित्री कुज्जूर, डाक्टर मो जफर इकबाल, डॉक्टर निखत परवीन, डॉ मंजू गुप्ता, विश्वनाथ तिवारी, शंकर तिर्की, कीर्ति मोहन मुंडा आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## तोरपा के प्रखंड प्रमुख फरार, उप प्रमुख को मिला वित्तीय अधिकार

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा प्रखंड के प्रमुख रोहित सुरीनपर सरकारी कार्यो में बाधा डालने का मामला दर्ज किया गया है। मामला दर्ज होने के बाद से ही प्रमुख एक महीने से फरार चल रहे हैं। प्रमुख रोहित सुरीन प्रखंड कार्यालय तक नहीं जा रहे हैं। इस कारण विकास कार्य बाधित हो रहे हैं। इसे लेकर शनिवार को प्रखण्ड सभागार में बीडीओ दयानंद कार्जी की अध्यक्षता में पंचायत समिति सदस्यों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। समिति के सदस्यों ने निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान से मांग की कि तोरपा प्रखंड के प्रमुख का वितीय अधिकार हस्तांतरित कर उप प्रमुख संतोष कर को देने का निर्णय लिया है। बताया गया कि एक माह से ज्यादा समय से विकास कार्य बाधित है। पिछले 20 अगस्त से प्रमुख रोहित सुरीन किसी के संपर्क में नहीं हैं। उनका मोबाइल फोन भी बंद है। इस दौरान बीडीओ दयानंद कार्जी, सीडीपीओ नीलम केरकेट्टा, जेईई विमल गुड़िया, अनिता तोपनो, पंचायत समिति सदस्य जयमंगल गुड़िया, निखत प्रवीण, सबीना हेमरोम, मनोज उरांव, सनरती बुढ़, एलिस भेंगरा, सुनीता देवी, बसंती लकड़ा, विश्वासी तोपनो सहित अन्य उपस्थित थे।

# लापुंग में दो लोगों को गोली मारी, एक की मौत, दूसरा घायल

**7अपराधियों के खिलाफ लापुंग थाना में राजेश साहू की हत्या की प्राथमिकी दर्ज करायी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** लापुंग का हुलसु गांव एक बार फिर गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा। हुलसु पंचायत भवन के पास देर रात दो लोगो को गोली मेरी गयी उसमें एक का मौत व दूसरा घायल हो गया। राजेश साहू (26) पिता लालधारी साहू हुलसु व घायल सन्दीप साहू पिता जोगेंद्र साहू कचन पुर का रिम्स में गंभीर अवस्था मे रिम्स में इलाज चल रहा है। मृतक का पिताजी लालधारी के कथनानुसार मृतक राजेश और सन्दीप दोनो हुलसु में राजेश के घर मे देर रात मुर्गा बना था, घर से महज 200 मीटर की दूरी पर देशी महुआ शराब लाने पंचायत भवन के बगल में जा रहे थे कि गोली चली उसके बाद परिवार के लोग दहशत में होकर घर व गांव के लोग मे घरों में दुबक गये व लापुग पुलिस को सूचित किया गया। रात में ही लापुंग थाना प्रभारी ने मृतक राजेश साहू का लाश को कब्जे में लेकर थाना लाया व घायल संदीप को प्राथमिक उपचार कर रिम्स भेज दिया घटना स्थल से छह खोखा बरामद किया गया। मृतक को सीना, छाती व सिर में दर्जनो के निशान है, घायल सन्दीप साहू कमर व बाह में गोली लगी झाड़ी में छुपकर जान बचाया। घटना के अंजाम देने के बाद अपराधी गोली चलाते हुए गांव के बीचोबीच से कथकुवारी की ओर मोटरसाइकिल से भाग निकले।

घटना स्थल पर ग्रामीण एसपी मनीष पूर्ति, डीएसपी रजत मनी बाखला, इस्पेक्टर अरुण व लापुंग थाना प्रभारी, एसआई अभिनव सिन्हा घटना स्थल पर पहुंच कर सघन छापामारी लापुग व जरियागढ़ थाना क्षेत्र के गांव में छापामारी किया। मृतक के पिता लालधारी साहु ने अज्ञात 6-7अपराधियो के खिलाफ लापुंग थाना में अपने पुत्र राजेश साहू की हत्या का प्राथमिकी दर्ज कराया।

## रातू में खनन विभाग के अधिकारियों ने की छापेमारी

# अवैध बालू लदा 7 ट्रैक्टर, दो ट्रक जब्त

**रातू थाने में प्राथमिकी दर्ज**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रातू।** थाना क्षेत्र के तिलता बगीचा के पास अवैध बालू लोड 7 ट्रेक्टर व दो ट्रक को छापेमारी कर खनन विभाग के अधिकारियों ने जब्त कर लिया। जब्त सभी वाहनों को रातु थाने के हवाले कर दिया गया। छापेमारी में प्रमंडलीय उड़न दस्ता दल के हरि कुमार केशरी विशेष सचिव, खान और भूतत्व विभाग झारखंड, शंकर सिन्हा उप निदेशक खान, संजीव कुमार, जिला खनन पदाधिकारी रांची, राम नरेश सिंह सहायक खनन पदाधिकारी रांची शामिल थे। यह कार्रवाई बालू खनिज के अवैध भण्डारण और परिवहन को लेकर रातु अंचल क्षेत्र अंतर्गत टेन्डर बगीचा मे औचक छापामारी किया गया। छापेमारी के क्रम मे 9 वाहन पर बालू के अवैध परिवहन को लेकर खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 4,21 झारखंड लघु खनिज समानुदान नियमावली के नियम व आईपीसी 5 की सुसंगत धाराओ के तहत रातु थाना में खान निरीक्षक सुबोध कुमार सिंह के द्वारा प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पुलिस सभी वाहनों को जब्त कर थाना ले आयी है।

# वन विभाग की ओर से पौधारोपण किया जाना पेसा कानून का सीधा उल्लंघन : रतन तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांके।** आदिवासी संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान बाढ़ू, नवाटोली, जमुवारी के ग्रामीणों ने अशोक उरांव की अध्यक्षता में शनिवार को प्रखंड कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। धरना को संबोधित करते टीएसी के पूर्व सदस्य रतन तिर्की ने कहा कि बाढ़ू पंचायत के नवाटोली, जमुवारी मौजा की गैरमजूरवा जमीन पर बगैर ग्राम सभा को सूचित किए वन विभाग द्वारा पौधारोपण किया गया है जो पेसा कानून का सीधा उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि हर गांव में ग्राम सभा को सशक्त बनाने की दिशा में पहल करनी होगी। अन्यथा दलालों का बड़ा समूह इसमें लगा हुआ है। वहीं प्रभाकर तिर्की ने उपायुक्त रांची से कहा है कि 23 वर्षों से इन क्षेत्रों के खतियानी रैयतों की मालगुजारी रसीद नहीं काटी जा रही है, जो दुर्भाग्य है। उन्होंने राज्य सरकार से सीधे हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है। धरना दे रहे ग्रामीणों ने अपनी 6 सूत्री मांगों को लेकर सीओ को ज्ञापन सौंपा है। दिये ज्ञापन में कहा है कि बाढ़ू पंचायत के नवाटाली व जमुवारी मौजा के खाता संख्या 153, प्लॉट संख्या 884, रकबा 52 एकड़ भूमि गैरमजरुवा मालिक जमीन है। जिसमें बाढ़ू. गांव के पूर्वजों से आदिवासी मसना, उरांव मसना, मुंडा मसना, लोहरा मसना, महली मसना च कृषि योग्य भूमि के अलावा मवेशियों का चारागाह है। इसी जमीन पर आदिवासियों का सिंगबोंगा जतरा का भी आयोजन वर्षों से होता है। जिसपर वन विभाग द्वारा ग्राम सभा और ग्रामीणों से राय मशवरा लिए बगैर पौधारोपन कर दिया है। उन्होंने कहा है कि रांची विश्वविद्यालय के नविन परिसर निर्माण हेतू बाढ़ू, जमुवारी, नवाटोली, कोकदोरो, मदनपुर, सुतियाम्बे मौजा के रैयतों की जमीन अधिगृहित की गई थी। अधिग्रहण के विरोध में ग्रामीणों द्वारा लंबा आंदोलन किया गया था। जिसके बाद सरकार ने इस पर रोक लगा दी थी। मौके पर अशोक उरांव, पुनिता, योगेंद्र, जगन्नाथ, शंभु शंकरगुरु, चंदा देवी, मनीष, ग्राम प्रधान जगदीश, शिबू, फिरोज आलम, बिरसा, शीतल देवी, सुनील, राजू ने किया जबकि संचालन शिवशंकर उरांव ने की।

## विधायक ने विकास योजनाओं का किया शिलान्यास

# जनता के हर सुख-दुख में खड़ा रहेंगे : राजेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** खिजरी विधानसभा क्षेत्र में विकास के कार्य हो रहे है। ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक पंचायत में विकास कार्य कराया जा रहा है। इसी के तहत खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने शनिवार को विधायक निधि से हुलहुंडू में सरना स्थल की घेराबंदी, कोचबोंग में पीसीसी पथ निर्माण, खरसीदाग में सरना स्थल के पास वेपर ब्लॉक बिछाने और खरसीदाग में जेएसएलपीएस मद से बहुउद्देशीय सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस मौके पर विधायक ने उपस्थित जनता से उनके हर सुख-दुख में खड़े रहने की बात कही। शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य रूप से नामकुम प्रखंड प्रमुख आशा कच्छप, जिप सदस्य रीता होरो, मुखिया बिनीता कच्छप, मुखिया शिवचरण कच्छप, ग्राम पहान जुरा पहान, कांग्रेसी नेता माधो कच्छप, रंजन यादव, सुशील भुटकुमार, कल्याण लिंडा, प्रवीन, बिनोद, पंचु तिर्की, दिनेश प्रमाणिक आदि उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**कांके (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के रांची पतरातू मार्ग पर आइपीएस स्कूल जोड़ा पूल के समीप सड़क दुर्घटना में अरसंडे निवासी गोपाल अग्रवाल (20वर्ष) पिता रंजय अग्रवाल गंभीर रुप से घायल हो गया। उसके सिर पर गंभीर चोट लगी है। उसे इलाज के लिए मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रत्यशदर्शियों ने बताया कि युवक सड़क पार करने के क्रम में डिवाइडर पर खड़ा था, इसी बीच तेज गति से पिकवैन चालक ने एक चारपहिया वाहन को धक्का मार दिया। इसी बीच पिकअप वैन चालक अपनी गाड़ी को संतुलित नहीं रख सका और डिवाइडर से जा टकराया।

## चान्हो अंचल कार्यालय में आपदा प्रबंधन के तहत आश्रितों के बीच चेक का किया गया वितरण



**चान्हो (आजाद सिपाही)।** चान्हो अंचल कार्यालय में शनिवार को प्राकृतिक आपदा से जान गंवाने वाले तीन लोगों को चार /चार लाख का कुल 12 लाख रुपए का चेक अंचलाधिकारी संजीव विधायक प्रतिनिधि ओ मुखिया के द्वरा वितरण क्या गया। इस दौरान मोहम्मद इस्तेयाक ने बताया वर्तमान में राज्य सरकार लोगों के दर्द को समझ रही है मांडर विधायक के व्यक्तिगत प्रयास से आपदा पीड़ितों को कम समय मे राहत राशि दिया जा रहा है चेक लेने के बाद संतोष उरांव सुनीता देवी गौतम महतो ने विधायक शिल्पी नेहा तिर्की का आभार प्रकट क्या इस दौरान नेपाल उरांव जुमन खान मोजिब अंसारी राजेश आदि मौजुद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## केदारनाथ मंदिर की तर्ज पर तैयार होगा दुर्गा पंडाल



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** श्री श्री दुर्गा पूजा महासमिति बेड़ो के तत्वाधान में शारदीय नवरात्र का आयोजन महादानी मंदिर परिसर स्थित दुर्गा मंदिर में किया जा रहा है। इस वर्ष दुर्गा पूजा महासमिति द्वारा केदारनाथ मंदिर के प्रारूप का भव्य पंडाल का निर्माण किया जा रहा है।जिसमें मां दुर्गा विराजेंगी। प्रखंड वासियों को इस बार केदारनाथ की तर्ज पर बने भव्य पंडाल में मां दुर्गा के दर्शन होंगे। समिति के अध्यक्ष साधन कुमार राय ने बताया कि पंडाल में आकर्षक विधुत लाईटिंग की व्यवस्था किया जा रहा है। वहीं विजय दशमी के दिन रावण दहन में विशेष आतिशबाजी होगी।साथ ही पूजा स्थल व पंडाल को इस बार फूलों से सजाया जायेगा। इसके अलावा प्रखंड के खत्री खटंगा, पकलमेड़ी, मुरतो, तुको, घाघरा, ईंटाचिन्द्री सहित कई गांव में दुर्गा पूजा को लेकर पंडाल व मां की प्रतिमा को जोर शोर से निर्माण कार्य किया जा रहा है। इन सभी पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जाएगी है, जो श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए सप्तमी की शाम को मां के पट खोल दिया जाता है। कारीगर पंडाल व मूर्तिकार प्रतिमा को सजाने व संवारने में जुटे हुए है। वही दुर्गा पूजा को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

## अंडर 19 बालिका खो-खो प्रतियोगिता 2023 में उपविजेता बना कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** झारखंड शिक्षा परियोजना रांची द्वारा आयोजित खेलो झारखंड 2023 के तहत दो दिवसीय जिला स्तरीय खो खो प्रतियोगिता अंडर 19 बालिका की फाइनल मैच में सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस प्लस टू बरियातू की टीम खो खो की विजेता बनी। जबकि कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बेड़ो की टीम उप विजेता बन कर क्षेत्र व स्कूल का नाम रौशन किया है। सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय बरियातू मैदान में आयोजित फाइनल मैच में बेड़ो कस्तूरबा गांधी स्कूल की टीम का प्रतिनिधित्व खेल शिक्षिका राखी व खेल मैनेजर कोच के रूप में सुमित ने किया। वहीं खो खो में इनके बेहतर प्रदर्शन पर खेल शिक्षक शिक्षिकाओं में वार्डन हल्याणी हेम्ब्रम, अनूप, राधा, पुष्पा, पुजा, सुका ने हर्ष व्यक्त कर शुभकामना दिया है।

## केसीबी कॉलेज में विदाई समारोह का आयोजन



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** करमचंद भगत महाविद्यालय बेड़ो के सभागार में शनिवार को दर्शनशास्त्र विषय के सहायक प्राध्यापिका डॉ मगदली खलखो के सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में प्राचार्य डा विंध्याचल राम, डा विरेंद्र प्रसाद व प्रो प्रदीप कुमार अधिकारी आदि ने अपने विचार रखे। वहीं विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। शिक्षकों ने उपहार देकर सम्मानित किया। मौके पर डा आशा रानी लकड़ा, डा अल्पना मेहता,प्रो साधना सिंह,प्रो नीरू,प्रो विकास कुमार श्रीमंत चटर्जी व विद्यार्थियों में आकाश रक्षित व सोनम कुमारी आदि ने सराहनीय योगदान दिया।

## भोग सेवा समिति को किया गया सम्मानित



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** धार्मिक धरोहर के रूप में प्रसिद्ध ओरमान्झी के दुर्गा महादेव मंदिर में शुक्रवार को भक्ति भाव व समर्पण के साथ निस्वार्थ भाव से सेवा दे रहे भोग सेवा समिति के पदाधिकारीयो को ग्रामवासियों द्वारा संयुक्त रूप से अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। भोग सेवा समिति प्रत्येक दिन मां के लिए आरती का आयोजन, भोग निर्माण, मंदिर की भव्यता, फूल माला एकत्रित वा साफ सफाई आदि जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में योगदान दे रही है। इस दौरान पूजा समिति के मुख्य संरक्षक नन्दगोपाल साहू, गिरधारी महतो, संपत निसाद, मुखिया दीपक बडाईक, पंचातय समिति सदस्य ललिता मेहता, उप मुखिया संतोष गुप्ता, रूपेश साहू, मनोज महतो, अमित कुशवाहा, अजय मेहता, आदि उपस्थित थे।

## भाजपा नेत्री आरती कुजूर की उपस्थिति में बूथों का किया गया सत्यापन

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** भाजपा सिकिदिरी मंडल अध्यक्ष सुनील महतो के अध्यक्षता में बूथों का सत्यापन मंडल प्रवासी महिला मोर्चा प्रदेश आरती कुजूर एवं मंडल प्रभारी नीलमोहन पाहन के उपस्थिति में सम्पन्न हुई। जिसमें मुख्य रूप से नंदलाल राम, धनेश्वर ,सत्यपाल, सुजीत सोनी, बिट्ठू, बुधराम, दिलीप, पंचम, मनसा ,नागेश्वर आदि मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में घायल इटकी के पत्रकार सुबोध कुमार सिन्हा का निधन



**इटकी (आजाद सिपाही)।** सड़क दुर्घटना में घायल इटकी के वरिष्ट पत्रकार सुबोध कुमार सिन्हा (67) का रिम्स में इलाज के दौरान शनिवार को करीब 4.30 बजे देहांत हो गया। अपने पिछे एक पुत्र दो पुत्री, पत्नी, बड़े भाई सहित भरापूरा घर छोड़ चल बसे। बता दें पिछले 24 सितंबर रविवार को चचगुरा महरा पतरा के निकट आयोजित करम पूर्व संध्या का समाचार संकलन करने गये थे। घर वापसी के क्रम में रांची गुमला मुख्य मार्ग पर एक तेज रफ्तार बाइक ने उनके बाइक को टक्कर मार दिया था जिससे वे सर के बल सड़क पर आ गिरे और उनका ब्रेनहेम्ब्रेज हो गया था। उनका मेडिका अस्पताल में सिर का आपरेशन हुआ था। इसके बाद उनका इलाज रिम्स में चल रहा था। सुबोध सिन्हा अपने जीवन के 35 वर्ष पत्रकारिता में जीवन गुजार दिया। वे एक हॉकर के साथ स्थानीय सभी अखबार के ऐजेंट भी थे। कल सोमवार को इटकी स्थित मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया जायेगा। सिन्हा की मौत पर कांग्रेस प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, विधायक शिल्पा नेहा तिर्की, गंगोत्री कुजूर, मसूद, लाल रामेश्वर नाथ, परवेज, जिप सदस्य रीणा, प्रमुख किरण उरांव, इटकी, बेडो, पिस्का नगड़ी पत्रकार संघ सहित अन्य लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

## संत अन्ना इंटरमीडिएट कॉलेज में करमा मिलन समारोह सह नृत्य प्रतिस्पर्धा कार्यक्रम संपन्न



**मांडर (आजाद सिपाही)।** शनिवार को मांडर स्थित संत अन्ना इंटरमीडिएट कॉलेज परिसर मांडर में धुम-धाम से करमा मिलन समारोह सह करमा थीम पर नृत्य प्रतियोगिता कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कॉलेज के छात्र- छात्राओं द्वारा करमा थीम पर कई मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए गये। कार्यक्रम का शुरूवात कटचाचो पहान सोमे खलखो का विधिवत हांथ धो कर और सम्मान स्वरूप सॉल ओढ़ा कर किया गया। कार्यक्रम में बेहतर नृत्य प्रदर्शन के आधार पर प्रथम स्थाना आट्र्स बारहवीं सेक्सन ए द्वितीय स्थान आट्र्स बारहवीं सेक्सन बी और तृतीय पुरस्कार आट्र्स गायरहवीं को जूरी कमिटी द्वारा चयन किया गया। विजेताओं को पुरस्कार हॉउस सुपीरियर सिस्टर सरोज और शिक्षक प्रतिनिधि अनिल खलखो के द्वारा दिया गया। मौके पर प्राचार्य सिस्टर निर्मल ज्योति कच्छप ने कहा कि आदिवासी समुदाय प्रकृति के संरक्षक होते हैं करमा पूजा इसका एक प्रमाण हैं इसके अतिरिक्त करमा पूजा भाई बहन के प्रेम को प्रदर्शित करता हैं। धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ शिक्षक सईद अख्तर द्वारा दिया गया। मौके पर विजय किसपोट्टा, संदीप,राजेंद्र, सुमन, मिस मधु, अश्विन, सुशील, रौशनी, सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## सिकिदिरी थाना के एसआइ धर्मानंद राम को सम्मान पूर्वक दी गयी विदाई

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में शनिवार की शाम विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें एस आई धमार्नंद राम का सम्मान पूर्वक विदाई किया गया। साथ ही उनके जीवन के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। मौके पर थान प्रभारी सत्य प्रकाश रवि, अरूण कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह,बासिल केरकेट्टा, जयंत, रंजीत सिंह, ध्रुव, निर्मल करमाली, अजगुत करमाली, राजेंद्र बेदिया सहित अन्य लोग शामिल थे।



## हिंदी पखवाड़ा 2023 का मुख्य समारोह आयोजित



**नगड़ी (आजाद सिपाही)।** स्थित केन्द्रीय तसर अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान, में हिन्दी पखवाड़ा-2023 का मुख्य समारोह आयोजित किया गया। समारोह में रामकृष्ण मिशन आश्रम, मोराबादी, के सचिव स्वामी भवेशानंद जी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि स्वामी भवेशानंद ने अपने संबोधन में कहा कि भारत एक विविध भाषा-भाषी देश है। अतः एक ऐसी भाषा की आवश्यकता है जो सभी को एक सूत्र में बांध सके। हिन्दी इसके लिए सर्वाधिक उपयुक्त भाषा हो सकती है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी मातृभाषा को भी सम्मान देते हुए अपने संवैधानिक कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्थान के निदेशक डॉ.एन.बी.चौधरी ने कहा कि हमें शासकीय कार्यों में निःसंकोच राजभाषा हिंदी का प्रयोग करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन कमल किशोर बडोला, सहायक निदेशक (राजभाषा) ने किया। जिससे हमारा सम्?प्रेषण और अधिक प्रभावी होगा। कार्यक्रम के दौरान संस्थान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अनुभागों को राजभाषा चलशील्ड और प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही हिन्दी पखवाड़ा के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को भी मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया।

## किसानों की समास्याओं को लेकर बैठक



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी स्थित मेला टिकरा में किसानों की समास्या को लेकर शनिवार को क्षेत्र के कई गांवों के किसानों की बैठक युवा किसान राजमोहन महतो की अध्यक्षता में हुई बैठक में किया गया बैठक में क्षेत्र किसानों ने मदर डेयरी में क्षेत्र के किसानों के उत्पाद पर दोहरापन रवैया पर रोष प्रगट किया गया मौके पर किसानों ने मदर डेयरी के अधिकारियों से नगड़ी प्रखंड के किसानों को प्रथामिकता देने का आग्रह किया और नगड़ी के किसानों की तैयार उत्पाद फसल मक्का को उचित दाम में लेने का आग्रह किया किसानों ने यह चर्चा किया कि अगर मदर डेयरी जो मक्का नहीं लेगा तो क्षेत्र के सैकड़ों किसान तैयार मक्का को गाड़ी में ले जाकर मदर डेयरी के गेट में फेंक देंगें। मौके पर इस विषय पर किसानों ने मदर डायरी के एक अधिकारी से फोन से वातार्लाप हुई मौके पर अधिकारी कुंदन ने किसानों को आश्वासन देते हुए कहा मक्का लिया जायेगा इसके लिए मदर डेयरी को किसान चार दिन पहले फसल लेने की जानकारी सेंटर में या फिर मदर डेयरी में देंगे। मौके पर क्षेत्र के किसानों की एक कमेटी का भी गठन किया गया जिसमें साहेर, हरीह, पलांडू, कतरापा, जराटोली, बचैया, चारवा अजय महतो बसंत महतो पप्पू गोप और दर्जनो किसान मौजूद थे।

# विश्व रेबीज दिवसः पालतू कुत्तों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच के साथ रेबीज का मुफ्त वैक्सीनेशन किया गया

**55 को रेबीज का मुफ्त वैक्सीन लगा**

आजाद सिपाही संवाददाता





**कांके।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के पशुचिकित्सा और पशुपालन महाविद्यालय द्वारा शनिवार को विश्व रेबीज दिवस का आयोजन किया गया जिसमें रांची के पशु प्रेमियों द्वारा लाये गये लगभग एक सौ कुत्तों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गयी और 55 को रेबीज का मुफ्त वैक्सीन लगाया गया आयोजन के समन्वयक और वेटरनरी क्लिनिकल कॉम्प्लेक्स विभाग के अध्यक्ष डॉ अभिषेक कुमार ने बताया कि शहरों में संक्रमित कुत्तों के काटने से फैलानेवाली वायरस वाली इस बीमारी का तत्काल इलाज जरूरी है कइलाज से महत्वपूर्ण बचाव है जिसके लिए घरों में पालेजानेवाले और सड़क पर घूमनेवाले बेघर कुत्तों को रेबीज का टीका दिलवा देना चाहिए क संक्रमित कुत्ते द्वारा काटे जाने पर उसके लार से यह संक्रमण शिकार हुए व्यक्ति में फैलता है और बुखार, सिरदर्द, बेचैनी, कफ, मिचली, उलटी तथा काटे गये अंग स्थान पर तकलीफ इसके प्राथमिक लक्षण हैं बाद में भ्रम की स्थिति, आक्रामकता, आंशिक पैरालिसिस, श्वसन में कठिनाई, गर्दन में स्टिफनेस, पानी और बिजली से डर लगना, बेहोशी आदि समस्याएं उभरने लगती हैं। पशुचिकित्सा संकाय के शिक्षकों और छात्र-छात्रों ने बड़े उत्साह से भाग लिया जिसमें वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ सुशील प्रसाद, डॉ एमके गुप्त, डॉ जगरनाथ, डॉ अलोक पाण्डेय शामिल थे विद्यार्थियों ने कांके ब्लाक चौक और सब्जी मंडी में नुक्कड़ नाटक भी किया आमलोगों में रेबीज के खतरनाक परिणामों और कुत्तों में टीकाकरण के लाभ के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए छात्र-छात्रों ने नारे लिखी तख्तियां लेकर कॉलेज से ब्लाक चौक, मिल्लत कॉलोनी और अरसंडे दुर्गा मंडप तक मार्च भी निकाला। आयोजन महाविद्यालय की एनएसएस इकाई तथा फार्मा कंपनी मैनकाइंड, सेवावेट, विरबैक और नेचुरल रेमेडीज के सहयोग से किया था।

**कई प्रतियोगिताओं के विजेता इस प्रकार रहे:**

**वक्तृत्व कला: प्रथमः नेरोली खलखो (तृतीय वर्ष), द्वितीय- राहुल प्रसाद (प्रथम वर्ष), तृतीय- निशा रवानी (प्रथम वर्ष) पोस्टर मेकिंग: प्रथम- एंजेल केरकेट्टा (तृतीय वर्ष), द्वितीय- सल्यानी विश्वास (चतुर्थवर्ष), तृतीय- श्रेया सुमन (तृतीय वर्ष), सांत्वना पुरस्कार- सुनील कुमार (द्वितीय वर्ष)।**

## कम राशन दिये जाने के खिलाफ राशन कार्ड धारियों ने प्रखंड मुख्यालय में किया हंगामा



**मांडर (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड मुख्यालय में शनिवार को जाहेर गांव के राशन कार्ड धारीयों के द्वारा जन वितरण प्रणाली के दुकानदार के द्वारा कम राशन दिए जाने के खिलाफ हंगामा क्या कार्ड धारियों के द्वार प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन देकर जाहेर के चमेली महिला समूह पर आरोप लगाते हुए आवेदन दिया है दिए गये आवेदन में कम अनाज देने और कार्ड धारी के साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया गया है मामले पर अधिकारियों ने कार्ड धारीयों को अस्वासन दिया है कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जायेगी।

## बूथ सशक्तिकरण को लेकर भाजपा बूथ अध्यक्षों के साथ बैठक

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत कार्यसमिति सदस्य के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह कार्यक्रम प्रभारी नरेंद्र पांडे व मंडल प्रभारी रविंद्र सिंह आदि के नेतृत्व में हरिहरगंज शहर के रानी मैरेज हॉल में शनिवार को बूथ सशक्तीकरण को लेकर बैठक की गयी। जिसमें सभी बूथों को मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया। नरेंद्र पांडे ने कहा कि भाजपा का विजयी अभियान लगातार जारी रहेगा। जीत में बूथ अध्यक्ष की भूमिका अहम रहती है। बैठक की अध्यक्षता बल्लु बलराम व संचालन महामंत्री सन्नी गुप्ता ने किया। इस मौके पर सत्येन्द्र मेहता, टंटु मिश्रा, रघुनंदन साव, विजय मिश्रा, सनोज गुप्ता, विनय विश्वकर्मा, करण कुमार, कन्हैया विश्वकर्मा,अमित कुमार, संजीव सिंह, अमित गुप्ता, तुषार कुमार, धनंजय सिंह, धनंजय यादव, ओम सिंह, विजय यादव, रणधीर पटेल, सुरेंद्र सिंह, चितरंजन सिंह, राजेश दास, विकास पासवान, महेंद्र पासवान आदि थे।

### पर्यावरणविद ने अपने 70वें जन्मदिन पर रांची के धुर्वा जेएन कॉलेज में किया पौधरोपण

# सुख-सुविधाओं के लिए वनों की अंधाधुंध कटाई घातक : कौशल

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** राजधानी रांची के धुर्वा स्थित जगन्नाथ नगर महाविद्यालय प्रांगण में शनिवार को आयोजित सेमिनार का उद्घाटन विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्राणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने राष्ट्रीय गान व पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पौधरोपण कर किया। पर्यावरणविद ने विद्यार्थियों को पर्यावरण धर्म का पाठ पढ़ाते हुए कहा कि आधुनिकता की इस दौर में सुख सुविधाओं के उपभोग के लिए बढ़ी वाहनों की संख्या एवं अप्रत्याशित हुई जनसंख्या विस्फोट से ही प्रदूषण बेतहासा बढ़ी है। जिसका खामियाजा समाज के सभी लोगों को भुगतना पड़ रहा है। इतना ही नहीं कोरोना काल में यह साबित हो गया है कि जहां वनों की अंधाधुंध कटाई हुई वहां के लोगों पर कोरोना का कहर उतना ही अधिक बरपा। जिसका गवाह दिल्ली और महाराष्ट्र रहा है। उन्होंने कहा कि वे अपनी निजी खर्चों पर निःशुल्क पौधा वितरण व रोपण का 57वां वर्ष और पर्यावरण धर्म व वन राखी मूवमेंट (वृक्षों पर रक्षाबंधन) के 47 वें वर्ष पर विश्व के पांच देशों एवं देश के 10 राज्यों के 30 जिलों में दो लाख पौधों का निःशुल्क वितरण व रोपण वृक्षों पर रक्षाबंधन व पर्यावरण धर्म पर गोष्ठी आयोजन का निर्णय लिया है। विश्व भर में पूर्णतः हरित क्रांति लाया जाय इसके लिए उन्होंने न सिर्फ अपने देश में, बल्कि विदेशों में भी अपनी पत्नी सह डाली पंचायत की मुखिया पूनम जायसवाल के साथ जाकर पौधरोपण कर पर्यावरण बचाने का संदेश दिये है। कौशल किशोर ने अपने जीवन का 70 वां पड़ाव तय करने पर रांची नगर निगम के प्रशासक अमित कुमार के मार्गदर्शन में 70 पौधे लगाए व वितरित किया। जिसमें चंदन, कल्पतरु, रुद्राक्ष, कपूर, छतनी, कदम, महोगनी एवं फीडल लिफ के पौधे शामिल थे। इस मौके पर प्रिंसिपल डॉ अबरार अहमद, डॉ विद्यानंद चौधरी, नगर निगम के सहायक अभियंता सौरभ कुमार केसरी, राजकुमार, सईद आलम, प्रभात तिवारी, डीसी मिश्रा, रानी मिंस, देवंती केरकेट्टा, केके दत्ता, नवीन शर्मा, मधुमिता विश्वास, शीला कुमारी, उषा मिश्रा समेत कॉलेज के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने पौधारोपण एवं वृक्षों पर रक्षाबंधन कर कार्यक्रम को सफल बनाया।


धुर्वा स्थित जेएन कॉलेज में पौधरोपण करते पर्यावरणविद कौशल किशोर व अन्य।

## हुसैनाबाद शहर के दर्जनों स्थान पर विशेष सफाई अभियान आज

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** केंद्र सरकार की ओर से संचालित स्वच्छ भारत मिशन शहरी अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत रविवार को हुसैनाबाद शहर के दर्जनों स्थान पर विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। इसकी जानकारी नपं के कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी ने दी। शनिवार को उन्होंने बताया कि वार्ड एक में भुइया टोली व कृष्णा नगर, दो नंबर वार्ड में स्टेशन रोड, जेपी चौक, तीन नंबर वार्ड में अनुमंडल गेट, दिनेश चौक, चार नंबर वार्ड में शिव स्थान हरिजन टोला, गम्हरिया स्कूल, पांच नंबर वार्ड में हरिजन विद्यालय, ललिता बाबू के घर के पास, छह नंबर वार्ड में रविदास नगर, उर्दू मध्य विद्यालय, सात नंबर वार्ड में टैक्सी स्टैण्ड, इस्लामगंज नीम के पास, आठ में अंबेडकर चौक, पटेल चौक, नौ में मकबरा रोड, गाँधी चौक, 10 नंबर वार्ड में ठाकुर बाड़ी, मधुशाला रोड, 11 नंबर में महाबीर मंदिर, हैदर नगर रोड बक्सी स्कूल के पास, 12 नंबर में हरिहर चौक, देवरी रोड, 13 नंबर में ऑगनबाड़ी केंद्र आदि जगहों पर सफाई अभियान चलाई जाएगी। उन्होंने स्वयंसेवी संगठनों, समाजिक कार्यकर्ताओं, व्यवसायी वर्ग आदि से सहयोग की अपील की है।

## व्यापार मंडल की दूसरी बार अध्यक्ष बने कृष्णा बैठा



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** व्यापार मंडल सहयोग समिति लिमिटेड के चुनाव में हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा दूसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष पद का चुनाव जीत गए। विदित हो कि कृष्णा बैठा ने 29 सितंबर को सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध नामांकन पर्चा दाखिल किया। निवार्ची पदाधिकारी वसंत राय द्वारा 14 अक्टूबर को चुनावी प्रक्रिया पूरा किया जाएगा। निर्विरोध चुनाव जीतने के बाद कृष्णा बैठा ने कहा कि वे प्रखंड के सभी पैक्स अध्यक्ष व प्रखंड वासियों के विश्वास पर खरा उतरे हैं। आगे भी आपसी समन्वय से कार्य करता रहूंगा। इस मौके पर पैक्स अध्यक्ष बलराम मेहता, उपेंद्र कुमार मेहता, सुजीत मेहता, सत्यनारायण सिंह, सुदय सिंह, सुरेश प्रसाद यादव, सुरेंद्र सिंह, बिपिन सिंह, विश्वनाथ सिंह, विजयमल सिंह, धनंजय सिंह, दिलीप सिंह, कमला देवी, बिमलेश पासवान, प्रशांत कुमार सिंह, रेणु देवी और राजेश यादव आदि मौजूद थे ।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## डंडिला के ग्रामीणों ने डीलर पर लगाया कम राशन देने का आरोप, बीडीओ से शिकायत

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के डंडिला के जनवितरण प्रणाली के लाभुकों ने डीलर द्वारा राशन कटौती किए जाने को लेकर बीडीओ सह प्रभारी एमओ को आवेदन देकर शिकायत की है। आवेदन के माध्यम से बताया कि पार्वती स्वयं सहायता समूह की ओर से 63 किलो की जगह 50 किलो ही अनाज दिया जा रहा है। जबकि विंदु स्वयं सहायता समूह द्वारा प्रति यूनिट एक केजी राशन कटौती की जा रही है। कहने पर कहा जाता है कि विभाग से ही राशन काटकर मिला है। ग्रामीणों ने आवेदन में मामले की जांच कर विभागीय कार्रवाई की मांग की है। वहीं, आवेदन देने वालों में केवल रजवार, अंकित कुमार, बिगन रजवार, बतसिया देवी, ललन राम, शांति देवी, धनमनो देवी, निरंजन विश्वकर्मा, कलावती देवी और मंजू देवी आदि शामिल थे।

## तीसीबार में बजरंग दल ने निकाला भव्य जुलूस



**उंटारी रोड़/पलामू (आजाद सिपाही)।** तीसीबार में हिंदुत्व को बल देने के उद्देश्य और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर निर्माण को लेकर जन जागरण के लिए विश्व हिंदू परिषद की बजरंग दल इकाई की ओर से जागरण यात्रा का आयोजन किया गया है। इसी कड़ी में जागरण यात्रा शनिवार को झारखंड विश्वनाथ मंदिर पहुंची, जहां बजरंग दल की ओर से झारखंड विश्वनाथ मंदिर प्रांगण से इस दिन शौर्य जागरण रथ का शुभारंभ किया गया। सबसे पहले रथ की पूजा की गई। इसके बाद शोभायात्रा निकाली गई। इसमें मुख्य आकर्षण चार पहिया वाहन में बने रथ में स्थापित भगवान श्रीराम की प्रकृति थी। यह रथ यात्रा मुरमा के लिए रवाना हो गया। यात्रा में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने अयोध्या नगरी जाएंगे राम मंदिर वहीं बनवाएंगे और जय हनुमान आदि के नारे लगाये।

## पूर्व प्रमुख के आवास से बाइक चोरी

**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** पूर्व प्रमुख उर्मिला कुमारी के दुलसुलमा आवास से चोरों ने शुक्रवार की रात बाइक चोरी कर ली। इस संबंध में पूर्व प्रमुख की मां जासमति देवी ने सतबरवा थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। उर्मिला कुमारी ने बताया कि घर के आहते में बाइक रखी गई थी। रात में परिवार के सभी सदस्य खाना खाने के बाद सोने चले गए। शनिवार की सुबह उठे तो बाइक को आहते से नदारद पाया। इसके बाद थाने में शिकायत दर्ज कराई गयीं। वहीं, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## नप अधिकारियों-कर्मचारियों की बैठक में एक घंटा सामूहिक श्रमदान का निर्णय

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नगर परिषद कार्यालय सभागार मेंशनिवार को अधिकारियों-कर्मचारियों की संयुक्त बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन व संचालन सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह ने किया। बैठक में स्वय सहायता समूह की महिलाओं ने भी भाग लिया। बैठक में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत आयोजित कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। निर्णय हुआ कि एक अगस्त को सामूहिक रूप से श्रमदान कर नगर परिषद क्षेत्र को स्वच्छ किया जायेगा। जिसकी शुरूआत गांधी चौक से की जायेगी। श्रमदान कर महात्मा गांधी को स्वच्छता श्रद्धांजलि दी जायेगी।

## विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयुष्मान भवः स्वास्थ्य मेला का आयोजन, किया इलाज

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में आयुष्मान भवः स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेंद्र कुमार, डॉ लीली एस्टेला पूर्ति, डॉ धीरज कुमार, डॉ एम एम प्रसाद व डॉ प्रियंका पांडेय ने संयुक्त रूप से किया। स्वास्थ्य मेला में जनरल फिजिसियन, सर्जन, स्त्री रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, हड्डी व नस रोग विशेषज्ञ सहित आंख, नाक, कान व गला के अनुभवी चिकित्सको की टीम ने अलग-अलग स्टोर लगाकर 532 मरीजों की जांच की व उनका इलाज किया। मरीजों को निःशुल्क दवा भी दी गयी। चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेंद्र कुमार ने कहा कि सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सभी रोग विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध है। ग्रामीणों को अनावश्यक कहीं भटकने की जरूरत नहीं है। स्वास्थ संबंधी किसी भी तरह की कोई परेशानी हो तो सीधा सीएचसी आकार इलाज कराएं। हमारा भी प्रयास है कि स्वास्थ सेवा आम लोगों तक पहुंचे। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भवः योजना के तहत सभी राशन कार्ड धारियों का आयुष्मान कार्ड बन रहा है। इसके लिए जगह-जगह कैंप भी लगवाया जा रहा है। अभी तक विश्रामपुर सीएचसी क्षेत्र में 1384 लोगों का आयुष्मान कार्ड बन चुका है। मौके पर डॉ मनोज कुमार, दिनेश सिंह, बीपीएम पंकज पाण्डेय, बैम पंकज कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

## विश्रामपुर पहुंची शौर्य जागरण रथ यात्रा, हुआ भव्य स्वागत



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** आरएसएस व बजरंग दल की ओर से निकाला गया शौर्य जागरण रथ यात्रा शनिवार को विश्रामपुर पहुंचा। जहां हिंदूवादी संगठनों ने जगह-जगह भव्य स्वागत किया। विश्रामपुर के ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर परिसर में धर्म सभा का भी आयोजन किया गया। जिसमें साधु-संतों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। धर्म सभा में अयोध्या से आए साधु संतों ने लोगों को सनातन धर्म के बारे में बताया। मुख्य वक्ता आरएसएस के राजीव कुमार सिंह ने अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर के बारे में जानकारी दी। वहीं, बजरंग दल के दिवंगत कार्यकर्ता अजीत नायक को श्रद्धांजलि भी दी गई। इसके अलावा बिश्रामपुर के एक मुहल्ले का नाम अजीत नगर किया गया। इससे पहले रेहला में यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। रेहला महावीर मंदिर में विशेष पूजा अर्चना और महाआरती की हुई। बताते चले कि अयोध्या राम मंदिर में राम लल्ला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शौर्य जागरण रथ यात्रा झारखंड भ्रमण पर निकला है। मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, विधायक के नगर प्रतिनिधि राजन पांडेय, प्रखंड प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, किशोर पांडेय, पूर्व प्रमुख संतोष चौबे, शिवबंश मिश्रा, संजय ठाकुर, संतोष राम, अमितेश्वर दयाल, सेवा समिति अध्यक्ष संजय पांडेय, नप के प्रथम उपाध्यक्ष अजय बक्सराय उर्फ बड़कू सिंह, बबन राम, अमरेश तिवारी, महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण शर्मा, आदि उपस्थित थे।

## हुसैनाबाद में शौर्य जागरण रथ का भव्य स्वागत




**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शौर्य जागरण रथ का शनिवार को हुसैनाबाद में भव्य स्वागत किया गया। सीमावर्ती कादल कुर्मी में भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह के नेतृत्व में स्वागत हुआ। हुसैनाबाद पहुंचने पर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल व भाजपा कार्यकर्ताओं ने जय श्रीराम के उद्घोष से स्वागत किया। मौके पर प्रेमतोष सिंह, आलोक केशरी, दिनेश प्रसाद कश्यप, सुबोध कश्यप, राकेश तिवारी, बिकु कश्यप, पंकज कुमार, अजय प्रसाद गुप्ता, उदयनाथ विश्वकर्मा व छोटू सिंह आदि मौजूद थे।

## संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल के बच्चों ने शौर्य रथ यात्रा का किया स्वागत



**विश्रामपुर/पलामू (आजद सिपाही)।** हिंदू वादी संगठनों की ओर से निकाला गया शौर्य यात्रा रथ शनिवार को विश्रामपुर पहुंचा। जहां विश्रामपुर संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल के बच्चों ने नगर परिषद क्षेत्र में रथ का भव्य स्वागत किया। स्कूली बच्चे शौर्य यात्रा में झांकी के साथ शामिल भी हुए। बच्चों ने भगवान राम, माता सीता, भाई लक्ष्मण, बजरंगबली का रूप धारण कर झांकी को काफी आकर्षक बना दिया था। मौके पर स्कूल के निदेशक एनके तिवारी, प्राचार्य आरके सिंह, उप निदेशक पूनम तिवारी, शिक्षक विकास कुमार, शिक्षिका नीधी राय, रिंकी कुमारी, रितू कुमारी, संध्या कुमारी और लक्ष्मी कुमारी आदि मौजूद थे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगा आयुष्मान भवः मेला, जांच के बाद दी गयी दवाइयां



**नीलांबर पितांबरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य विभाग की ओर से शनिवार को आयुष्मान भवः कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन प्रखंड प्रमुख सुनिल पासवान, चिकित्सा प्रभारी डॉ राजीव कुमार और बीपीएम राजकुमार ने संयुक्त रूप से किया। मेले में आए लोगों का ब्लड शुगर, बीपी, मलेरिया, टीबी,आंख, कान और गला आदि की जांच की गई। इसके बाद मरीजों को जरूरी दवाईयां भी निःशुल्क दी गईं। प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजीव कुमार ने बताया कि आयुष्मान भवः मेला प्रखंड के सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों में भी लगाया गया है। मरीजों को जांच के बाद जरूरी दवाएं भी दी जा रही है। साथ ही जिन लोगों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं है, उनका कार्ड भी बनाया जा रहा है। स्वास्थ्य मेले में जनरल फिजिशियन डॉ मधुसूदन प्रसाद, डॉ अमित कुमार, डॉ विक्रम कुमार, डॉ इरशाद अंसारी शिरीन, डॉ संदीप सेवैया, डॉ गौतम सिद्धार्थ ने जांच किया। इस मौके पर नीलांबर पीतांबर स्वास्थ्य केंद्र के मोहम्मद शाकिर, निलेश पांडे, पारा मेडिकल एएनएम व स्वास्थ्य कर्मी आदि मौजूद थे।

## स्पोर्ट्स



भारतीय टीम ने पाकिस्तान को पूल-ए के लीग मुकाबले में 10-2 से हराया। कप्तान हरमनप्रीत ने 4 गोल दागे। भारत ने पहली बार पाकिस्तान के खिलाफ 10 गोल किए हैं ।

# हॉकी में भारत की पाकिस्तान पर सबसे बड़ी जीत:एशियाड के ग्रुप स्टेज में 10-2 से हराया



**हांगझोउ।** 9वें एशियन गेम्स के 7वें दिन हॉकी में भारत ने पाकिस्तान पर सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड बनाया। भारतीय टीम ने पाकिस्तान को पूल-ए के लीग मुकाबले में 10-2 से हराया। कप्तान हरमनप्रीत ने 4 गोल दागे। भारत ने पहली बार पाकिस्तान के खिलाफ 10 गोल किए हैं।

चीन के हांगझोउ में चल रहे एशियन गेम्स में शनिवार को भारतीय खिलाड़ियों ने 5 मेडल जीते, इनमें दो गोल्ड, दो सिल्वर और एक ब्रॉन्ज शामिल है। भारत ने स्क्वॉश का गोल्ड पाकिस्तान को हराकर ही जीता है। भारत के कुल 10 गोल्ड हो गए हैं।

भारत 38 मेडल जीत चुका है। इसमें 10 गोल्ड, 14 सिल्वर और 14 ब्रॉन्ज शामिल है। भारत मेडल टैली में चौथे नंबर पर है।

### किस इवेंट में कौन-सा मेडल आया

**टेनिस (स्क्वॉश):** भारतीय मेंस टीम ने पाकिस्तान को 2-1 से हराया स्क्वॉश में भारतीय मेंस टीम ने पाकिस्तान को 2-1 से हराकर गोल्ड जीता। गोल्ड मेडल इवेंट के पहले मैच में पाकिस्तान के नासिर इकबाल ने महेश मंगाओंकर को 3-0 से हराया। दूसरा मैच भारत के नाम रहा। सौरव घोषाल ने असीम मुहम्मद को 3-0 और तीसरे मैच में अभय सिंह ने नूर जमान 3-2 से हराया। इस तरह भारत ने फाइनल मुकाबला 2-1 से जीता।

**गोल्ड (टेनिस):** बोपन्ना-भोसले की जोड़ी ने चीनी ताइपे को मात दी रोहन बोपन्ना और रुतुजा भोसले ने चीनी ताइपे के एन-शुओ लियांग और त्सुंग-हाओ हुआंग के खिलाफ तीसरा सेट टाई-ब्रेकर जीतने के साथ टेनिस मिक्स्ड डबल्स में गोल्ड मेडल जीता। भारतीय जोड़ी ने फाइनल में चीनी ताइपे जोड़ी को 2-6, 6-3, (10) - (4) से हराया। टेनिस में पहले सात पॉइंट्स हासिल करने वाला पहला खिलाड़ी टाईब्रेक और सेट जीतता है। यदि खिलाड़ी 6-पॉइंट-टू-6 पर बराबर होते हैं, तो लगातार 2-पॉइंट मार्जिन वाला पहला खिलाड़ी जीत जाता है। एशियन गेम्स में 10-पॉइंट टाईब्रेकर खेला गया।

**सिल्वर (शूटिंग) :** फाइनल में दूसरे नंबर पर रहे सरबजोत-दिव्या शूटिंग में सरबजोत सिंह और दिव्या टीएस ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में सिल्वर मेडल जीता। शूटिंग गोल्ड के हुए मुकाबले में सरबजोत और दिव्या को चीन की जोड़ी झांग बोवेन और जियांग रैनक्सिन से 16-14 से हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही उन्हें सिल्वर से संतोष करना पड़ा। हांगझोउ एशियाड में अब भारत के 19 मेडल हो गए हैं। जिनमें 6 गोल्ड, 8 सिल्वर, 5 ब्रॉन्ज शामिल है। यह गेम्स के 72 साल के इतिहास में हमारा शूटिंग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

**सिल्वर और ब्रॉन्ज (एथलेटिक्स: 10 हजार मीटर रेस वॉक):** कार्तिक दूसरे और गुलवीर तीसरे स्थान पर रहे एथलेटिक्स की 10 हजार मीटर रेस में भारतीय धावक कार्तिक कुमार (28:25:38 मिनट) ने सिल्वर जीता, जबकि गुलवीर सिंह (28:17.21 मिनट) के टाइम के साथ ब्रॉन्ज अपने नाम किया।

## न्यूज रील्स

### यूपी में आठ माह में 1921 हत्या और 1869 रेप

लखनऊ। उत्तरप्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर सीएम ने पिछले छह साल की तुलना में इस साल के अपराधों की समीक्षा बैठक की। बैठक के जारी आंकड़ों से साफ है कि जनवरी से अगस्त 2023 तक थानों में दर्ज अपराध में कमी आने के साथ अपराधियों पर ज्यादा कार्रवाई हुई है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने अपराध पर लगाम लगाने में नाकाम अधिकारियों को फटकार लगायी।

### मणिपुर में दो छात्रों की मौत पर प्रदर्शन जारी

इम्फाल। मणिपुर में दो छात्रों की मौत के बाद पिछले एक हफ्ते से प्रदर्शन जारी है। शुक्रवार रात हजारों की संख्या में महिलाओं ने इंफाल ईस्ट जिले के खुराई इलाके में मशाल जला कर रैली निकाली। हालांकि सुरक्षा बलों ने उन्हें लामलोंग के पास रोक दिया। पूरी रात पुलिस के साथ महिलाओं की झड़प चलती रही। प्रदर्शनकारियों ने मणिपुर विधायक एल सुशिंद्रो के घर पहुंचने की कोशिश की। इन्हें रोकने के लिए पुलिस ने टियर गैर शेल और नकली बम फेंके।

# एम्स भुवनेश्वर में हर साल 250-300 नये बाल कैंसर रोगी आते हैं

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** एक बहु-विषयक दृष्टिकोण के माध्यम से, एम्स भुवनेश्वर में मेडिकल ऑन्कोलॉजी/हेमेटोलॉजी विभाग, कैंसर से पीड़ित बच्चों को समग्र, गुणवत्तापूर्ण और किफायती देखभाल प्रदान कर रहा है। बचपन के कैंसर पर जागरूकता बढ़ाने के लिए आज राष्ट्रीय संस्थान में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक डॉ. आशुतोष विश्वास ने कहा, यह देश के इस हिस्से में प्रशिक्षित संकाय द्वारा बच्चों को विशेष कैंसर देखभाल प्रदान करने वाला एकमात्र सरकारी संस्थान है। हम न केवल ओडिशा राज्य, बल्कि पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और झारखंड जैसे आसपास के राज्यों के बाल रोगियों को भी सेवा प्रदान करते हैं। डॉ. बिस्वास ने कहा, विभाग ने कैंसर से पीड़ित 1200 से अधिक बच्चों को पंजीकृत किया है और वर्तमान में प्रति वर्ष लगभग 250-300 नये रोगियों का इलाज करता है। एम्स भुवनेश्वर इन जरूरतमंद बच्चों के लिए मेडिकल ऑन्कोलॉजी/हेमेटोलॉजी विभाग में हेमेटोपोएटिक स्टेम सेल प्रत्यारोपण शुरू करने जा रहा है। अतिरिक्त डॉ. सोनाली महापात्रा ने कहा कि पिछले 50 वर्षों में बच्चों में होने वाले कैंसर के परिणाम असाध्य प्रतीत होने वाली बीमारियों से बदल कर 80-90% से अधिक जीवित रहने तक पहुंच गए हैं। एम्स भुवनेश्वर के मेडिकल ऑन्कोलॉजी/हेमेटोलॉजी विभाग के प्रो. वर्तमान युग में, 75-80% से अधिक बचपन के कैंसर रोगियों को पूरी तरह से ठीक किया जा सकता है, तीव्र लिम्फोब्लास्टिक ल्यूकेमिया (रक्त कैंसर), लिम्फोमा और गुर्दे के ट्यूमर जैसे कुछ कैंसर में 90% से अधिक जीवित रहने की संभावना है, डॉ. महापात्र ने बताया। बचपन के कैंसर के विभिन्न पहलुओं पर जागरूकता बढ़ाने के लिए, विभाग ने आज वॉकथॉन, रोगी/अभिभावक और डॉक्टर बातचीत जैसे कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की। इस कार्यक्रम में कार्यकारी निदेशक डॉ. विश्वास के साथ-साथ चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दिलीप कुमार परिदा, डॉ. देबाशीष साहू, डॉ. कनिष्का दास, डॉ. सोमनाथ पाढ़ी, डॉ. बीबी त्रिपाठी, डॉ. सुब्रत साहू, डॉ. उपस्थित थे। आदित्य मानेकर साहू, डॉ. आकाश पति. डॉ. सोनाली महापात्रा द्वारा समन्वित कार्यक्रमों में छात्रों, कर्मचारियों और गैर सरकारी संगठनों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। हालांकि, भारत में बाल चिकित्सा ऑन्कोलॉजी पर अभी भी काम चल रहा है। भारतीय उपमहाद्वीप में नतीजे अक्सर पश्चिमी समकक्षों से पीछे रह जाते हैं। विलंबित निदान, विलंबित रेफरल, उपचार परित्याग और खराब सामाजिक आर्थिक और शैक्षिक स्थितियां जैसे विभिन्न कारक इष्टतम परिणामों से नीचे योगदान करते हैं।

# लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने केंद्र सरकार के कार्यकाल की उपलब्धियों को बताया

आजाद सिपाही संवाददाता




**राजधनवार।** भाजपा नेता सह पूर्व आईजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने शनिवार को पार्टी कार्यालय बरजो में पंचायत संयोजकों और बूथ प्रभारियों के साथ बैठक कर उन्हें आगामी चुनाव का प्रशिक्षण दिया। इस क्रम में उन्हें जनता के बीच जाने, उनकी समस्याओं से अवगत होने, यथासंभव समस्या समाधान में सह्योग करने तथा जरूरत अनुसार उन्हें भी अवगत कराने व सह्योग लेने का निर्देश दिया गया। बूथ प्रभारियों व पंचायत संयोजकों को जनता के बीच मोदी सरकार के नौ वर्षों के कार्यकाल के उपलब्धियों की भी चर्चा करने तथा उनके द्वारा लागू जन कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराने को भी कहा गया। बताया गया कि विपक्षी पार्टियां अपना वजूद बचने के लिए अपनी-अपनी पार्टी सिद्धांत और विचारधाराओं को तिलांजलि देकर एकजुट हो रही है। देश और जनता की भलाई नहीं बल्कि घोटालों से अपनी रक्षा करना ही उनका उद्देश्य है। झारखंड में भी आये दिन उग्रवादी व आपराधिक घटनाओं में बढ़ोतरी हो रही है। भाजपा सरकार में सारे आसामाजिक तत्व बिल में छुप गये थे। इसबार पुनः केंद्र व राज्य में भाजपा की सरकार बनानी है और पुनः मोदी जी को पीएम बनाना है। प्रभारियों व संयोजकों को अभी से चुनाव की तैयारी में सक्रिय हो जाने का निर्देश दिया गया। कार्यक्रम में धनवार विस के प्रभारी विस्तारक सौरभ सुमन, नकुल राय, श्रीकांत राय, रामु साव, अरविंद सिंह, पवन सिंह, श्याम सिंह, नंद किशोर राय, महेश राय, श्याम बर्नवाल, शंभू बर्नवाल, सुजीत पंडा, रूपलाल दास, मन्नू सिंह, जनार्दन राय, बोधो सिंह आदि ग्यारह पंचायत के संयोजकों व छियार सठ बूथ प्रभारियों ने भाग लिया।

### राजधानी में हिट एंड रन, एक मजदूर की मौत

**भुवनेश्वर।** राजधानी में हिट एंड रन का मामला। राजमहल चॉक के फुटपाथ पर सो रहे एक मजदूर को कार ने रौंद दिया। सड़क किनारे सो रहे एक मजदूर की ऊपर तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसा कल देर रात हुआ. हादसे में मजदूर की मौत हो गई और शव को पोस्टमार्टम के लिए कैपिटल अस्पताल में रखगया। उधर, इस घटना में मरने वाले मजदूर की पहचान नहीं हो पाई है, पुलिस ने पहचान के लिए मृतक की फोटो जारी की है। हालांकि, दुर्घटना करने के बाद चालक कार को लेकर तेज गति से आगे बढ़ गया। ड्राइवर ने धउलि पुलिस स्टेशन के पास बांकूआल के पास गाड़ी छोड़कर भाग गया है। सूचना मिलने के बाद पुलिस वाहन को जब्त कर थाने ले आयी।

### स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित

**भुवनेश्वर।** बारंग आंचलिक प्रेस क्लब के तरफ से त्रिशुलिआ नरणपुर स्थित डे एंड नाइट हॉस्पिटल के परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आंचलिक प्रेस क्लब की ओर से तीसरी बार आयोजित इस रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि भुवनेश्वर बाली यात्रा महोत्सव समिति के अध्यक्ष यशवंत ओझा ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने रक्तदान के महत्व पर स्वेच्छा से रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को रक्तदान करने का संदेश दिया। इस रक्तदान शिविर में 32 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस रक्तदान शिविर में कटक सेंट्रल रेड क्रॉस ब्लड बैंक के अनुभवी डॉ. रघुनाथ बेउरा के टीम ने रक्त संग्रह किया।






# आइआइटी भुवनेश्वर ने किया हिंदी पखवाड़ा का सफल आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) भुवनेश्वर ने भारत की आधिकारिक भाषा (राजभाषा) के रूप में हिंदी के महत्व कोस्वीकार करने तथा अपने स्टाफ सदस्यों और केंद्रीय विद्यालय आईआईटी भुवनेश्वर के छात्रों के मध्य भाषा के महत्व को बढ़ावा देने के लिए हिंदी पखवाड़ा (हिंदी पखवाड़ा) का सफल आयोजन किया। संस्थान ने इस अवसर पर 14 से 29 सितंबर तक विभिन्न कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं आयोजित कीं। 15 दिनों तक चले इस समारोह का शुभारंभ 14 सितंबर को हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में हिंदी पुस्तक प्रदर्शनी के साथ हुआ और 29 सितंबर को विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हुआ। राजभाषा एकक (राजभाषा यूनिट) और हिंदी साहित्यिक सोसायटी ऑफ स्टूडेंट्स जिमखाना 'अभिव्यक्ति' द्वारा संयुक्त रूप से समन्वयित, आईआईटी भुवनेश्वर के सदस्यों और छात्रों के लिए पखवाड़े के दौरान कई गतिविधियों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रोफेसर श्रीपाद करमलकर, निदेशक, आईआईटी भुवनेश्वर और श्री बामदेव आचार्य, कुलसचिव ने हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह में अपनी गरिमामय उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर अपने संबोधन के दौरानप्रोफेसर श्रीपाद करमलकर ने भारत की आधिकारिक भाषा के रूप में हिंदी के महत्व पर जोर दिया और बताया कि कैसे यह भाषा भारत की एकता को संरक्षित करने और बढ़ावा देने तथा देश की संस्कृति का पोषण करने में सहायक रही है। उन्होंने समृद्ध हिंदी साहित्य और भारतीय संस्कृति के विकास में उसके योगदान का भी उल्लेख किया। उन्होंने आईआईटी भुवनेश्वर के सभी सदस्यों को अपने दैनंदिन कार्यालयी कार्यों में हिंदी का अनुप्रयोग करने और हमारी भाषाई विरासत और आधुनिक युग के विकास के बीच संतुलन बनाने का प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके उपरांत अपने अभिभाषण में कुलसचिव श्री बामदेव आचार्य ने हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम में संस्थान के सदस्यों की सक्रिय भागीदारी और पखवाड़े के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं पर हर्ष व्यक्त किया।


## वर्मा प्रेस प्रा० लि० रॉंची

VERMA PRESS

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !








# संबलपुर मंडल ने सेमिनार का आयोजन किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**संबलपुर।** स्वच्छता पखवाड़ा-2023 के अवसर पर, पूर्व तट रेलवे, संबलपुर मंडल ने 28 सितंबर, 2023 को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभा कक्ष में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और सतत विकास के क्षेत्र पर एक सेमिनार का आयोजन किया। श्री प्रकाश कुमार पटेल, अपर मंडल रेल प्रबंधक, संबलपुर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और श्री वेदभूषण, आयुक्त, एसएमसी, संबलपुर और श्री के.झा, महाप्रबंधक/मैसर्स स्क्रैप-क्यू हब प्राइवेट लिमिटेड वक्ता के रूप में शामिल हुए। मुख्य अतिथि श्री पी.के.पटेल ने कहा कि इस तरह के सेमिनार प्रतिभागियों को जागरूकता बढ़ाने और अपशिष्ट प्रबंधन की दिशा में काम करने का अवसर प्रदान करेंगे। श्री वेदभूषण ने कचरे के पृथक्करण और पुनर्चक्रण के लिए एसएमसी, संबलपुर द्वारा उठाए गए कदम के बारे में विस्तार से बताया। श्री झा ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन तकनीक पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर रेलवे अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सेमिनार में भाग लिया। श्री दीपक परसरामपुरिया, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर,









# एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय में हिंदी पखवाड़ा हुआ संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह 29 सितंबर 2023 को आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री नवीन जैन, मुख्य महाप्रबंधक, संविदा एवं संविदा थे। इस अवसर पर बोलते हुए श्री जैन ने कहा कि नियमित अभ्यास के बिना हिंदी भाषा का उपयोग करना आसान नहीं है क्योंकि अभ्यास ही किसी व्यक्ति को निपुण बनाता है, इसलिए किसी भी भाषा में महारत हासिल करने के लिए लगातार अभ्यास महत्वपूर्ण है। श्री के श्रीनिवास मूर्ति, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ने सभा को अपने संबोधन के दौरान विशेष रूप से हिंदी भाषी राज्यों में हिंदी भाषा के महत्व और कार्यान्वयन के बारे में बताया। उन्होंने हिंदी पखवाड़ा के दौरान विभिन्न हिंदी प्रतियोगिता आयोजित करने के लिए राजभाषा अनुभाग को बधाई दी। एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय, रांची में 14/09/2023 से 29/09/2023 तक हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया गया, जिसमें हिंदी भाषा को बढ़ावा देने के लिए हिंदी राजभाषा और सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी और कर्मचारियों के लिए हिंदी प्रस्तुति, हिंदी टिप्पण, गृहिणियों और बच्चों के लिए कविता पाठ प्रतियोगिता जैसी का आयोजन किया गया। एक विशेष पहल के रूप में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए हिंदी डिजिटल उपकरणों के उपयोग पर एक कार्यशाला का आयोजन भी किया गया।









आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**